RNI No-DELHIN/2017/75336

www.uttambharatnews.com

email:- uttambharat05@gmail.com

आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत , 2082

वर्ष : 09 अंक : 264

नई दिल्ली

शुक्रवार, 10 अक्टूबर, 2025

पृष्ठ : 12

मूल्य ₹ 3.00

@uttambharatofficial @uttambharat

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली, हरियाणा से प्रकाशित एवं चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर से प्रसारित





03 सीएमरेखा गुप्ता ने कर्तव्य पथ पर 'स्वदेशी...

06 बच्चों के भविष्य की नींव बचपन में ही...

12 भारत, ऑस्ट्रेलिया ने प्रमुख रक्षा समझौतों पर किये...


## भारत-ब्रिटेन साझेदारी ग्लोबल स्टेबिलिटी

# आर्थिक प्रगति का आधार : मोदी

### अब ब्रिटेन की 9 यूनिवर्सिटीज भारत में कैंपस खोलने जा रही हैं

नई दिल्ली, शैलेन्द्र शर्मा



मुंबई। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर भारत दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मुंबई स्थित राजभवन में अपने समकक्ष कीर स्टार्मर का स्वागत किया। इस दौरान, दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की प्रक्रिया के तहत एक बैठक की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'प्राइम मिनिस्टर स्टार्मर के नेतृत्व में भारत और ब्रिटेन के रिश्तों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इस साल जुलाई में मेरी ब्रिटेन यात्रा के दौरान हमने ऐतिहासिक 'कंप्रिहेंसिव इकोनॉमिक और ट्रेड एग्रीमेंट' पर सहमति बनाई। समझौते के कुछ ही महीनों में आपका (स्टार्मर) यह भारत दौरा और आपके साथ आया अब तक का सबसे बड़ा बिजनेस डेलिगेशन, भारत-ब्रिटेन साझेदारी में आई नई ऊर्जा और व्यापक दृष्टि का प्रतीक है। उन्होंने कहा, 'मौजूदा वैश्विक अस्थिरता के दौर में भारत और ब्रिटेन के बीच यह बढ़ती हुई साझेदारी ग्लोबल स्टेबिलिटी और आर्थिक प्रगति का एक महत्वपूर्ण आधार बन रही है।' प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान भारत और ब्रिटेन को 'नेचुरल पार्टनर' बताया। उन्होंने कहा, 'हमारे संबंधों की नींव में डेमोक्रेसी, फ्रीडम और 'रूल ऑफ लॉ' जैसे मूल्यों में साझा विश्वास है।' संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'यह बहुत खुशी की बात है कि अब ब्रिटेन की 9 यूनिवर्सिटीज भारत में कैंपस खोलने जा रही हैं। साउथेम्प्टन यूनिवर्सिटी के गुरुग्राम कैंपस का हाल ही में उद्घाटन हुआ है और छात्रों का पहला बैच प्रवेश भी ले चुका है।' पीएम मोदी ने बताया कि हमने मिलिट्री ट्रेनिंग में सहयोग पर समझौता किया है। इसके तहत भारतीय वायुसेना के 'फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर' ब्रिटेन की रॉयल एयरफोर्स में ट्रेनर्स के रूप में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की गतिशीलता और ब्रिटेन की विशेषज्ञता मिलकर एक अद्वितीय तालमेल बनाती है। हमारी साझेदारी भरोसेमंद है, टेलेंट और टेक्नोलॉजी ड्रिवन है।

#### मोदी ने इजरायल-हमास शांति समझौते पर जताई खुशी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल और हमास के बीच हुए शांति समझौते का स्वागत किया है। उन्होंने इस समझौते को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 'पीस प्लान' का हिस्सा बताते हुए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के मजबूत नेतृत्व की सराहना की। अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर एक पोस्ट में मोदी ने कहा, 'हम राष्ट्रपति ट्रंप के 'पीस प्लान' के पहले चरण पर हुए समझौते का स्वागत करते हैं। यह प्रधानमंत्री नेतन्याहू के सशक्त नेतृत्व का भी प्रतीक है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, 'हमें उम्मीद है कि बंधकों की रिहाई और गाजा के लोगों को मानवीय सहायता में वृद्धि से उन्हें राहत मिलेगी व स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त होगा। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने प्रधानमंत्री मोदी की पोस्ट पर जवाब देते हुए उनका धन्यवाद किया है।

## संक्षिप्त सार

### सभी ठोस कचरे को सड़क निर्माण में उपयोग करने की योजना: गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि साल 2027 तक देश के सभी ठोस कचरे को सड़क निर्माण में उपयोग करने की सरकार की योजना है। इस 'कचरे से धन' (वेस्ट टू वेल्थ) पहल के तहत अब तक 80 लाख टन कचरा चिह्नित कर सड़क परियोजनाओं में उपयोग किया जा चुका है। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ टिकाऊ बुनियादी ढांचे का निर्माण करना है। गडकरी ने गुरुवार को यहां पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के 120वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजना 2027 के अंत तक देश में उपलब्ध सभी ठोस कचरे का उपयोग सड़क निर्माण में करने की है। उन्होंने कहा कि हम पहले ही 80 लाख टन कचरे को अलग कर उसके माध्यम से सड़कों का निर्माण कर रहे हैं। कचरे के ढेर अब संसाधन बन रहे हैं। गडकरी ने वैकल्पिक ईंधनों पर कहा कि जैव ईंधन, इथेनॉल, हाइड्रोजन, मेथनॉल, बायोडीजल, एलएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों के क्षेत्र में नवाचारों के चलते भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहा है।





### अयोध्या में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने परिवार संग उतारी प्रभु श्रीरामलला की आरती

अयोध्या। भारत की सांस्कृतिक राजधानी कही जाने वाली प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में गुरुवार का दिन अत्यंत पावन रहा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने परिवार संग प्रभु श्रीरामलला की आरती उतारी और श्रीराम दरबार व जगज्जननी मां दुर्गा के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने कुबेर टीला स्थित देवाधिदेव महादेव का रुद्राभिषेक भी किया। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने वित्त मंत्री को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया और निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। निर्मला सीतारमण ने मंदिर के भव्य स्वरूप को देखकर आस्था और गर्व की भावना व्यक्त की। आरती के दौरान श्रीरामलला का दरबार भक्ति रस से सराबोर हो उठा। सरयू तट से आती मंद बयार और मंदिर प्रांगण में गूंजते भजनों ने वातावरण को और भी पवित्र बना दिया। वित्त मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलन के बाद आरती में शामिल श्रद्धालुओं के साथ 'जय श्रीराम' का उद्घोष किया।



### राजस्थान में केवल लूट और झूठ की सरकार : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने राजस्थान सरकार को केवल लूट और झूठ की सरकार करार देते हुए कहा है कि उसने बजट घोषणा के तहत जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन देने का काम पूरा नहीं किया है। गहलोत ने गुरुवार को अपने बयान में यह आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्थान में केवल लूट और झूठ की सरकार चल रही है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने बजट में 2024-25 के बजट में 25 लाख जल कनेक्शन जल जीवन मिशन के तहत देने की घोषणा की परन्तु केवल 9 लाख 44 हजार कनेक्शन ही दे सकी जो कांग्रेस सरकार द्वारा 2022-23 में लगाए गए 13 लाख 88 हजार एवं 2023-24 में लगाए गए 12 लाख 17 हजार से भी कम था। उन्होंने कहा कि बजट वर्ष 2025-26 में 20 लाख नल कनेक्शन देने की घोषणा की गई परन्तु आज इस बजट वर्ष के छह महीने बीत जाने के बाद भी केवल 97 हजार कनेक्शन जारी किए जा सके हैं। इस औसत से इस बजट वर्ष में केवल दो लाख कनेक्शन जारी होंगे। यह भाजपा की झूठ उजागर करता है। गहलोत ने कहा कि अब यह सामने आया है कि इस योजना को लागू कर रहे जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के छह एडिशनल चीफ इंजिनियर, तीन सुप्रिटेंडेंट इंजिनियर, 17 एक्सिएन को केवल इसलिए लम्बे समय से एपीओ किया।

## अफगान तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी पहुंचे दिल्ली

नई दिल्ल। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी गुरुवार सुबह दिल्ली पहुंचे। यह अफगानिस्तान में तालिबान शासन के किसी शीर्ष सदस्य की पहली भारत यात्रा है।

वह विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सरकार अफगान तालिबान के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय मुद्दों पर बातचीत करने के लिए उत्सुक है। अफगानिस्तान के विदेश मंत्री, मावलवी आमिर खान मुत्ताकी का नई दिल्ली आगमन पर हार्दिक स्वागत है।

हम उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। अफगानिस्तान के इस्लामिक अमीरात के विदेश मंत्रालय के जनसंपर्क प्रमुख ज़िया अहमद तकल ने कहा कि मुत्ताकी विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अन्य भारतीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगे और विभिन्न राजनीतिक, आर्थिक और व्यापारिक मुद्दों के साथ-साथ अफगानिस्तान के क्षेत्रीय संबंधों के विस्तार पर चर्चा करेंगे। मुत्ताकी मॉस्को से भारत आ रहे हैं, जहां उन्होंने भारत, चीन, पाकिस्तान, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान के अधिकारियों के साथ मॉस्को फॉर्मेट वार्ता में भाग लिया। मॉस्को फॉर्मेट परामर्श क्षेत्रीय सुरक्षा,



- **अफगानिस्तान के इस्लामिक अमीरात के विदेश मंत्रालय के जनसंपर्क प्रमुख ज़िया अहमद तकल ने कहा कि मुत्ताकी विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अन्य भारतीय अधिकारियों से करेंगे मुलाकात**

आतंकवाद निरोध, मादक पदार्थों की तस्करी और अफगानिस्तान में मानवीय स्थिति पर केंद्रित है। भारत ने अगस्त 2021 में काबुल पर कब्जा करने वाले अफगान तालिबान शासन के साथ मानवीय सहायता और व्यापारिक संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया है।

## खेलों से आत्मनिर्भर और सशक्त होगा नया उत्तर प्रदेश : सीएम योगी

झांसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी की ऐतिहासिक धरती से प्रदेश के खिलाड़ियों को आत्मनिर्भरता और सफलता का मंत्र दिया। विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित 36वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह में पहुंचे सीएम योगी ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर ही धर्म और राष्ट्र निर्माण का आधार है। इस अवसर पर उन्होंने भानी देवी गोयल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा की और कहा कि खेल अब केवल शौक नहीं, बल्कि जीवन को संवारने का सशक्त माध्यम बन चुका है। समारोह को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के शौर्य और पराक्रम की धरती पर विद्या भारती के 36वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। विद्या भारती देश में भारतीय परंपरा, संस्कृति और राष्ट्रीयता के प्रति श्रद्धा जगाने वाली अग्रणी संस्था है। 1952 में गोरखपुर में नानाजी देशमुख द्वारा स्थापित इस संस्था ने आज देशभर में 25,000 से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से भारतीय मूल्यों को बढ़ावा दिया है। उन्होंने विद्या भारती के प्रथम छात्र देवेंद्र सिंह को सम्मानित करते हुए कहा कि यह संस्था बिना सरकारी सहयोग के राष्ट्रीय आदर्शों को जीवंत रखने में सफल रही है। झांसी की यह धरती राष्ट्रीयता और शौर्य की प्रेरणा देती है। विद्या भारती के प्रयास देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सीएम योगी ने विद्या भारती की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज यह संस्था भारत की परंपरा और संस्कृति को मजबूत करने वाली अग्रणी शक्ति बन चुकी है। 1952 में गोरखपुर की धरती पर राष्ट्रऋषि नानाजी देशमुख द्वारा बोए गए बीज से आज देशभर में 25,000 से अधिक शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान संचालित हो रहे हैं। आजादी के बाद देश में सेक्युलर दिखाने की होड़ ने भारतीय मूल्यों को हाशिए पर धकेला, लेकिन विद्या भारती ने बिना सरकारी सहयोग के गांव से शहर और वनवासी क्षेत्रों तक शिक्षा का राष्ट्रीय मॉडल खड़ा किया। सीएम योगी ने कहा कि आज इस वीरभूमि में पहुंचकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।



- **जनपद की करीब 140 परियोजनाओं का शिलान्यास**
- **165 परियोजनाओं का किया लोकार्पण**

## नारायणपुर-अबूझमाड़ को महाराष्ट्र मिल का पत्थर होगा साबित

रायपुर। बस्तर अंचल को महाराष्ट्र से जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 130-डी के निर्माण को नई गति मिली है। छत्तीसगढ़ शासन ने कुतुल से नीलांगुर (महाराष्ट्र सीमा) तक 21.5 किलोमीटर हिस्से के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। इस सड़क के निर्माण के लिए न्यूनतम टेंडर देने वाले ठेकेदार से अनुबंध की प्रक्रिया शर्तों सहित पूरी करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग मंत्रालय द्वारा प्रमुख अभियंता, राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र रायपुर को दिए गए हैं। कुल तीन खंडों में निर्मित होने वाले 21.5 किलोमीटर सड़क के निर्माण हेतु लगभग 152 करोड़ रुपए न्यूनतम टेंडर दर प्राप्त हुई है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन ने मंजूरी प्रदान कर दी है।

यह उल्लेखनीय है कि कुतुल, नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में स्थित है और कुतुल से महाराष्ट्र सीमा पर स्थित नीलांगुर की दूरी 21.5 किलोमीटर है। यह नेशनल हाईवे 130-डी का हिस्सा है। इस सड़क का निर्माण टू-लेन पेव्ड शोल्डर सहित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एनएच-130डी राष्ट्रीय राजमार्ग है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 195 किलोमीटर है। यह एनएच-30 का शाखा मार्ग (स्पर रूट) है। यह कोण्डागांव से शुरू होकर नारायणपुर, कुतुल होते हुए नीलांगुर (महाराष्ट्र सीमा) तक जाता है। आगे महाराष्ट्र में यह बिंगुंडा, लहरे, धोदराज, भमरगढ़, हेमा, लकासा होते हुए आलापल्ली तक पहुँचता है, जहाँ यह एनएच-353डी से जुड़ जाता है। इस मार्ग के विकसित होने से बस्तर क्षेत्र सीधे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क से जुड़ जाएगा और व्यापार, पर्यटन एवं सुरक्षा को बड़ी मजबूती प्राप्त होगी। नेशनल हाईवे 130-डी का कोण्डागांव से नारायणपुर तक का लगभग 50 किमी हिस्सा निमार्णाधीन है। नारायणपुर से कुतुल की दूरी 50 किमी है और वहाँ से महाराष्ट्र सीमा स्थित नीलांगुर तक 21.5 किमी की दूरी है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग की कुल लंबाई 195 किमी है, जिसमें से लगभग 122 किमी का हिस्सा कोण्डागांव-नारायणपुर से कुतुल होते हुए नीलांगुर तक छत्तीसगढ़ राज्य में आता है। इस सड़क के बन जाने से बस्तर अंचल को महाराष्ट्र से सीधा और मजबूत सड़क संपर्क मिलेगा तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षित एवं सुगम यातायात सुविधा सुलभ हो सकेगी। नरेंद्र मोदी जी के सहयोग से इस नेशनल हाईवे के अबूझमाड़ इलाके में स्थित हिस्से के लिए फॉरेस्ट क्लियरेंस और निर्माण की अनुमति प्राप्त हुई, जिससे इस महत्वाकांक्षी परियोजना के निर्माण का रास्ता खुल गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग 130-डी केवल सड़क नहीं बल्कि बस्तर अंचल की प्रगति का मार्ग है।



- **नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास - मुख्यमंत्री विष्णु देव**

## रद होगा कोल्ड्रिफ बनाने वाली कंपनी का लाइसेंस

नई दिल्ली। जानलेवा 'कोल्ड्रिफ' कफ सीरप से कम कम से 22 बच्चों की मौत के बाद श्रीसन फार्मास्युटिकल्स कंपनी पर बड़ी कार्रवाई हुई है। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने गुरुवार कहा कि कोल्ड्रिफ कफ सीरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स का लाइसेंस स्थायी रूप से रद कर दिया जाएगा। इससे पहले कंपनी के मालिक जी रंगनाथन पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

दरअसल, 'कोल्ड्रिफ' कफ सीरप के मामले में एमपी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एमपी पुलिस ने स्थानीय पुलिस की मदद से श्रीसन फार्मास्युटिकल्स के मालिक एस. रंगनाथन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एस. रंगनाथन को ट्रांजिट रिमांड पर लेने के बाद एमपी के छिंदवाड़ा जिले में ले जाया जाएगा। जहां कोल्ड्रिफ' कफ सीरप पीने से सबसे अधिक मौत की पुष्टि हुई है। रंगनाथन पर नशीली दवाओं में मिलावट और औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के उल्लंघन के आरोप लगे हैं।

तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने कहा कि कोल्ड्रिफ कफ सीरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स का लाइसेंस स्थायी रूप से रद किया जाएगा। उन्होंने कहा, इस फार्मा कंपनी का लाइसेंस कुछ दिनों में स्थायी रूप से रद्द कर दिया जाएगा। श्रीसन फार्मास्युटिकल्स का लाइसेंस फिलहाल अस्थायी रूप से निलंबित है, क्योंकि अधिकारी आगे निरीक्षण और जांच कर रहे हैं।पुलिस की एक टीम कांचीपुरम के सुंगुवरचत्रम स्थित कंपनी के विनिर्माण संयंत्र का भी जांच करेगी। फिलहाल तमिलनाडु, केरल, मध्य प्रदेश, पंजाब और अरुणाचल प्रदेश सहित कई राज्यों ने कोल्ड्रिफ कफ सीरप की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे अन्य राज्यों ने भी अलर्ट जारी किया है।

## मुख्यमंत्री धामी ने प्राकृतिक आपदा में दी बड़ी राशि दान

देहरादून। सात जनपदों में ऑरेंज अलर्ट, डीएम ने अधिकारियों को जारी किया यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एल.एंड.टी. के इस सराहनीय सहयोग के लिए कंपनी के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में कॉर्पोरेट सेक्टर का यह योगदान राज्य सरकार के लिए बड़ी सहायता साबित होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लगातार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत, पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता के साथ कर रही है। ऐसे में निजी क्षेत्र की सहभागिता से इन कार्यों में और तेजी आएगी तथा प्रभावित लोगों को शीघ्र राहत पहुंचाई जा सकेगी मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड एक आपदा संवेदनशील राज्य है, जहां भौगोलिक परिस्थितियों के कारण समय-समय पर प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता है।





- **ऐसे में निजी क्षेत्र की सहभागिता से इन कार्यों में और तेजी आएगी तथा प्रभावित लोगों को शीघ्र राहत पहुंचाई जा सकेगी**

राज्य सरकार ने आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने और राहत तंत्र को और अधिक सक्षम करने के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं। इस अवसर पर एल एंड टी के निदेशक एस. वी. देसाई, कार्यकारी उपाध्यक्ष ए. आर. सोनी, डी. जी.एम. कॉरपोरेट अफेयर्स सचिन राणा और अपर सचिव मनमोहन मैनाली उपस्थित थे।

## अवैध पटाखों की वजह से हुआ स्कूटी में धमाका, कई हिरासत में

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में स्कूटी में हुए धमाके को लेकर जॉइंट पुलिस कमिश्नर आशुतोष कुमार ने बड़ा खुलासा किया है। शुरूआत में इसे बम ब्लास्ट माना गया, लेकिन जांच में पता चला कि यह अवैध पटाखों की वजह से हुआ धमाका था। इस मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है और कई दुकानों से भारी मात्रा में अवैध पटाखे बरामद किए हैं।

जॉइंट कमिश्नर आशुतोष कुमार ने पत्रकारों को बताया कि शुरूआती सूचना के आधार पर पुलिस को लगा कि स्कूटी में विस्फोटक रखकर धमाका किया गया है। इसकी गंभीरता को देखते हुए एटीएस सहित अन्य एजेंसियों को सूचित किया गया। मौके पर पहुंचकर जांच की गई तो पता चला कि स्कूटी के पास अवैध पटाखों की मंडी लगती थी। जांच में सामने आया कि धमाका कम तीव्रता वाले विस्फोटक (लो एक्सप्लोसिव) की वजह से हुआ, जो आमतौर पर पटाखों में इस्तेमाल होता है। पुलिस ने तुरंत इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान कई दुकानों से अवैध पटाखों का जखीरा बरामद हुआ। आशुतोष कुमार ने बताया कि इस मामले में करीब छह लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ये पटाखे कहां से लाए गए और इनका स्रोत क्या है। हिरासत में लिए गए लोग अपनी संलिप्तता से इनकार कर रहे हैं, लेकिन जिन दुकानों से पटाखे बरामद हुए हैं, उनके मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



- **जॉइंट कमिश्नर आशुतोष कुमार ने पत्रकारों को बताया कि शुरूआती सूचना के आधार पर पुलिस को लगा कि स्कूटी में विस्फोटक रखकर धमाका किया गया है**

**शिक्षा यात्रा** — श्रीकृष्ण गुरूकुल शिक्षा यात्रा ज्ञान-संस्कार और भक्ति का अद्भुत संगम

## भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियों को संजोने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीकृष्ण गुरूकुल शिक्षा यात्रा में शामिल सभी संतों, तीर्थ पुरोहित महासंघ, धर्म यात्रा महासंघ और विश्व हिंदू परिषद का अभिनंदन करते हुए कहा कि आज उज्जैन एक अद्भुत क्षण का साक्षी बन रहा है। यात्रा में सम्मिलित सभी सहभागी उस मार्ग पर चलकर आए हैं, जिस पर हमारे आराध्य श्रीकृष्ण शिक्षा ग्रहण करने के लिए मथुरा से उज्जैन स्थित आचार्य सांदीपनी के आश्रम पधारे थे। संतगण को उस पावन मार्ग से गुजरने का अवसर मिला, जहां श्रीकृष्ण की चरणरज पड़ी थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मथुरा से आरंभ श्रीकृष्ण गुरूकुल शिक्षा यात्रा के उज्जैन में आयोजित समापन समारोह को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि मथुरा से 5 अक्टूबर को आरंभ हुई यात्रा जयपुर, कोटा, झालावाड़ और आगरा होते हुए उज्जैन पहुंची थी। उज्जैन के समापन कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद उमेशनाथ महाराज, विश्व हिन्दू परिषद के केन्द्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह, तीर्थ पुरोहित महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रयागनाथ चतुर्वेदी उपस्थित रहे। हमारी संस्कृति हमें समाज और सृष्टि के कल्याण के लिए जीना सिखाती है मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सांदीपनी आश्रम गुरू-शिष्य परम्परा की अनादि महिमा का साक्षात प्रतीक है। जहां हर कण में श्रीकृष्ण की विनम्रता, बलराम की शक्ति और सुदामा की भक्ति समाई हुई है। हमारे गुरूकुल आदि काल से भारतीय ज्ञान परम्परा का अभिन्न अंग हैं। सांदीपनी आश्रम में भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा पाई और संसार को गीता का उपदेश देकर योगीराज बने। हमारी सनातन संस्कृति का परम ज्ञान परमार्थ है। हमारी संस्कृति हमें समाज और सृष्टि के कल्याण के लिए जीना सिखाती है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर ग्रामवासियों की रक्षा की और कुरूक्षेत्र में अर्जुन को गीता के माध्यम से धर्म और कर्तव्य का मार्ग दिखाया। उनका सारा जीवन समाज और धर्म की रक्षा के लिए था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीकृष्ण गुरूकुल शिक्षा यात्रा ज्ञान, संस्कार और भक्ति का अद्भुत संगम है। यह यात्रा नई पीढ़ी में नैतिकता, आत्मविकास और भारतीय संस्कृति का दीप प्रज्जवलित करने का प्रयास है। राज्य सरकार भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियों को संजोने का कार्य कर रही है। श्रीकृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन, श्रीकृष्ण और सुदामा का मैत्री स्थल ग्राम नारायणा, रूक्मिणी वरण के स्थल धार जिले के अमझेरा और विनम्रता का संदेश देने वाले स्थल जानापाव (इंदौर) को तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा। श्रीकृष्ण पाथेय के मार्ग पर आने वाले वन, जल संरचनाओं और उद्यानों का भी संरक्षण किया जाएगा। प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए वृंदावन गांव बनाने का निर्णय लिया गया है।



- **दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में बनेंगे वृंदावन गांव**
- **सहभागी उस मार्ग पर चलकर आए हैं, जिस पर हमारे आराध्य श्रीकृष्ण शिक्षा ग्रहण करने के लिए मथुरा से उज्जैन स्थित आचार्य सांदीपनी के आश्रम पधारे थे**

P-02:28 paga09_jhn.qxd 10/9/2025 9:53 PM Page 1



# महिलाओं और छात्राओं को आत्म रक्षा के लिए रायसत्ती पुलिस ने किया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मिशन शक्ति फेज़ 5.0/एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गांव नाहरठेर थाना रायसत्ती जनपद संभल में चौपाल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं/छात्राओं को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें समझाया गया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है। तत्पश्चात वहाँ पर उपस्थित सभी महिलाओं की समस्या सुनकर उनका निस्तारण कराने के लिए आवेदन लिये गये एवं उनको महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उपनिरीक्षक सचिन कुमार, हे.का.सोमपाल सिंह, हे.का. विकास गिरी, हे.का.हरिराम सिंह, का.सुनील कुमार, का.पीयूष शर्मा, म.का.सोनम, म.का.प्रियंका व थाना रायसत्ती पुलिस मौजूद रही।

# सड़कों पर रखा गया सामान किया जब्त, वाहनों के कराये चालान




*** नगर निगम ने त्यौहारों के दृष्टिगत विभिन्न क्षेत्रों में चलाया अतिक्रमणरोधी चालान**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** दीपावली सहित विभिन्न पर्वो तथा जैन समाज की रथयात्रा को दृष्टिगत रखते हुए नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाया गया। थाना कोतवाली पुलिस भी साथ रही। इस दौरान सड़क पर फैलाकर रखा गया सामान भी जब्त किया गया और अनेक अतिक्रमणकारी दुकानदारों से करीब साढ़े तीन हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। टैअफिक पुलिस की सहायता से अव्यवस्थित रुप से इधर-उधर खड़ी एक दर्जन गाड़ियों के चालान भी किये गए।

नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में पुल खुमरान से जोगियान पुल तक सड़कों से अतिक्रमण हटवाया गया। अभियान के अंर्तगत स्थायी व अस्थायी अतिक्रमण हटवाया गया तथा अव्यवस्थित रूप से सड़क पर खड़ी गाड़ियों के भी चालान किये गए। इस दौरान अनेक दुकानों के बाहर सड़क पर फैलाकर रखा गया सामान जब्त किया गया। जिसमें काउंटर, फलों की खाली टोकरियां, लोहे के जाल व लोहे के बने हुए स्टैंड, लोहे के खंभे और तीन ठेलियां जब्त की गयी। पांच दुकानदारों से साढ़े तीन हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस की मदद से तीन मोटरसाइकिल व 11 कारों का मौके पर चालान कराया गया। अभियान में ट्रैफिक सबइंस्पेक्टर अमित तोमर भी शामिल रहे।

इसके अलावा जैन समाज के रथोत्सव को ध्यान में रखते हुए रायवाला से रानीबाजार होते हुए हलवाई हट्टे तक सड़कों पर लटके बैनर व सड़क पर फैली तिरपाल आदि भी हटवाई गयी। इस दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग, संपत्ति सुरक्षा अधिकारी हरिप्रकाश कसाना व प्रवर्तन दल के जवान मौजूद रहे।

# एसएसपी ने 258 प्रतिभागियों से की व्यापारी सुरक्षा और महिला सुरक्षा को लेकर मंत्रणा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** व्यापारी सुरक्षा तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम को लेकर आज श्लोक कुमार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में शहर के बृजवासी रॉयल होटल में जनपद के व्यापार मंडल के पदाधिकारीगण, अस्पताल प्रबंधक, महिला छात्रावास प्रबंधन, कॉलेज प्रबंधन तथा उद्योग मंडल के प्रतिनिधियों के साथ कॉन्फ्रेंस की गई। कॉन्फ्रेंस में प्रतिभागियों के द्वारा यातायात प्रबंधन, पुलिस पिकेट एवं गश्त प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ किए जाने पर बल दिया गया। श्री अपर पुलिस अधीक्षक नगर राजीव कुमार सिंह द्वारा व्यापारियों से पुलिस प्रशासन का सहयोग किये जाने की अपील की तथा अपराध एवं अपराधियों की सूचना तत्काल दिए जाने की बात कही। वहीं कॉन्फ्रेंस में सुरेश चंद्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा हेल्पलाइन के संबंध में तथा अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरा के व्यवस्थापन का अनुरोध प्रतिभागियों से किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों या संस्थाओं पर सीसीटीवी कैमरा को कवरेज शत प्रतिशत किए जाने तथा पटाखा दुकानदारों से निर्धारित नियमों का पूर्णता पालन किए जाने तथा छात्रावास अस्पताल उद्योग कॉलेज इत्यादि समस्त संस्थानों में जहां महिलाएं एवं बच्चियों का आवागमन होता है। वहां उनकी निजता को ध्यान रखते हुए अन्य स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे को कवरेज पूर्णतः किए जाने हेतु कहा गया। उक्त कॉन्फ्रेंस में सहायक पुलिस अधीक्षक कोतवाली आसना चौधरी, क्षेत्राधिकारी रिफाइनरी श्वेता वर्मा सहित लगभग 258 प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया।

# स्माजवादी पार्टी ने मनाया कांशीराम का परिनिर्वाण दिवस कार्यक्रम



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** समाजवादी पार्टी की बैठक बालाजी धाम चंदौसी में संपन्न हुई। बैठक में मान्यवर काशीराम का परनिर्माण दिवस मनाया गया। जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी जिला महासचिव कृष्ण मुरारी एवं प्रत्याशी रही। चंदौसी विमलेश कुमारी एवं लडडन मियां जिले के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता कार्यकर्ताओं ने मान्यवर काशीराम के चित्र पर माला अर्पण कर पुष्प अर्पित करी। जिला अध्यक्ष ने कहा की मानवार काशीराम पिछड़े दलित अल्पसंख्यकों के मसीहा थे वह 21 सदी के नायक थे

उन्होंने बहुजन समाज को पीड़ा को समझ कर राजनीति में साझेदारी दिलवाने का काम किया काशीराम ने कमजोर व सभी लोगों को ताकत देने का काम किया। उनकी लड़ाई लड़ने का काम किया उन्होंने कहा श्रद्धेय नेताजी ने मान्यवर काशीराम जी को लोकसभा भेजने का काम किया। बैठक को संबोधित पूरन लाल मौय, उमेश यादव, भावना सक्सेना, अमर सिंह यादव, कामरेड रेवाराम, मुन्ना लाल मौर्य, शोभित कुमार काका, मास्टर आकिल, गुलशन राय, ओम प्रकाश प्रजापति एडवोकेट, सुभाष वाल्मीकि, रत्नेश भारती, वीरपाल यादव, आसिफइकबाल, सलीम राईन, राजीव रस्तोगी, इंद्रजीत यादव, मान कौर, सुनीता यादव, सीमा गुप्ता, विमलेश देवी आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने की संचालन जिला महासचिव कृष्ण मुरारी संख्यधर ने किया।

# परीक्षा को शान्ति एवं शुचितापूर्ण ढंग से कराएं सम्पन्न कराने में अन्तरीक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण - जिला मजिस्ट्रेट

**सभी अन्तरीक्षक सौंपे गये उत्तरदायित्वों का करें निर्वहन, समय से पंहुचे परीक्षा केन्द्रों पर जनपद में 12 अक्टूबर को 24 केन्द्रों पर दो पालियों में होगी परीक्षा, 10848 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल की अध्यक्षता में जनमंच सभागार में 12 अक्टूबर 2025 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कराई जाने वाली सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा तथा सहायक वन संरक्षक, क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2025 परीक्षा के संबंध में 1177 अन्तरीक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि सभी अन्तरीक्षक समय से परीक्षा केन्द्रों पर पंहुचें तथा सीटिंग प्लान एवं प्रवेश पत्र से मिलान कर अभ्यर्थियों को आवंटित स्थान पर ही बैठाएं। सभी सौंपी गयी जिम्मेदारियों एवं उत्तरदायित्वों का पूर्ण अनुपालन करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि अन्तरीक्षक की भूमिका परीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होने निर्देश दिए कि निर्धारित प्रक्रियानुसार परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्षता एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए लगन, सजगता, आत्मानुशासन एवं समयबद्धता से सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। परीक्षा को पूर्व परीक्षाओं की भांति पूरी पारदर्शिता के साथ नकलविहीन संपन्न करायी जाये। इसकी संवेदनशीलता, शुचिता एवं पारदर्शिता किसी भी स्तर पर भंग न हो, यदि कोई भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी।

अवगत कराना है कि 12 अक्टूबर को जनपद में 24 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संपादित होगी। परीक्षा दो पालियों में पूर्वान्ह 09:30 से 11:30 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 02:30 से 04:30 बजे तक होगी। 10848 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

परीक्षा के लिए निर्धारित 24 केन्द्र राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज लिंक रोड, सियाराम इण्टर कॉलेज दिनारपुर गागलहेडी, बीडी बाजोरिया इण्टर कॉलेज बेहट रोड, जेवी जैन इण्टर कॉलेज मातागढ कलसिया रोड, इस्लामिया इण्टर कॉलेज ब्लॉक ए ईदगाह रोड, गुरूनानक इण्टर कॉलेज अंबाला रोड, एसएएम इण्टर कॉलेज देहरादून रोड, राजकीय इण्टर कॉलेज नेहरू मार्किट, बीएचएस इण्टर कॉलेज मिशन कम्पाउण्ड, आर्य कन्या इण्टर कॉलेज मटियामहल, जेबीएस हिन्दू कन्या इण्टर कॉलेज रायवाला, गुरूनानक गर्ल्स इण्टर कॉलेज गांधी पार्क, इण्डस्ट्रीयल मुस्लिम गर्ल्स इण्टर कॉलेज आतिशबाजान कम्बोह का पुल, गौरी शंकर इन्द्रपाल सिंह इण्टर कॉलेज दिल्ली रोड, श्री दिगम्बर जैन कन्या इण्टर कॉलेज छत्ता बारूमल, मुन्नालाल एण्ड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज चिलकाना रोड, जेवी जैन कॉलेज प्रद्युमन नगर, महाराज सिंह कॉलेज चकराता रोड, सावित्री बाई फुले राजकीय महिला पॉलिटेक्निक देहरादून रोड, दया चन्द जैन इण्टर कॉलेज अंबाला रोड, रमाबाई राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज कोटा, जगदीश प्रसाद आदर्श विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज कोटा मडकी रोड, जनता रोड इण्टर कॉलेज रेलवे रोड नागल एवं किसान विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज बेहट रोड।

# संस्कृति विश्वविद्यालय के छात्रों ने छाता और रान्हेरा में फैलाई साइबर जागरूकता




**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के पॉलिटेक्निक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा डिजिटल जागरूकता और साइबर सुरक्षा पर ग्रामीण क्षेत्रों में एक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान गावों में कार्यक्रम भी आयोजित किए गए और लोगों की शंकाओं का भी समाधान किया गया।

यह कार्यक्रम छाता, रन्हेरा गाँव और श्री प्रेम चंद्रावती इंटर-कॉलेज की चहल-पहल भरी गलियों में आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल में डिप्लोमा प्रथम वर्ष के छात्रों राहुल, सचिन, अंकित कुमार, करण सिंह, लखन सिंह, तरुण और निखिल शर्मा द्वारा प्रस्तुत एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने धोखाधड़ी वाले लिंक, ओटीपी शेयरिंग और डिजिटल घोटालों के जोखिमों पर विस्तार से जानकारी दी। श्री प्रेम चंद्रावती इंटर-कॉलेज में, छात्रों जितेंद्र, दिव्यांशु कुमार, नावेद, अनुज उपाध्याय और अंजलि तोमर ने साइबर स्वच्छता और सुरक्षा पर उपयोगी भाषण दिए। इसके बाद स्कूली छात्रों के साथ एक संवादात्मक शंका-समाधान सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संयोजन और संचालन अंग्रेजी की सहायक प्रोफेसर सुश्री शुभ्रा पांडे ने किया और समन्वय अजय अग्रवाल ने किया। पॉलिटेक्निक विभाग के प्राचार्य डॉ. पंकज सारस्वत ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा, कि इस कार्यक्रम ने हमारे छात्रों को कक्षा से परे व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया है। डिजिटल सुरक्षा समय की मांग है, और विद्यार्थियों के इस सराहनीय कार्य के लिए उनको बधाई देता हूं।

सुश्री पांडे के नेतृत्व, श्री अग्रवाल के समन्वय और छात्र नेताओं सूरज भारद्वाज, दीपक और तरुण बरोलिया के सहयोग से, इस कार्यक्रम ने न केवल साइबर अपराध के बारे में जागरूकता फैलाई, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सहभागिता के प्रति संस्कृति विश्वविद्यालय की दृढ़ प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया।

# गौस पाक के उर्स मे सईद अख्तर ईसराइली ने अमन शांति के लिए की चादर पोशी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** गौस पाक के परम्परागत सालान उर्स मे पहुचकर सपा जिला सचिव ने चादर पोशी करते हुए मुल्क और शहर मे अमन शांति एवं खुशहाली को दुआ मांगी।

गुरूवार को समाजवादी पार्टी के जिला सचिव एवं समाजसेवी सईद अख्तर ईसराइली अपने कार्यकर्ताओं के साथ नगर के चमन सराय स्थित दरगाह हज़रत मियां मीरन शाह मे गौसे पाक के झण्डे मुबारक पर मनाये जा रहे सालाना उर्स के मौके पर चादर पोशी करते हुए मुल्क और शहर मे अमन शांति एवं भाईचारे को दुआ मांगी। सईद अख्तर ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि मुल्क और अमन शांति होगी तो खुशाहाली होगी। अल्लाह पाक अपने नेक वलियों के सदके तमाम जायज़ तमन्नाओं को पूरा करता है। इस मौके पर उर्स मे इंतेज़ामिया कमेटी की ओर से दोपहर मे अकीदतमन्दों मे लंगर का वितरण किया गया। जबकि रात को महफिले नात ख्वानी का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ0 लियाकत अली, जब्बार एडवोकेट, गयूर अहमद एडवोकेट, सरफराज़ नवाज़ एडवोकेट, मौहम्मद नवाज़ एडवोकेट, रूवैद आलम उर्फ बब्लू, ज़की खां साबरी, भूरा पहलवान साबरी, मौ0 अकीब, फहीम मसूदी, अब्दुल्ला, काशिफ, आलिम आदि मौजूद रहे।

# हाई पावर कमेटी और सेवायतों के मध्य गतिरोध जारी, श्रद्धालु परेशान

*** सख्त रुख अपनाने से कतरा रही कमेटी**

*** दर्शनों का समय बढ़ाने को लेकर अगली बैठक दीपावली के बाद**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** जन-जन के आराध्य ठाकुर श्री बांके बिहारी महाराज के दर्शनो को देश विदेश से हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर पहुंचकर दर्शनों का लाभ उठाते हैं। लेकिन मंदिर में व्याप्त दशकों पुरानी अव्यवस्थाओं से कई बार श्रद्धालु ठाकुर जी के दर्शनों से वंचित रह जाते हैं साथ ही अक्सर यहां भगदड़ एवं अन्य कारणो से दुर्घटनाएं होती रहती हैं। इन्हीं अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए सरकार ने प्रयास आरंभ किए लेकिन सेवायातो के साथ सरकार का सामजस्य नहीं बन पाया और मामला सुप्रीम कोर्ट चला गया। सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्थाओं के लिए हाई पावर मैनेजमेंट कमेटी गठित की। हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अशोक कुमार को कमेटी का अध्यक्ष तथा जिला जज,जिलाधिकारी, एसएसपी, सिविलजज, नगर आयुक्त, विप्रा उपाध्यक्ष एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों सहित चार सेवायतों को कमेटी का सदस्य बनाया गया।

11 सितंबर को कमेटी की पहली बैठक में प्रतिदिन पौने तीन घंटे दर्शन का समय बढ़ाने, मंदिर में ज़100 की पर्ची के जरिए वीआइपी दर्शन की व्यवस्था खत्म करने, वर्तमान सिक्योरिटी एजेंसी हटाकर सेवानिवृत्त सैनिकों की एजेंसी लगाने और मंदिर भवन का आईआईटी रुड़की से आंतरिक स्ट्रक्चर ऑडिट करने पर सहमति बनी। लेकिन सेवायत दर्शनों का समय बढ़ाने को तैयार नहीं हुए। ऐसी स्थिति में दर्शनों को आए श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कमेटी सचिव व जिलाधिकारी सीपी सिंह ने 1 अक्टूबर को पत्र जारी कर दर्शनों का समय बढ़ाने के प्रयास किए लेकिन सेवायतो ने हठ नहीं छोड़ी। 7 अक्टूबर को कमेटी ने फिर बैठक बुलाई लेकिन तीन सेवायत बैठक से नदारद रहे। ऐसी स्थिति में कोई भी निर्णय नहीं हो सका। अध्यक्ष व सेवानिवृत्त न्यायाधीश अशोक कुमार ने बताया कि सेवायत हठधर्मिता दिखा रहे हैं ऐसी स्थिति में जहां श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वही कमेटी के कार्य सुचारू नहीं हो पा रहे हैं। अगली कमेटी बैठक दीपावली के बाद होगी जिसमें दर्शनों का समय बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। कमेटी अध्यक्ष ने मार्मिक अपील करते हुए कहा की सेवायत हठधर्मिता छोड़कर निष्ठा पूर्वक ठाकुर जी की सेवा करें। कमेटी का मकसद सेवा में खलल डालना नहीं बल्कि सेवा को और अच्छा बनाने के लिए है। हम ठाकुर जी की प्रेरणा एवं कृपा से सेवा कर रहे हैं।

# नौहझील पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी लगभग 5 करोड़ की हीरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** नौहझील पुलिस और एसटीएफ टीम ने यमुना एक्सप्रेसवे पर संयुक्त कार्रवाई कर दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक किलो 45 ग्राम हेरोइन और एक स्कूटी बरामद हुई है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग पांच करोड़ रुपए है। पुलिस ने इनके पास से विदेशी नोट, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और नकदी भी बरामद की है। इस आशय की जानकारी गुरुवार एसपी देहात ने दी है।

गुरुवार एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि बुधवार तस्करी की सूचना मिलने के बाद एएनटीएफ टीम को सक्रिय किया गया था। बुधवार देरसायं मुखबिर से सूचना मिली कि गुरुग्राम निवासी वकार उर्फ साहिल और दिल्ली सीलमपुर निवासी फैजान स्कूटी से हेरोइन लेकर बाजना कट की ओर आ रहे है, पुलिस ने बाजना कट के पास घेराबंदी कर मोरकी इंटर कॉलेज के समीप दोनों को रोका। पूछताछ में आरोपितों ने हेरोइन सप्लाई करने की बात स्वीकार की। तलाशी के दौरान, स्कूटी की डिग्गी से एक बैग मिला, जिसमें दो पैकेट रखे थे। जांच करने पर दोनों पैकेट में हेरोइन पाई गई। एक पैकेट का वजन 526 ग्राम और दूसरे का 519 ग्राम था, जिससे कुल एक किलो 45 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसकी अनुमानित कीमत लगभग पांच करोड़ रुपये बताई जा रही है वही पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में गुरुग्राम निवाशी वकार उर्फ साहिल ने बताया कि वह पिछले कई वर्षो से अमन नामक सप्लायर के संपर्क में है, जो दिल्ली और गुरुग्राम में हेरोइन की सप्लाई करता है। वकार छतरपुर निवासी अमन नीग्रो से मादक पदार्थ लेता था और फैजान के साथ मिलकर उसे आगे पहुंचाता था। पुलिस ने दोनों आरोपपियों के मोबाइल फोन और दस्तावेजों से कई महत्वपूर्ण सुराग हासिल किए हैं। पुलिस द्वारा तस्करों के इस नेटवर्क को तोड़ने के लिए आगे की कार्रवाई जारी है पुलिस जल्द ही अन्य साथियों को भी गिरफ्तार करेगी। इस सफलता में पुलिस टीम में निरीक्षक हरवेन्द्र मिश्रा ए.एन.टी.एफ. यूनिट आगरा, . थानाध्यक्ष नौहझील सोनू कुमार, उनि गौरव शर्मा ए.एन.टी.एफ. यूनिट, थाना नौहझील के उनि अंकित कुमार, मुआ सुधीर कुमार ए.एन.टी.एफ. यूनिट, अजीत कुमार, लखन लाल, आरक्षी प्रेम नारायन, वसीम अकरम, चालक मुकेश चन्द्र के अलावा नौहझील पुलिस के कांस्टेबल आदि शामिल रहे।

# मुठभेड़ में मारे गए एक लाख के इनामी की मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल द्वारा उप जिला मजिस्ट्रेट सदर सुबोध कुमार को थाना क्षेत्रान्तर्गत गागलहेडी एवं सरसावा में हुई मुठभेड के लिए मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश दिये गये है। इसके संबंध में जनसाधारण एवं परिजनों को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में किसी भी व्यक्ति को मौखिक अथवा लिखित साक्ष्य देने हो तो वह 18 अक्टूबर 2025 तक प्रत्येक कार्यालय दिवस में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक उप जिला मजिस्ट्रेट सदर सुबोध कुमार के कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। अवगत कराना है कि पांच एवं छह अक्टूबर 2025 की रात्रि थाना क्षेत्रान्तर्गत गागलहेडी एवं सरसावा में दो शातिर लुटेरें व पुलिस बल के बीच हुई मुठभेड में घायल थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा एवं पुलिस बल द्वारा आत्मरक्षा में की गई न्यूनतम फायरिंग में घायल हुए एक बदमाश जिसको प्राथमिक उचार हेतु राजकीय मेडिकल कॉलेज पिलखनी सहारनपुर में भेजा गया,।

# क्षेत्र का विकास करना सबसे बड़ी प्राथमिकता : योगेश पुंडीर



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बेहट।** ब्लॉक मुजफ्फराबाद क्षेत्र के गांव पाजराणा में क्षेत्र पंचायत निधि के तहत बन चुके नाला निर्माण सीसी रोड का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुंडीर द्वारा ग्रामीणों के साथ मौके पर जाकर देखा गया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया और गांव में कराए गए विकास कार्यो के लिए उनका आभार प्रकट किया गया।

बुधवार को ब्लॉक प्रमुख राखी पुंडीर के प्रतिनिधि योगेश पुंडीर द्वारा ब्लॉक मुजफ्फराबाद क्षेत्र के गांव पाज़राणा में ग्राम प्रधान चौधरी हारून के आवास पर पहुंचे और हज उमराह कर के आई ग्राम प्रधान की माता से मिले और उनका सिर पर हाथ रखवाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस के बाद उन्होंने क्षेत्र पंचायत निधि के तहत बनकर तैयार हो चुकी सीसी सड़क और नाले निर्माण को देखा।

इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए योगेश पुंडीर ने कहा कि क्षेत्र का विकास करना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। वह बिना किसी भेदभाव के सभी गांवों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलवाने का काम कर रहे है। जिसमें आवास योजना, अमृत सरोवर, सीसी निर्माण, नाला निर्माण, पुलिया निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र, सरकारी गल्ले की दुकान आदि योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि गांव के बीच से पड़ने वाली सहस्रा नदी के पुल और बेंचिंग का काम जल्दी बनवाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया है।दिग्राम प्रधान चौधरी हारुन ने कहा कि गांव के विकास के लिए वह लगातार प्रयासरत रहते हैं। जिसके लिए उन्हें ब्लॉक प्रमुख योगेश पुंडीर का बहुत सहयोग प्राप्त हुआ है उन्होंने कहा कि ब्लाक प्रमुख योगेश पुंडीर ने गांव में बिना किसी भेद भाव के दर्जन भर सीसी रोड नला निर्माण, तथा मरे हुए मुस्लिम लोगों के जनाजे की नमाज पढ़ने के लिए चबूतरा चार दिवारी निर्माण कराने का काम किया है जिसके वह आभारी है उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि जो काम उन्होंने गांव में कराए है उनके कामों का अहसान आने वाले चुनाव में उतार ने का काम करे। कार्यक्रम में भाजपा के जिला महामंत्री सुशील कांबोज , ठाठ सिंह, दुष्यंत पुंडीर, काका राणा, सागर राणा , चौधरी यूसुफ, ग़ालिब, चौधरी जमशेद चौधरी नवाब चौधरी मारूफ शौकीन रमजानी सहकारी समिति के चेयरमैन किरात राणा सौरभ राणा रोहित राणा विवेक कांबोज अमन राणा विवेक कांबोज राजकुमार चौधरी मोहसिन चौधरी महताब फारुख अशरफ सोनू इंतजार खान अमर सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति धनगांव का निरीक्षण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने गुरुवार विकास खंड मथुरा की बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति धनगांव का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समिति के अभिलेखों, गोदामों और संचालन प्रणाली का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समिति के कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अभिलेखों में सुधार करने और कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने समिति से खरीदे गए खाद के बारे में किसान चंद्रपाल से फ़ोन से वार्ता की तथा जानकारी ली कि उसके द्वारा खाद क्रय किया गया है या नहीं। किसान चंद्रपाल द्वारा अवगत कराया गया कि उसके द्वारा ही खाद क्रय किया गया है। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने ओवररेटिंग के बारे में पूछताछ की तथा खाद, बीज, उर्वरक आदि की समस्या के विषय में जानकारी भी ली।

# सो रहे पति पर डाला खौलता तेल, फिर जख्मों पर छिड़की लाल मिर्च

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के अंबेडकर नगर थाना क्षेत्र में बहुत ही चौंकाने व दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां मदनगीर में रहने वाला दिनेश जब अपने घर में सो रहा था, तभी उसकी पत्नी ने उस पर खौलता तेल डाल दिया और जब जख्म हो गए तो आरोपी पत्नी ने उन पर लाल मिर्च पाउडर डाल दिया। इससे दिनेश की चीखें निकल गईं और फिर सन्नाटा छा गया। पड़ोसियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि पति व पत्नी दोनों का सीएडब्ल्यू सेल में विवाद चल रहा था। घरेलू विवाद के चलते उसने इस घटना को अंजाम दिया हैं। आरोपी पत्नी को बुधवार शाम तक गिरफ्तार नहीं किया गया था। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार 3 अक्तूबर को एक 28 वर्षीय दवा कंपनी के कर्मचारी को गंभीर रूप से झुलसी हालत में सफदरजंग अस्पताल लाया गया और उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया। उसी दिन अंबेडकर नगर पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार वह व्यक्ति दिनेश था। जांच में पता लगा कि पत्नी ने सुबह करीब 3 बजे सोते समय उस पर गर्म तेल डाल दिया। उस समय घर में दंपती की आठ साल की बेटी भी मौजूद थी। दिनेश ने पुलिस को बताया कि वह 2 अक्तूबर को काम से देर रात घर लौटा, खाना खाया और सोने चला गया। उसने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि पत्नी और बेटी पास में ही सो रही थीं। लगभग सवा तीन बजे मुझे अचानक पूरे शरीर में तेज जलन महसूस हुई। मैंने देखा कि मेरी पत्नी खड़ी होकर मेरे धड़ और चेहरे पर खौलता हुआ तेल डाल रही है। इससे पहले कि मैं उठ पाता या मदद के लिए पुकार पाता, उसने मेरे जले हुए हिस्से पर लाल मिर्च पाउडर छिड़क दिया। जब उसने विरोध किया तो उसकी पत्नी ने पलटकर कहा कि अगर शोर मचाया तो और गरम तेल डाल दूंगी। लेकिन दिनेश दर्द के चलते अपनी चीखें नहीं रोक सका।

● पड़ोसियों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि पति व पत्नी दोनों का सीएडब्ल्यू सेल में विवाद चल रहा था। घरेलू विवाद के चलते उसने इस घटना को अंजाम दिया हैं। आरोपी पत्नी को बुधवार शाम तक गिरफ्तार नहीं किया गया था। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार 3 अक्तूबर को एक 28 वर्षीय दवा कंपनी के कर्मचारी को गंभीर रूप से झुलसी हालत में सफदरजंग अस्पताल लाया गया

**पड़ोसी आए बचाने-**

शोर सुनकर पड़ोसी और नीचे वाली मंजिल पर रहने वाले उसके मकान मालिक का परिवार दौड़कर घर पहुंचा। मकान मालिक की बेटी अंजलि उन लोगों में से एक थी जो दौड़कर उसे देखने आई। उसने बताया कि मेरे पिता ऊपर गए और देखा कि क्या हो रहा है। दरवाजा बंद था। उनकी (पीड़ित) पत्नी ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था। हमने उनसे दरवाजा खोलने को कहा। जब दरवाजा खुला तो हमने देखा कि वह दर्द से तड़प रहे थे और उनकी पत्नी घर के अंदर छिपी हुई थी।

**अस्पताल में भर्ती कराया-**

अंजलि ने बताया कि जब उनके पिता ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो महिला ने उन्हें बताया कि वह अपने पति को अस्पताल ले जा रही है। लेकिन जब वह उनके साथ बाहर आईं तो वह विपरीत दिशा में चली गईं। हमें शक हुआ। मेरे पिता ने उन्हें रोका, एक ऑटो का इंतजाम किया और दिनेश को अकेले अस्पताल ले गए। दिनेश को पहले पास के एक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसके सीने, चेहरे और हाथों पर गहरे जले हुए निशान देखकर डॉक्टरों ने उसे सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट में उसकी चोटों को खतरनाक बताया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### कड़कड़डूमा कोर्ट में साइबर लाइब्रेरी का उद्घाटन



दिल्ली/ उत्तम भारत संवाददाता। न्यायपालिका की डिजिटल पहुंच और सुविधा को बढ़ाते हुए, पूर्वी जिला न्यायालय परिसर, कड़कड़डूमा में डी-ब्लॉक स्थित साइबर लाइब्रेरी का नवीनीकरण किया गया, जिसका उद्घाटन 08.10.2025 को किया गया। इस अवसर पर, पूर्वी जिला के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजीव जैन, उत्तर-पूर्वी जिला की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुखविंदर कौर और शाहदरा जिला के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजय शर्मा-1 ने संयुक्त रूप से लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। यह नवीनीकृत साइबर लाइब्रेरी अधिवक्ताओं, न्यायाधीशों और कोर्ट के कर्मचारियों को कानूनी शोध और ई-पुस्तकों तक पहुंचने के लिए आधुनिक डिजिटल संसाधन उपलब्ध कराएगी। इस कदम से न्यायिक प्रक्रिया में दक्षता और गति आने की उम्मीद है। कड़कड़डूमा कोर्ट कॉम्प्लेक्स के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह पहल डिजिटल इंडिया मिशन के तहत न्यायपालिका को और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लाइब्रेरी के उद्घाटन के दौरान कोर्ट के अन्य अधिकारी, बीसीडी के चेयरमैन, सचिव, अन्य सदस्य और बार एसोसिएशन के सदस्य भी मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर सवारों ने एएसआई को पीटकर किया अधमरा, वाहन मालिक गिरफ्तार

नई दिल्ली। द्वारका नार्थ इलाके में चालान के लिए एक ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास करना यातायात विभाग में तैनात एएसआई राजकुमार को भारी पड़ गया। इससे नाराज ट्रैक्टर मालिक ने दो साथियों के साथ एएसआई की लाठी डंडे से पिटाई कर दी। सिर पर डंडा लगने से एएसआई बेहोश हो गए। मौके पर पहुंचे बिंदापुर थाना के एक सिपाही ने उन्हें हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया। ट्रैक्टर मालिक को मौके पर ही दबोच लिया गया। दो अन्य आरोपी फरार हो गए। पुलिस मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। राजकुमार सपरिवार पालम कॉलोनी में रहते हैं। वह दिल्ली यातायात विभाग में एएसआई के पद पर कार्यरत हैं और उनकी तैनाती द्वारका सर्किल में है। द्वारका नार्थ थाने में दर्ज प्राथमिकी में राजकुमार ने बताया कि 6 अक्तूबर को उनकी तैनाती अन्य पुलिसकर्मियों के साथ द्वारका मोड़ एनएसयूटी रोड पर थी।

### टीएचई वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स-2026 में आईपीयू ने बनाई जगह

नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू), दिल्ली ने वैश्विक शिक्षा जगत में अपनी पहचान मजबूत करते हुए टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स-2026 में 801-1000 बैंड में जगह बनाई है। यह विश्वविद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जिसने पहली बार इन प्रतिष्ठित रैंकिंग्स में प्रवेश किया है। इस रैंकिंग के साथ आईपीयू अब विश्व के शीर्ष एक हजार विश्वविद्यालयों और भारत के शीर्ष 28 संस्थानों की सूची में शामिल हो गया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, शोध गुणवत्ता और सामाजिक योगदान की दिशा में निरंतर प्रयासों का प्रमाण है।

## दिवाली स्वदेशी वाली का संकल्प लेने की बात कही

# सीएम रेखा गुप्ता ने कर्तव्य पथ पर 'स्वदेशी उत्सव' का किया शुभारंभ

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कर्तव्य पथ पर 'स्वदेशी उत्सव' का शुभारंभ किया। यह आयोजन भारत के आत्मविश्वास, परंपरा और स्वाभिमान का उत्सव है। इस स्वदेशी उत्सव का आयोजन दिल्ली सरकार किया गया है। मुख्यमंत्री ने यह जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर साझा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश से आह्वान किया है कि हम स्वदेशी अपनाएं क्योंकि जब हम स्वदेशी चुनते हैं, तो हम केवल वस्तुएं नहीं खरीदते, हम अपने देश की मेहनत, प्रतिभा और पहचान को अपनाते हैं। स्वदेशी का हर दीपक हमारे कारीगरों की मेहनत की रौशनी है, हर दीया भारत की मिट्टी की महक है और हर खरीद आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ता एक कदम। मुख्यमंत्री ने सभी से इस बार मिलकर दिल्ली की दिवाली स्वदेशी वाली का संकल्प लेने की बात कही। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इसके अलावा मंत्री मनजिंदर सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर बताया कि ह्वस्वदेशी उत्सवह्व के दौरान कर्तव्य पथ तीन दिनों तक 100 स्टॉल्स लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को स्वदेशी का लक्ष्य का दिया है, स्वदेशी संकल्प के नारे से उन्होंने बताया है कि भारत के स्वाभिमान की रक्षा सिर्फ स्वदेशी ही कर सकती है। मंत्री सिरसा ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मुहिम के पीछे और उनके साथ पूरी दिल्ली लामबंद होकर खड़ी है। अब दीपावली में कुछ दिन बचे है। मैंने तो कह दिया है, अब आप भी बोलिए अब की दिवाली स्वदेशी वाली।




### डिजिटल इंडिया का नया अध्याय लिख रही हैं महिलाएं : रेखा गुप्ता




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आज नारी शक्ति तकनीक और नवाचार के हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि चिप डिजाइन से लेकर कोडिंग, स्टार्टअप्स से लेकर साइबर सुरक्षा तक, भारतीय महिलाएं 'डिजिटल इंडिया' का नया अध्याय लिख रही हैं। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को यशोभूमि में इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 9वें संस्करण के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी 'वोकल फॉर लोकल' कहते हैं, तो इसका मतलब स्वदेशी रक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, शिक्षा सहित हर बड़े-छोटे क्षेत्र के लिए हैं। उन्होंने कहा कि भारत के 140 करोड़ लोग देश के लिए एक संपत्ति हैं। इनके माध्यम से हर क्षेत्र में प्रगति करके भारत दुनिया में विश्वगुरु के रूप में अपनी पहचान बनाएंगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस का आयोजन भारत की डिजिटल क्रांति, नवाचार और आत्मनिर्भरता के अद्भुत संगम का प्रतीक है।

### 28 अवैध प्रवासी पकड़े गए, पश्चिम बंगाल की खुलना सीमा से हुए थे देश में दाखिल

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्व जिला पुलिस के बांग्लादेशी प्रकोष्ठ ने राजधानी में अवैध रूप से रह रहे 28 बांग्लादेशी प्रवासियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई बढ़ती अवैध प्रवास की चिंताओं को देखते हुए की गई, जिसमें बिना वैध दस्तावेज के रह रहे लोगों की पहचान और निर्वासन पर जोर दिया गया। पुलिस उन्हें वापस भेजने की कार्रवाई का रही है। इन अवैध प्रवासियों को दिल्ली के विभिन्न इलाकों में झुग्गी-झोपड़ियों, श्रमिक शिविरों और अनधिकृत कॉलोनियों से पकड़ा गया। पुलिस ने स्थानीय मुखबिरों की मदद से खुफिया जानकारी जुटाई और अवैध तरीके से भारत आने वाले रास्तों की पहचान की। अभियान का नेतृत्व एसआई कवलजीत और एएसआई बृजेश ने किया, जिनके साथ हेड कांस्टेबल वेदप्रकाश, अरुण, मोहित, राजेश और ज्योति बंसल ने जमीनी स्तर पर काम किया। टीम ने फील्ड इंटेलिजेंस, मुखबिर नेटवर्क और स्थानीय पूछताछ का सहारा लिया। सत्यापन अभियान चलाकर कड़ी निगरानी की गई, जिसके बाद 28 लोगों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में पता चला कि ये पश्चिम बंगाल की खुलना सीमा से अवैध तरीके से भारत में दाखिल हुए थे और उनके साथ कई अन्य अज्ञात लोग भी शामिल हो सकते हैं। इनमें से किसी के पास भी वैध यात्रा या रहने का दस्तावेज नहीं था।

### दिल्ली का जहरीला स्मॉग जोड़ों पर कर रहा है हमला

नई दिल्ली। राजधानी का हवा का संकट केवल श्वसन रोगों तक सीमित नहीं, बल्कि अब जोड़ों की बीमारियों को भी बढ़ावा दे रहा है। इंडियन रूमेटोलॉजी एसोसिएशन (आईआरए) के विशेषज्ञों ने द्वारका स्थित यशोभूमि में आयोजित 40वें वार्षिक सम्मेलन आईआरएकॉ 2025 में खुलासा किया कि दिल्ली-एनसीआर के जहरीले प्रदूषण, विशेषकर पीएम 2.5 सूक्ष्म कण, रूमेटॉइड आर्थराइटिस के मामलों में चिंताजनक वृद्धि कर रहे हैं। रूमेटॉइड आर्थराइटिस एक दीर्घकालिक स्वप्रतिरक्षी बीमारी है जिसमें शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र अपने ही ऊतकों, विशेषकर जोड़ों, पर हमला करता है, जिससे दर्द, सूजन, अकड़न और विकलांगता हो सकती है। परंपरागत रूप से यह रोग आनुवंशिक कारणों और प्रतिरक्षा विकारों से जुड़ा माना जाता था, परंतु अब प्रदूषण इसके प्रमुख कारकों में शामिल होता जा रहा है। एम्स, नई दिल्ली की प्रोफेसर डॉ. उमा कुमार ने बताया कि प्रदूषित क्षेत्रों में रहने वाले ऐसे रोगियों में भी यह बीमारी बढ़ रही है जिनका कोई पारिवारिक इतिहास या आनुवंशिक प्रवृत्ति नहीं है। उन्होंने कहा कि वायु प्रदूषक सूजन और ऑक्सीडेटिव तनाव बढ़ाते हैं, जिससे प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया अत्यधिक सक्रिय होकर जोड़ों की क्षति को तेज कर देती है। सम्मेलन आयोजन सचिव व फोर्टिस अस्पताल के निदेशक डॉ. बिमलेश धर पांडेय ने कहा कि पीएम 2.5, नाइट्रोजन ऑक्साइड और ओजोन जैसे प्रदूषकों के संपर्क में रहना गठिया का खतरा बढ़ाता है और लक्षणों को बिगाड़ सकता है। व्यस्त सड़कों के पास रहने वाले लोगों में यह जोखिम और अधिक होता है।

### दिल्ली में 5346 शिक्षकों की भर्ती निकली, 9 अक्टूबर से ऑनलाइन आवेदन होंगे शुरू

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के स्कूलों में अरसे से चल रही शिक्षकों की कमी दूर करने के प्रयास तेज हो गए हैं। दिल्ली सरकार ने 5346 शिक्षकों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। इससे पहले सितंबर में 1180 शिक्षकों की भर्ती निकली जा चुकी है। ये भर्ती प्रक्रिया उस योजना का हिस्सा है जिसके तहत सरकारी स्कूल में 18,000 शिक्षकों की नियुक्ति जानी है। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड ने रिक्तियों का विज्ञापन दिया है और 9 अक्टूबर से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। दिल्ली सरकार का शिक्षा निदेशालय 1075 स्कूल चलाता है, जिसमें 8,24,225 छात्र नामांकित हैं। इसके अलावा निदेशालय से सहायता प्राप्त 199 स्कूलों में 74,563 छात्र नामांकित हैं। अधिकारियों ने बताया कि शिक्षकों के 18,000 से अधिक पदों में से शिक्षकों की बड़ी संख्या में पद रिक्त हैं, जिन्हें पिछले कुछ वर्षों में अतिथि शिक्षकों से भरा गया है।

### प्राइवेट बैंकों को आरटीआई के दायरे में लाने की मांग

नई दिल्ली। प्राइवेट बैंकों को सूचना के अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के दायरे में लाने की मांग को लेकर दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक से जवाब मांगा है। अदालत ने दोनों को निर्देश दिया है कि वे इस संबंध में अपना हलफनामा दाखिल करें। याचिकाकर्ता सुभाष चंद्र अग्रवाल ने प्राइवेट बैंकों द्वारा सूचना देने से इनकार किए जाने के निर्णय को चुनौती दी है। उनका कहना है कि निजी बैंक आम जनता के धन से संबंधित कार्य करते हैं और इसलिए उन्हें आरटीआई कानून के अंतर्गत 'सार्वजनिक प्राधिकरण' घोषित किया जाना चाहिए। अग्रवाल का तर्क है कि इन संस्थानों के पास उपभोक्ताओं और निवेशकों से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण दस्तावेज और जानकारियाँ होती हैं, जिनके सार्वजनिक होने से वित्तीय पारदर्शिता और उत्तरदायित्व में वृद्धि होगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि यह प्रश्न सार्वजनिक हित से संबंधित है, इसलिए केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक से इस पर स्पष्ट पक्ष प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। अदालत ने दोनों पक्षों को अगली सुनवाई से पहले अपने-अपने हलफनामे दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले को अगली तारीख के लिए सूचीबद्ध किया। याचिकाकर्ता ने यह भी उल्लेख किया कि आरटीआई के तहत कई सार्वजनिक उपक्रमों और अर्ध-सरकारी निकायों को पहले ही सूचना प्रदान करने का दायित्व सौंपा जा चुका है। ऐसे में जब निजी बैंक आम नागरिकों के वित्तीय लेन-देन और बचत से सीधे जुड़े हैं, तो इन्हें इस दायरे से बाहर रखना अनुचित है। अदालत अब यह तय करेगी कि क्या निजी बैंक, जिनमें सरकार का प्रत्यक्ष स्वामित्व नहीं है, फिर भी ह्लसार्वजनिक हितह्व के आधार पर आरटीआई कानून के अधीन आ सकते हैं। मामले की आगामी सुनवाई में केंद्र व आरबीआई का पक्ष सामने आने के बाद इस याचिका पर विस्तृत विचार किया जाएगा।

### 'संन्यासी वस्त्र पहनने का हक नहीं' टिप्पणी पर अदालत सख्त

नई दिल्ली। पटियाला हाउस स्थित न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अनीमेश कुमार की अदालत ने चैतन्यानंद सरस्वती की सुविधा संबंधी अर्जी पर दिल्ली पुलिस से जेल नियमावली के अनुरूप विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। अर्जी में कारागार में संन्यासी वस्त्र धारण करने और आध्यात्मिक पुस्तकों तक पहुँच की अनुमति, साथ ही आयु और स्वास्थ्य कारणों से अतिरिक्त बिस्तर उपलब्ध कराने की मांग की गई है। अदालत ने जांच अधिकारी द्वारा दायर उत्तर पर आपत्ति जताते हुए उल्लेख किया कि प्रस्तुत जवाब में जेल मैनुअल के प्रासंगिक प्रावधानों का उल्लेख नहीं है। न्यायालय ने प्राथमिक दृष्टि से कहा कि वस्त्र और पुस्तकों पर किसी स्पष्ट निषेध का उल्लेख न होने की स्थिति में रोक का औचित्य बताना आवश्यक है। न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि 'आरोपी को संन्यासी वस्त्र पहनने का अधिकार नहींह्व जैसे कथन करना उपयुक्त नहीं, क्योंकि न्यायिक विमर्श नियमों और विधिक प्रावधानों पर आधारित होना चाहिए। रक्षा पक्ष के अधिवक्ता मनीष गांधी ने दलील दी कि विचाराधीन बंदियों को अपनी पसंद के वस्त्र पहनने पर सामान्यतः रोक नहीं होती और धार्मिक-आध्यात्मिक साहित्य तक पहुँच से इनकार करने का कोई वैधानिक आधार जेल नियमावली में नहीं मिलता। उन्होंने बताया कि आरोपी की आयु पैंसठ वर्ष से अधिक है और स्वास्थ्यगत दिक्कतों के मद्देनजर अतिरिक्त बिस्तर और आवश्यक दवाओं की सुविधा अपेक्षित है।

## मुख्य न्यायाधीश पर हमला दलितों को डराने की साजिश : केजरीवाल

● मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई दलित समाज से आते हैं। इन लोगों को यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं हो रहा है कि एक दलित का बेटा अपनी मेहनत और लगन से न्यायपालिका के सर्वोच्च पद तक कैसे पहुंच गया। क्या इनकी ये हरकतें दलित समाज को डराने और अपमानित करने की कोशिशें नहीं हैं?



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई के ऊपर कोई वस्तु फेंकने और उसके बाद उन्हें सोशल मीडिया पर दी जा रही धमकियों के पीछे दलितों तथा पूरी न्यायपालिका को दबाने एवं डराने की साज़िश करार दिया है।

केजरीवाल ने गुरुवार को एक्स पर एक वीडियो जारी कर कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर कोई वस्तु फेंकने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इसके बाद सोशल मीडिया पर मुख्य न्यायाधीश को मारने-पीटने और विभिन्न तरह की हिंसा की धमकियां दी जाने लगी। उनका अपमान भी किया गया। प्रशासन ने नो उस व्यक्ति के खिलाफ कोई कार्रवाई की और न ही धमकियां देने और अपमान करने वालों के खिलाफ कोई कदम उठाया। ऐसा लगा कि जैसे यह सब एक सुनियोजित षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि घटनाक्रम के जरिए इन लोगों ने दलित समाज और न्यायपालिका को कड़ा संदेश देने की कोशिश की है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई दलित समाज से आते हैं। इन लोगों को यह बिल्कुल बर्दाश्त नहीं हो रहा है कि एक दलित का बेटा अपनी मेहनत और लगन से न्यायपालिका के सर्वोच्च पद तक कैसे पहुंच गया। क्या इनकी ये हरकतें दलित समाज को डराने और अपमानित करने की कोशिशें नहीं हैं? इसके बाद एक आम दलित किससे न्याय की उम्मीद करेगा? क्या इससे दलितों पर अत्याचार करने वालों और उनसे नफरत करने वालों के हौसले बुलंद नहीं होंगे।

## दर्शन एजुकेशन फाउंडेशन ने होलिस्टिक एजूकेशन के 30 गौरवशाली वर्ष किए पूरे

नई दिल्ली/ उत्तम भारत संवाददाता। शिक्षा, खेल और अध्यात्म के क्षेत्र की प्रतिष्ठित हस्तियां एक यादगार शाम को खास अवसर पर एकत्रित हुईं, जब भारत के प्रमुख शिक्षा संस्थानों में से एक, दर्शन एजुकेशन फाउंडेशन ने 8 अक्टूबर, 2025 बुधवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम, प्रगति मैदान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर अपनी 30वीं वर्षगांठ मनाई। यह भव्य शाम शिक्षा के क्षेत्र में सबसे ऊँचा मुकाम पाने और सांस्कृतिक वैभव के जीवंत संगम के रूप में उभरी, जिसने की तीन दशकों की प्रभावशाली यात्रा का जश्न मनाया। भारत की विरासत, संस्कृति और प्रगतिशील दृष्टिकोण का प्रतीक यह मनोरम स्थल, हम सभी के सामने एक आदर्श पृष्ठभूमि प्रदान करता है क्योंकि विश्व की कई प्रतिष्ठित हस्तियां भविष्य की पीढ़ी को आकार देने वाले सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक - शिक्षा पर चिंतन करने के लिए एक साथ आईं।

पर्ल जुबली समारोह की अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष और विश्व-प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु, संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने की। उनके साथ भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, भारत की पहली महिला पैरालंपिक पदक विजेता पद्मश्री दीपा मलिक, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के उप कुलपति पद्मश्री प्रो. डॉ. महेश वर्मा, दिल्ली टेक्नीकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर श्री प्रतीक शर्मा और सी.एस.आई.आर. के मुख्य वैज्ञानिक और एन.ए.बी.एल. के चैयरमेन श्री आर. के. कोटलाना आदि शामिल थे।




कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत के साथ हुई, जिसके बाद संत राजिन्दर सिंह जी महाराज के साथ इन सभी गणमान्य व्यक्तियों ने पारंपरिक तरीके से दीप प्रज्जवलित कर पर्ल जुबली समारोह का विधिवत उद्घाटन किया।

30वीं वर्षगांठ के विषय, 'शांति से शक्तिः जीवन को प्रकाशित करना' पर बोलते हुए, संत राजिंदर सिंह जी महाराज ने भावी पीढ़ियों को आकार देने में होलिस्टिक एजूकेशन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। 3,000 से अधिक उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, पूर्व वैज्ञानिक और आध्यात्मिक गुरु संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि 30 साल पहले हमने दर्शन एकेडमी की शुरूआत शिक्षा में श्रेष्ठता के अलावा अध्यात्म द्वारा अंतर की शक्ति को जागृत करना से की थी। आज हम ऐसी दुनिया में जी रहे हैं जहां विभिन्न क्षेत्रों की पृष्ठभूमि और संस्कृति के लोग हमारे संपर्क में आते हैं, जिससे कि हम तनाव और चिंता से भर जाते हैं। हम अपने बच्चों को किस तरीके से शांति के साथ इन चुनौतियों से व्यवहार करना सिखाएं?

उन्होंने आगे कहा कि आमतौर पर हम ताकत को शारीरिक शक्ति के साथ जोड़ते हैं जबकि सच्ची ताकत हमारे अंतर स्थिरता में है।

विश्वभर में हो रही रिसर्च से हमें पता चलता है कि ध्यान-अभ्यास और शांत अवस्था में बैठने से हम अपनी अंदरूनी ताकत को बढा सकते हैं क्योंकि आंतरिक स्थिरता में ही सच्चे मायनों में ताकत होती है। हमारे भीतर शांति और खुशी के खजाने हैं, जो हमें अंतर से प्रसन्न रखते हुए शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक तकलीफों को दूर करने में हमारी मदद करते हैं। इससे हमारी एकाग्रता में बढ़ोतरी होती है और हम अपने कार्य क्षेत्रों में अधिक से अधिक सफलता प्राप्त करते हुए हम सदा-सदा की खुशी और आनंद का जीवन जीते हैं। अंत में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि दिन की शुरूआत में दर्शन एकेडमी स्कूलों में सभी विद्यार्थियों को ध्यान-अभ्यास पर बिठाया जाता है, ताकि वे अपने अंदर स्थिरता को अनुभव करते हुए शांति को प्राप्त करें। जिससे कि हमारा संपूर्ण वातावरण प्रेम, खुशी और शांति में बदल जाए।

**तस्करी** | तस्करी में इस्तेमाल हो रही तीनों गाड़िया जब्त

## 177 किलो प्रतिबंधित पटाखों के साथ तीन गिरफ्तार

**दिया शर्मा**

नई दिल्ली। त्योहारी मौसम से पहले दिल्ली पुलिस के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट (मध्य ज़िला) की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड (एएटीएस) टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम ने कारों में अवैध रूप से भारी मात्रा में पटाखे भरकर ले जा रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की गाड़ियों से कुल 177.1 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए गए हैं। तस्करी में इस्तेमाल हो रही तीनों गाड़ियों को भी जब्त कर लिया गया है और आरोपियों के खिलाफ संबंधित कानूनी धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रतनदीप (30), तुषार (30), और साहिल (31) के रूप में हुई है। ये तीनों ही रोहिणी क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस ने इनकी तीन निजी गाड़ियों से अवैध पटाखों का यह जखीरा बरामद किया है। सेंट्रल दिल्ली के डीसीपी निधिन वाल्सन ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि जब्त पटाखों का कुल वजन 177.1 किलोग्राम है। डीसीपी निधिन वाल्सन के अनुसार, आगामी पर्वों और पटाखों पर लगे प्रतिबंध को देखते हुए उनकी बिक्री और आपूर्ति पर रोक लगाने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में, एसीपी ऑपरेशन सुलेखा जगरवार की देखरेख में एएटीएस के इंचार्ज इंस्पेक्टर रघुवीर मीणा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। इस टीम में एसआई सुरेंद्र सिंह, हेड कॉन्स्टेबल राजबीर, गोविंद, कॉन्स्टेबल रोहन और महेंद्र शामिल थे। शाम, टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग अपनी कारों में अवैध पटाखे भरकर उन्हें बेचने के लिए ले जाएंगे। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, टीम ने सिविक सेंटर, कमला मार्केट के पास जाल बिछाया। जांच के दौरान, तीनों आरोपियों को उनकी गाड़ियों सहित रोका गया। तलाशी लेने पर, उनकी गाड़ियों से भारी मात्रा में प्रतिबंधित आतिशबाजी बरामद हुई।



## तीस हजारी कोर्ट परिसर में ड्यूटी के दौरान एएसआई की मौत

नई दिल्ली। राजधानी के तीस हजारी न्यायालय परिसर में ड्यूटी के दौरान दिल्ली पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक राजेश की हृदयाघात से मृत्यु हो गई। प्रातः ड्यूटी पर पहुँचे एएसआई कुछ कदम चलने के बाद अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े, जिसके उपरांत सहकर्मियों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुँचाया, जहाँ चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रारम्भिक सूचना के अनुसार मृत्यु का कारण हृदयाघात बताया गया है और घटना न्यायालय परिसर में लगे दृश्य-रिकॉर्डिंग तंत्र में दर्ज हुई है। घटना के समय एएसआई न्यायालय सुरक्षा में तैनात थे और नियमित रूप से निर्धारित समय पर परिसर में प्रवेश कर रहे थे। सहकर्मियों के अनुसार गिरते ही तत्काल प्राथमिक सहायता दी गई और उन्हें निकटस्थ चिकित्सालय ले जाया गया, किन्तु चिकित्सकीय परीक्षण में जीवन-चिह्न न मिलने पर चिकित्सकों ने निधन की पुष्टि की। विभागीय स्तर पर शोक-संदेश जारी करते हुए दिवंगत के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई है। मृतक की पहचान राजेश के रूप में हुई है। सूचना के अनुसार वे न्यायालय सुरक्षा प्रकोष्ठ में नियुक्त थे और प्रकरण-सम्बंधी दायित्वों के निर्वहन हेतु प्रातःकालीन ड्यूटी पर पहुँचे थे। घटना के दृश्य-रिकॉर्डिंग फुटेज में उन्हें परिसर में प्रवेश करते, सहकर्मी से अभिवादन करते और इसके पश्चात असंतुलित होकर गिरते देखा जा सकता है। विधिक औपचारिकताओं के तहत शव परीक्षण कराए जाने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है, जिससे मृत्यु के कारणों की चिकित्सकीय पुष्टि हो सके। पुलिस प्रशासन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने पर आवश्यक अभिलेख अद्यतन किए जाएँगे और विभागीय सहायता-प्रावधानों के अनुरूप परिवार को समुचित सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# आई लव अंबेडकर पैदल यात्रा निकाल नीतियों के प्रति किया जागरूक




**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल, सुखदेव तेवतिया।** युवा कांग्रेस द्वारा बृहस्पतिवार को पलवल में अंबेडकरवादी न्याय यात्रा निकाली गई। इस दौरान आई लव अंबेडकर के पोस्टर के साथ पैदल यात्रा रेलवे रोड बामनीखेड़ा से शुरू हुी। यात्रा का नेतृत्व युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश पोसवाल ने किया, जबकि अध्यक्षता युवा जिलाध्यक्ष योगेश कुमार ने की। यात्रा के दौरान आई लव अंबेडकर के नारे लगाए गए। यात्रा में दिनेश पोसवाल ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य सभी समाज के लोगो को जागरूक करना है। बाबा साहेब का संविधान समान रूप से सामाजिक समानता, आर्थिक रूप से सभी लोग सशक्त शिक्षित बने, समाज में बिना किसी भेदभाव के आपसी भाईचारा कायम रहने, जीवन जीने के अधिकारों का वर्णन करना सिखाता है। उन्होंने कहा कि सीजेआई बीआर गवई पर एक वकील द्वारा जूता फेंकने की कोशिश की गई, युवा कांग्रेस इसकी घोर निंदा करती है। यह घटना संविधान पर हमला है। इससे अराजकता फैलने का डर है। यह सिर्फ एक व्यक्तिगत हमला नहीं है, बल्कि एक जहरीली विचारधारा का हिस्सा है, जिसे फैलने से पहले रोका जाना चाहिए। ऐसी घटनाएं हमारे संविधान का अपमान करती हैं और हमारे राष्ट्र को शर्मिंदा करती हैं। जो कोई भी संविधान के खिलाफ काम करता है, उसे कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। बाबा साहेब अंबेडकर ने हमें जीओ और जीने दो के सिद्धांत पर आधारित एक समावेशी संविधान दिया है। इस मौके पर विशेष रूप से विधानसभा अध्यक्ष राहुल कुमार, पुष्पेंद्र, अनिल पवार, शेरसिंह, वीरू, जितेंद्र, प्रवीण, बंटी पवार, मन्नू, नानक, चिरंजी, इन्दर, सुरेंद्र, जगदीश, धर्मेंद्र, ज्ञाशी, मदन, सन्नो, दौलती मुख्य रूप से मौजूद थे।

# नवनियुक्त कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह द्वारा पदभार संभालते ही सीडी कांड एकबार फिर सुर्खियों में

● 50 करोड की सीएलयू डील चर्चा में आते ही कांग्रेस पार्टी की छवि हुई छिछालेदार, हुड्डा सरकार में थे हैल्थ मिनिस्टर





**उत्तम भारत संवाददाता**
**होडल, रतन सिंह।** प्रदेश में 2012 के तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री रहे राव नरेन्द्र सिंह को कांग्रेस पार्टी ने प्रदेशाध्यक्ष पद से सुशोभित किया है, लेकिन हुड्डा सरकार के कार्यकाल में हुए सीएलयू डील का स्टिंग ऑपरेशन सीडी कांड एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। 50 करोड रूपए का सीडी कांड प्रदेश के हर पार्टी के नेताओ की जुबान पर छाया हुआ है। सीडी कांड की चर्चा सुर्खियों में आने से कांग्रेस पार्टी की छवि काफी किरकिरी हो रही है। चाय की चुस्कियों से शुरू होकर शाम की पार्टी तक लोगों की जुबान पर यही चर्चा चल रही है। उक्त मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी की जमकर फजीहत हो रही है।

प्रदेश कांग्रेस पार्टी के साथ सिर मुंडवाते ही ओले पड़े वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। काफी इंतजार के बाद हरियाणा प्रदेश कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के तौर पर तत्कालीन हुड्डा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे राव नरेन्द्र सिंह का चेहरा उतारा गया। राव नरेन्द्र सिंह की ताजपोशी होते ही राव नरेन्द्र सिंह का सीडी कांड राजनीतिक दलो में सुर्खियां बटोरने लगी है। तीस एकड़ जमीन का सीएलयू डील के इसी सीडी कांड की वजह से राव नरेन्द्र सिंह को लम्बे समय तक राजनैतिक वनवास काटना पड़ा। इस दौरान कांग्रेस के पांच विधायक राव नरेन्द्र, विनोद भ्याना, नरेश शेलवाल, जरनैल सिंह और रामनिवास घोडेला पर रुपए लेने के आरोप लगे थे। आज भी उक्त मामले न्यायालय में विचाराधीन है।

सीडी कांड को लेकर इंडियन नेशनल लोकदल के राम पाल माजरा, विधायक आदित्य देवीलाल ने सीडी जारी कर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पर करारा प्रहार किया। अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने कांग्रेस पार्टी को घेरते हुए बताया कि उस समय भ्रष्ट लोगों के खिलाफ एक मुहिम चलाई थी। कांग्रेस पार्टी पर कोई झूठा आरोप नहीं लगाया जा रहा है। बाकायदा स्टिंग ऑपरेशन की फुटेज में राव नरेन्द्र सिंह खुलकर रुपए मांग रहा है। उस समय हमारी सरकार बन गई होती तो ऐसे भ्रष्ट नेता जेल की सलाखों के पीछे होते।

अभय सिंह चौटाला ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा अपने आप को ईमानदारी पार्टी का बखान करते हैं अगर उनमें थोड़ी सी भी इमानदारी है तो तत्काल एस आईटी गठित कर मामले जांच शुरू करें।

वहीं पूर्व मंत्री जगदीश नायर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है। जिस पर विधायक और मंत्री रहते इतना बड़ा आरोप लगाया गया आज पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष के रूप में उसी की ताजपोशी किया गया है। कांग्रेस भ्रष्टाचार के दलदल से कभी बाहर नहीं आ सकता। जननायक जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सोरोत ने कहा भाजपा सरकार को तत्काल प्रभाव से मामले पर संज्ञान लेते हुए एस आईटी गठित कर जांच बिठाने का काम करना चाहिए।

# करवा चौथ के व्रत के दौरान महिलाएं अपने स्वास्थ्य प्रति भी रहे सजग: डॉ विशाल खुराना



**उत्तम भारत संवाददाता**
**होडल।** महिलाओं के लिए करवा चौथ का पर्व बड़ा महत्वपूर्ण होता है। इस दिन महिलाएं व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र की कामना करती है। प्रदेश सरकार ने भी इस व्रत की महत्व को देखते हुए छुट्टी का एलान कर दिया है। शहर के नामचीन चिकित्सकों ने इस अवसर पर महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर कुछ सुझाव दिए हैं।अपने पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर जहां महिलाएं बगैर पानी पिए (निर्जल) करवा चौथ का उपवास करती है। वहीं ,क्षेत्र के पेट रोग विशेषज्ञ विशाल खुराना ने महिलाओं उपवास के दौरान स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की सलाह दी है।शुक्रवार की सुबह से रात के समय तक महिलाओं के लिए शुरू होने वाले करवा चौथ व्रत को लेकर पेट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विशाल खुराना ने बताया कि, महिलाओं को करवा चौथ के दौरान स्वस्थ पाचन यानी अच्छे गट हेल्थ का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। व्रत शुरू करने से पहले और व्रत खोलते समय सही खानपान और कुछ जरूरी टिप्स अपनाकर दिन भर एनर्जी और पेट की सेहत का ध्यान रखा जा सकता है।डॉ खुराना ने कहा कि महिलाओं को व्रत से पहले क्या खाना चाहिएसरगी (व्रत से पहले) में क्या खाएं-----पानी से भरपूर फल (तरबूज, खीरा), नारियल पानी, छाछ और दही जरूर लें, ताकि शरीर हाइड्रेट और पाचन तंत्र एक्टिव रहे। प्रोटीन व फाइबर से भरपूर चीजें जैसे ओट्स, दलिया, दाल और सूखे मेवे लें ताकि दिन भर ऊर्जा बनी रहे और पेट भरा रहे। तले-भुने, अधिक मसालेदार या बहुत मीठे खाद्य पदार्थ, कैफीन व जंक फूड से बचें, इससे पेट में भारीपन, एसिडिटी और प्यास बढ़ सकती है। महिलाओं को व्रत खोलते समय-छोटे घूंट में नारियल पानी, छाछ या साधारण पानी पिएं और सीधे भारी भोजन की जगह सबसे पहले खजूर या ताजे फल (पपीता, सेब आदि) लें, ताकि पेट को धीरे-धीरे पोषण और एनर्जी मिले।

# किरंज टोलकर्मी पर जानलेवा हमला, हथौड़े सहित चार गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**
**हथीन।** किरंज टोलकर्मी पर जानलेवा हमला मामले में एविटी हथीन ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है इस दौरान एक आरोपी को छत से कूदकर भागते समय पैर में चोट लग गई जिससे वह घायल हो गया। एविटी हथीन प्रभारी निरीक्षक विश्व गौरव के बताया कि बीते 24 सितंबर को किरंज के पास स्थित टोल प्लाजा पर कंट्रोलर के पद पर तैनात विजय के साथ टोल प्लाजा चलाने पर अवैध रुप से वसूली की मांग करने के नाम पर लोहे के हथौड़ा, सरिया आदि हथियारों के साथ मारपीट कर जानलेवा हमला किया गया था। इस संबंध में हथीन थाना पुलिस ने घायल विजय की शिकायत पर उन सभी आरोपियों के खिलाफ विभन्न धाराओं में केस दर्ज जिसमें पुलिस को तभी से आरोपियों की तलाश थी। इसी दौरान एएसआई वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस को सूचना मिली कि उक्त वारदात को अंजाम देने वाले कुछ आरोपी पलवल पीयूष सिटी में बंद पड़े मकानों में हैं जैसे ही पुलिस ने रेड की तो वहां से तीन आरोपी चंद्रपाल निवासी स्यारौली, मोहित निवासी धतीर, सागर निवासी स्यारौली को काबू कर लिया जबकि चौथा आरोपी बंटी निवासी स्यारौली पुलिस टीम को देखकर छत से कूदकर भागने लगा जिससे उसके पैर में चोट लगी। आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर आरोपी बंटी में चंद्रपाल से वारदात में प्रयुक्त हथोड़ा बरामद किए किए गए। आरोपियों को पेश अदालत कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संबंध में एविटी हथीन प्रभारी ने कहा कि जल्द ही मामले से संबंधित फरार आरोपी भी पुलिस गिरफ्त में होंगे कोई भी अपराधी बक्शा नहीं जाएगा।

## समाचार

# किसान डीएपी के साथ नैनो यूरिया लेने के लिए बाध्य नहीं: हरीश कुमार वशिष्ठ

**उत्तम भारत संवाददाता, हथीन, सुरेंद्र तेवतिया।** पलवल उपायुक्त डॉ हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि किसानों को डीएपी प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने हथीन अनाज मंडी में खाद की दुकानों का निरीक्षण करते हुए दुकानदारों को निर्देश दिए कि वे दुकान पर बोर्ड लगवाएं कि किसान डीएपी के साथ नैनो यूरिया लेने के लिए बाध्य नहीं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज भूमि के ब्यौरे अनुसार खाद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे डीएपी का बेवजह स्टॉक न करें, उन्हें जितनी डीएपी की आवश्यकता है उतनी ही डीएपी लें ताकि अन्य किसानों को डीएपी प्राप्त करने में कोई परेशानी न आए।

# क, ख, ग... सुनाने पर उपायुक्त ने छात्रा प्राची को दिया 500 रुपए का इनाम

**उत्तम भारत संवाददाता, हथीन।** पलवल उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने शहीद नायक राजेंद्र सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय का निरीक्षण करते हुए बच्चों के लिए उपलब्ध मिड डे मिल, स्मार्ट बोर्ड सहित अन्य सुविधाओं बारे जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय संचालक को निर्देश दिए कि वे विद्यालय में सभी व्यवस्थाएं व सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पूर्ण रूप से पालना सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों की क्लास लेते हुए उनका ज्ञान परखा। उन्होंने विद्यार्थियों से पहाड़े, क, ख, ग..., अ, आ, ई...आदि सुने। विद्यालय की छात्रा प्राची द्वारा क, ख, ग... सुनाने पर उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने खुश होकर छात्रा को 500 रूपए इनाम स्वरूप दिए और उसके ज्ञान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जो भी पढ़ाया जाता है वे उसका लिखकर और बोलकर अभ्यास अवश्य करें। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद जितेंद्र कुमार, नगराधीश अप्रतिम सिंह, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पलवल के उपनिदेशक डॉ. बाबूलाल, सिविल सर्जन डा. सतेंद्र वशिष्ठ सहित मार्केट कमेटी तथा खरीद एजेंसियों के अधिकारी मौजूद रहे।

# बागेश्वर धाम की टीम ने किया स्थल निरीक्षण, व्यवस्थायें देखीं

● 7 से 16 नवंबर तक दिल्ली से वृंदावन जा रही है सनातन हिंदू एकता पदयात्रा



**अमर भारती संवाददाता**
**होडल।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला अंतर्गत आने वाले सिद्ध स्थल बागेश्वर धाम के पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पूरी दुनिया में सनातन एकता के लिए कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में वे लोगों को जोड़ने हेतु सनातन हिंदू एकता पदयात्रा निकाल रहे हैं। आगामी 7 नवंबर से वे इस एकता यात्रा को दिल्ली से लेकर वृंदावन जा रहे हैं होटल में यह यात्रा 12 नवंबर को आएगी बागेश्वर धाम से आई टीम ने दोपहर भोजन एवं रात्रि विश्राम के स्थल का निरीक्षण किया स्थानीय स्तर पर नगर परिषद होटल के अध्यक्ष प्रतिनिधि शीशपाल, बंचारी सरपंच सीताराम के प्रतिनिधि के रूप में पं. जय नारायण पुजारी, दीनदयाल, बंटी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। जानकारी के मुताबिक बागेश्वर महाराज सनातन हिंदू एकता पदयात्रा दिल्ली से लेकर वृंदावन तक जा रहे हैं। इस विशाल पदयात्रा में लाखों लोगों के आने की संभावना है। सबको समुचित व्यवस्था मिले इसके प्रबंध किए जा रहे हैं। बागेश्वर धाम की ओर से बंचारी में दोपहर भोजन एवं होडल में रात्रि विश्राम के लिए एक दिन का प्रभारी बृजेंद्र सिंह बॉबी राजा को बनाया गया है। बॉबी राजा ने बंचारी के दोपहर भोजन स्थल और होडल मंडी में रात्रि विश्राम स्थल की जानकारी ली। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री शीशपाल ने होडल मंडी के बारे में जानकारी दी। वहीं बंचारी सरपंच सीताराम के प्रतिनिधियों ने बंचारी में होने वाले दोपहर भोज के स्थल की जानकारी दी। सभी ने भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान भोजन व्यवस्था की केंद्रीय टीम के कपिल साहू, चक्रेश सुल्लेरे,राजा कैटर्स के मालिक, टेंट हाउस की ओर से श्री शर्मा दिल्ली से विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे महर्षि वाल्मीकी प्रकट उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि

● नई अनाजमंडी, नूंह में आगामी 14 अक्टूबर को होगा कार्यक्रम का आयोजन
● मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी
● मंत्री ने कार्यक्रम स्थल का दौरा कर अधिकारियों को दिए समयबद्ध तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह, अनिल मोहनियां।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकी प्रकट उत्सव कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से अनाजमंडी, नूंह में आगामी 14 अक्टूबर को होगा, जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री का यह दौरा नूंह जिले के विकास के लिए नई ऊर्जा देने का काम करेगा।

मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने यह जानकारी आज लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से संत महापुरुष सम्मान एवं प्रचार-प्रसार योजना के तहत जयंती व प्रकट उत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। नूंह के लोगों के लिए इस बार खुशी का अवसर है कि मुख्यमंत्री ने यह कार्यक्रम इस जिले में रखा। उन्होंने कहा कि प्रकट उत्सव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर महर्षि वाल्मीकि के उपदेशों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि गत 7 अक्टूबर को सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित कर महर्षि वाल्मीकि के मानवता, समानता के मूल्यों का संदेश दिया था। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकी प्रकट उत्सव कार्यक्रम नूंह स्थित नई अनाज मंडी में होगा, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल का दौरा किया तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी व्यवस्थाएं व जरूरी प्रबंध समयबद्ध सुनिश्चित करें, ताकि कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के लिए मंच, पंडाल, लोगों के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छता, पार्किंग, सुरक्षा तथा यातायात प्रबंधन से संबंधित सभी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन पर किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी तालमेल से कार्य करने के निर्देश दिए ताकि प्रतिभागियों व आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर उनके साथ जिला परिषद के चेयरमैन जान मोहम्मद, उपायुक्त अखिल पिलानी, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, एसडीएम नूंह अंकिता पुवार, जिला अध्यक्ष भाजपा सुरेंद्र सिंह, मीडिया कोर्डिनेटर मुकेश वशिष्ट्द, नरेंद्र पटेल, एजाज खान, नगरपालिका फिरोजपुर झिरका के चेयरमैन मनीष जैन, वाल्मीकी समाज से बालू सिंह, मास्टर सुभाष सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# साइबर फ्रॉड की सूचना तुरंत दें: डायल करें 1930 : उपायुक्त अखिल कुमार

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** उपायुक्त अखिल कुमार ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे बढ़ते साइबर अपराधों से सतर्क रहें और किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी या ठगी की घटना की सूचना तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें। उन्होंने बताया कि यह हेल्पलाइन नंबर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित है, जिसके माध्यम से पीड़ित व्यक्ति को त्वरित सहायता प्रदान की जाती है।




उपायुक्त अखिल कुमार ने कहा कि डिजिटल युग में सोशल मीडिया और ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन के कारण साइबर ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। लोग अक्सर फर्जी लॉटरी, इनामी स्कीम या भारी डिस्काउंट के लालच में आकर ठगी का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी वेबसाइट पर खरीदारी करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि वेबसाइट सुरक्षित और प्रमाणित है।

उन्होंने सुझाव दिया कि ऑनलाइन शॉपिंग करते समय संभव हो तो कैश ऑन डिलीवरी का विकल्प चुनें ताकि आपकी बैंक या कार्ड की जानकारी किसी साइबर अपराधी के हाथ न लगे।

उपायुक्त ने कहा कि यदि किसी कारणवश आपके साथ साइबर फ्रॉड होता है, तो तुरंत 1930 पर कॉल करें और अपनी शिकायत को नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर दर्ज करें।

अखिल कुमार ने बताया कि पारंपरिक एफआईआर की प्रक्रिया में समय लग सकता है, जबकि हेल्पलाइन 1930 के माध्यम से सूचना देने पर संबंधित एजेंसियां तुरंत एक्शन लेकर आगे की ट्रांजेक्शन को रोक सकती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं की जितनी जल्दी सूचना दी जाती है, उतना ही बेहतर मौका होता है कि पीड़ित की आर्थिक क्षति रोकी जा सके।

उपायुक्त ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं सतर्क रहें और अपने परिवार व परिचितों को भी साइबर अपराधों से बचाव के लिए जागरूक करें।

# नूंह में 16 अक्टूबर को लगेगा जन-सेवा मेगा कैंप, एक ही स्थान पर हल होंगी जनता की सभी समस्याएं



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) नूंह की ओर से आगामी 16 अक्टूबर 2025 को मेवात मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नूंह में एक भव्य जन-सेवा मेगा कैंप आयोजित किया जाएगा। इस कैंप का उद्देश्य जिले के नागरिकों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने की परेशानी से राहत मिल सके।

डालसा नूंह की सचिव एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा गुप्ता ने बताया कि इस कैंप में जिले के सभी प्रमुख सरकारी विभागों — जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, बिजली, जल आपूर्ति, सामाजिक न्याय, पुलिस, राजस्व, पंचायत, कृषि, परिवहन और रोजगार विभाग — की स्टॉलें लगाई जाएंगी। प्रत्येक विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहेंगे ताकि नागरिकों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा सके।

उन्होंने कहा कि कैंप के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और पात्र लाभार्थियों के ऑन-द-स्पॉट आवेदन स्वीकार कर लाभ भी प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही डालसा नूंह की टीम द्वारा कानूनी साक्षरता शिविर भी लगाया जाएगा, जिसमें लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता, उनके कानूनी अधिकारों और न्याय तक पहुंच के उपायों की जानकारी दी जाएगी।

मेगा कैंप में सामाजिक संस्थाओं व स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी भी रहेगी, जो बाल विवाह, घरेलू हिंसा, महिला सुरक्षा और साइबर अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आम नागरिकों को जागरूक करेंगे।

जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि कैंप स्थल पर आने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए पानी, बैठने की व्यवस्था, सहायता केंद्र और पंजीकरण काउंटर लगाए जाएंगे। साथ ही, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी शिकायत लंबित न रहे और हर समस्या का मौके पर समाधान किया जा सके।

नेहा गुप्ता ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे इस मेगा कैंप में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें और सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का सीधा लाभ प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि यह आयोजन जनता और प्रशासन के बीच संवाद को मजबूत करने तथा जनसेवा को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# हरियाणा-राजस्थान बॉर्डर पर संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों की शिकायत पर हत्या का केस दर्ज

● कथित गौ-तस्कर जमील की मौत को लेकर बॉर्डर पर तनाव, पुलिस ने की जांच शुरू

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** हरियाणा-राजस्थान सीमा पर स्थित नूंह जिले के लुहिंगाकला गांव एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद मामला गरमा गया है। कथित गो-तस्कर जमील की मौत के मामले में आखिरकार पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना बुधवार सुबह करीब 8 बजे की है, जब जमील अपने भतीजे साकिर के साथ किसी जरूरी कार्य से राजस्थान के पहाड़ी क्षेत्र की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मानोता गांव के पास कुछ स्थानीय युवकों ने उनके वाहन को कथित रूप से लूटपाट की नीयत से रोकने की कोशिश की। जब दोनों नहीं रुके तो उनका पीछा किया गया और रास्ते में उन्हें जबरन रोककर बेरहमी से पीटा गया। शिकायतकर्ता साकिर के अनुसार, हमलावरों में शामिल नटवर व मजलस पुत्र मंती निवासी श्यामदीका, थाना पहाड़ी, जिला डीग समेत 2-3 अन्य अज्ञात लोगों ने लाठियों और लोहे की रॉड से हमला किया। नटवर ने जमील की गर्दन पर लोहे की रॉड से वार किया, जबकि मजलस ने लाठी से कंधे पर हमला किया। हमले में जमील गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। साकिर किसी तरह जान बचाकर मौके से भाग निकला। परिजनों ने मामले में पुलिस पर लापरवाही और मुकदमा दर्ज करने में देरी का आरोप लगाया। काफी विरोध और दबाव के बाद थाना पहाड़ी पुलिस ने हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। परिजनों की मांग पर पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड की निगरानी में कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। राजस्थान पुलिस का दावा है कि मृतक जमील प्रतिबंधित पशु तस्करी के मामलों में पहले से कई बार गिरफ्तार हो चुका था और इस मामले में उसे नाकाबंदी के दौरान हिरासत में लिया गया था। हालांकि, परिजनों का आरोप है कि स्थानीय गुंडों को संरक्षण देकर पुलिस ने उनके सहयोग से जमील की हत्या कराई और अब आरोपियों को बचाने की कोशिश हो रही है।


**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0 सं0 | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 07250026B | लोअर स्प्रिंग बीम अरेंजमेंट | 606 नग | 30-10-25 |
| 02 | 11253711 | ब्रूशेस पेंट्स एंड वर्निशस | 5946 नग | 04-11-25 |
| 03 | 07251165 | हेक्स हेड बोल्ट एम 24 X 90 | 46654 नग | 17-11-25 |
| 04 | 16255015 | एयर कंप्रेसर (वाटर कूल्ड) | 10 नग | 17-11-25 |
| 05 | 07250028 | लेवलिंग वाल्व फॉर एयर स्प्रिंग सस्पेंशन | 2149 नग | 18-11-25 |
| 06 | 07250453 | ओवरहालिंग किट फॉर ब्रेक सिलिंडर टू के बी आई | 2923 सेट | 08-12-25 |
| 07 | 07251149 | डबल एक्टिंग हाइड्रोलिक शॉक | 2210 नग | 17-12-25 |

निविदा शर्ते– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 53/2025–2026 दिनांक 09.10.2025 3121/2025

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# करवा चौथ में नारी शक्ति का उत्सव: दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने दिया आस्था और संस्कृति का संदेश

## ● महरौली के कालूराम चौक पर दो दिन तक गूंजती रही ढोलक, गीत और मेहंदी की खुशबू

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** महरौली का कालूराम चौक इन दो दिनों में जैसे किसी सांस्कृतिक सपने में तब्दील हो गया था। रंग-बिरंगी चुनरियाँ, हाथों में महकती मेहंदी और सुहाग की थालियों से झिलमिलाती रोशनी — हर दृश्य में आस्था और प्रेम का रंग घुला हुआ था। इसी पावन माहौल में 5वां करवाचौथ उत्सव एवं निःशुल्क मेहंदी मेला का समापन आज हर्ष और भावनाओं के संग हुआ। इस भव्य आयोजन का संचालन पूर्व निगम पार्षद आरती सिंह के संयोजन में तथा शांति देवी एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसायटी द्वारा किया गया, जिसने पूरे महरौली क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना दिया। समापन अवसर पर विधायक एवं दक्षिणी दिल्ली जिला विकास समिति के चेयरमैन गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलित करते हुए उन्होंने कहा— करवा चौथ का उपवास केवल परंपरा नहीं, बल्कि भारतीय नारी की आत्मा में निहित



वह शक्ति है जो परिवार और समाज दोनों को जोड़ती है। जब एक स्त्री प्रार्थना करती है, तो वह केवल अपने पति के लिए नहीं, बल्कि पूरे परिवार और जीवन के लिए ऊर्जा उत्पन्न करती है। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा— करवा चौथ हमारे समाज की संस्कृति और नारी शक्ति का अद्भुत प्रतीक है। नारी का यह उत्सव केवल पारंपरिक उपवास नहीं, बल्कि प्रेम, संयम और आस्था का संदेश है। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करते हैं और समाज में सामंजस्य और सौहार्द का वातावरण बनाते हैं। लोकसभा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा— करवा चौथ जैसे त्योहार हमारी जड़ों से जुड़ाव का माध्यम हैं। ये आयोजन समाज में एकता और संस्कारों की लौ जलाए रखते हैं। आयोजन की संयोजक आरती सिंह ने कहा— यह केवल मंच नहीं, बल्कि एक परिवार का विस्तार है, जहाँ महिलाएँ अपनी खुशियाँ बाँटती हैं और एक-दूसरे को संबल देती हैं। यही सच्चा करवाचौथ है। दिनभर कालूराम चौक पर सैकड़ों महिलाएँ सज-धज कर पहुँचीं। मेहंदी कलाकारों के हाथ व्यस्त रहे, ढोलक की थाप पर गीत गूंजते रहे, और बच्चों की खिलखिलाहट ने माहौल में मिठास घोल दी। पूरे क्षेत्र में उत्सव की रंगत और उमंग देखने लायक थी। आयोजकों और उपस्थित गणमान्य नागरिकों — आरएसएस से ओम प्रकाश सैनी, मिथिलेश वशिष्ठ, संजय शर्मा और रविन्द्र एडवोकेट — की मौजूदगी ने इस आयोजन को और भी गरिमा और सजीवता प्रदान की।

# करवा चौथ- श्रद्धा, संयम और आत्मिक एकता का पर्व : अतुल जैन

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** करवा चौथ भारतीय संस्कृति का ऐसा उत्सव है जो नारी के श्रद्धा, संयम और आत्मिक बल का प्रतीक माना जाता है। यह दिन केवल व्रत का नहीं, बल्कि प्रेम, त्याग और आस्था के उस गहरे भाव का उत्सव है जो परिवारों को जोड़ता है।

अखिल भारतीय श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल जैन ने इस पावन अवसर पर देशभर की मातृशक्ति और समाजजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

अतुल जैन ने कहा — करवा चौथ का व्रत केवल शरीर की तपस्या नहीं, बल्कि आत्मा की साधना है।



जब नारी संपूर्ण समर्पण भाव से अपने जीवनसाथी और परिवार की मंगल कामना हेतु उपवास करती है, तब वह केवल सांसारिक नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करती है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि सच्चा प्रेम बाहरी नहीं, अंतर की पवित्रता में निहित होता है।

उन्होंने आगे कहा कि करवा चौथ त्याग, संयम और निष्ठा का वह सुंदर प्रतीक है जो हर युग में स्त्री की आत्मिक शक्ति को सम्मान देता है। जैन दर्शन में तप और संयम को आत्मा की शुद्धि का माध्यम माना गया है — यही इस पर्व का मूल संदेश है।

अंत में अतुल जैन ने प्रार्थना की कि यह पावन दिवस सबके जीवन में शांति, सुख और आध्यात्मिक प्रगति का प्रकाश लाए, और हर हृदय में प्रेम, करुणा और एकत्व की भावना सदा बनी रहे।


# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

**उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 11.10.25 से 15.11.25 |
| 02251 | पटना जं | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 02253 | पटना जं (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 11.10.25 से 17.11.25 |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से 16.11.25 |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हज़रत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जंक्शन. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जंक्शन. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 09:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | उधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | उधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | उधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | उधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 08:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक ट. | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक ट. | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुल्तानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुल्तानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बड़गाम | 20:20 | सप्ताह में छः दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बड़गाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09042 | बलिया | 23:30 | उधना | 12:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 10.10.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निज़ामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निज़ामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हज़रत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.25 तक |
| 07096 | हज़रत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.25 तक |
| 03255 | पटना | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | 12.10.25 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | 10.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 10.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 11.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | 10.10.25 से अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुज़फ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| 05220 | आनंद विहार (ट.) | 12:00 | मुज़फ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| 03697 | गया जं. | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णियाँ कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णियाँ कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हज़रत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 11.10.25 से 15.11.25 |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 13.10.25 से 17.11.25 |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुज़फ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 10.10.25 से 01.12.25 |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | 11.10.25 से अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 11.10.25 से 29.11.25 |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 11.10.25 से 29.11.25 |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 12.10.25 से 30.11.25 |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 13.10.25 से 01.12.25 |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से 24.11.25 |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 14.10.25 से 25.11.25 |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 10.10.25 से 26.12.25 |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 11.10.25 से 27.12.25 |
| 07363 | हुब्बल्लि जं | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 13.10.25 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्लि जं | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हज़रत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हज़रत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हज़रत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे | 17:30 | हज़रत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हज़रत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

P-06:28 paga09_jhn.qxd 10/9/2025 5:57 PM Page 1



## सम्पादकीय

# डंपिंग से नई जमीन तक

मलबे को लेकर हिमाचल में राज्य स्तरीय चिंता सामने आई है और जहां प्लानिंग से प्रगति तक यह सुनिश्चित करने की जरूरत बढ़ गई है ताकि आइंदा डंपिंग की एक रूपरेखा बने। पहले ही माननीय हाईकोर्ट ने चंबा के एक मामले में अवैध रूप से फैंके गए मलबे का कड़ा संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को डंपिंग स्थलों की पहचान के निर्देश दिए हैं। यही निर्देश अब आदेश बन कर मुख्य सचिव के मार्फत आ रहे हैं। यानी सरकार डंपिंग को लेकर सतर्क निगाहों से मलबे को देख रही है। फिलहाल यह मलबा विकास और विनाश के बीच एक अवांछित अपराध सरीखा है। मलबा कई सडक परियोजनाओं, नव निर्माण की पृष्ठभूमि, बदलती जीवनशैली और आपदाओं की नई फेहरिस्त से निकल रहा है। इसी बरसात की त्रासदी के बाद नुकसान का अगर आकलन पांच-छह हजार करोड़ तक पहुंच रहा है, तो कहीं कचरे और मलबे के पहाड़ भी खड़े हैं। जाहिर है डंपिंग के मैटिरियल में एक तो कूड़ा-कचरा प्रबंधन है जहां गंदगी के कई पहाड़ पैदा होने लगे हैं। दूसरा ऐसा मलबा है जो विकास और विनाश से देखने को मिलता है। प्रदेश की भौगोलिक स्थिति के कारण जहां भी जमीन कटती है, वहां मलबा उग्र हो जाता है। कोई भी शहर, कस्बा या गांव हो, विभागीय परियोजनाओं का लिबास हो या आपदा का परिमाण हो, मलबा हमारे चौखट पर खड़ा है। इसी बरसात से पैदा हुए मलबे का आकलन करें, तो इसके उपयोग से कई मैदान, पार्किंग स्पेस और बिल्डिंग मैटिरियल के ट्रक निकल आएंगे। दुर्भाग्य बस जहां-जहां सडकों पर ल्हासे गिरे वहां-वहां जेसीबी मशीनों के जरिए इन्हें ढलान की तरफ या नदी-नालों में धकेल दिया गया। ऐसे में माननीय अदालत के दिशा-निर्देश मलबे की सही डंपिंग से नई जमीन के कई टुकड़े ईजाद कर सकते हैं। पीडब्ल्यूडी, वन विभाग, स्थानीय निकायों के अलावा निजी बंजर व ढलान बन गई जमीन को डंपिंग योजना के तहत समतल किया जा सकता है। बरसात में जल रिसाव या जल निकासी की गलती के कारण जमीन गंवानी पड़ती है, जबकि यही मलबा बन कर नुकसान पहुंचाती है। मलबा दरअसल जमीन के पुनर्जन्म का प्राकृतिक आदेश है। खास तौर पर विकास के हर चिन्हित उपक्रम के साथ अगर डंपिंग से नई जमीन का उभार करें तो सार्वजनिक उपयोग के लिए ये कसरतें फायदेमंद होंगी। आरंभिक तौर पर ग्रामीण तथा शहरी विकास योजनाओं के साथ डंपिंग ग्राउंड के लिए स्थान सुनिश्चित करने होंगे। जंगलों में गिरते पेड़ों की कतार या अवैध रूप से कटते पौधों के कारण भी इस बार मलबा या तो सडक पर आया या शहतीर बन कर नदियों की घाल बन कर देखा गया। जो भी हो जंगल से लुढकते मलबे को इसी की मिट्टी के साथ जोड़ते हुए ढलानों को वैज्ञानिक ढंग से समतल बनाना होगा। डंपिंग सिर्फ मलबे को एक स्थान पर गिराना नहीं, इसे उपयोग में लाने की विधियां ईजाद करनी होंगी। शिमला, धर्मशाला, नयनादेवी, कसौली, डलहौजी या ऐसे ही पर्वतीय स्थलों में समानांतर दौड़ रही दो सडकों के बीच जल रिसाव के कारण जमीन धंसाव के जोन उभर रहे हैं।

## विशेष

# बुजुर्गों के प्रति हृदय में हर पल हो सम्मान का भाव

**-योगेश कुमार गोयल-**

भारतीय संस्कृति में सदा से ही बड़ों के आदर-सम्मान की परम्परा रही है लेकिन आज दुनिया के अन्य देशों सहित हमारे देश में भी वृद्धजनों पर बढ़ते अत्याचारों की खबरें समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई हैं। अधिकांश परिवारों में वृद्ध जिस तरह की उपेक्षा झेलने को मजबूर हैं, उससे ज्यादा पीड़ादायक और क्या हो सकता है! समृद्ध परिवार होने के बावजूद घर के बुजुर्ग वृद्धाश्रमों में जीवनयापन करने को विवश हैं। बहुत से मामलों में बच्चे ही उन्हें बोझ मानकर वृद्धाश्रमों में छोड़ आते देते हैं। हालांकि यह उम्र का ऐसा पड़ाव होता है, जब उन्हें परिजनों के अपनेपन, प्यार और सम्मान की सर्वाधिक जरूरत होती है। एक व्यक्ति जिस घर-परिवार को बनाने में अपनी पूरी जिंदगी खपा देता है, वृद्धावस्था में जब उसी घर में उसे अवांछित वस्तु के रूप में देखा जाने लगता है तो लगता है जैसे उस घर में रहने वालों की इंसानियत और उनके संस्कार मर चुके हैं।

विश्वभर में ऐसे हालात को देखते हुए ही वृद्धजनों के लिए कुछ कल्याणकारी कदम उठाने की जरूरत महसूस हुई थी। इसीलिए वर्ष 1982 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ह्यवृद्धावस्था को सुखी बनाइएह्ल जैसा नारा देते हुए ह्यसबके लिए स्वास्थ्यह्ल अभियान का शुरू किया था। वृद्धों के साथ होने वाले अन्याय, उपेक्षा और दुर्व्यवहार पर लगाम लगाने और वृद्धजनों के प्रति उदारता व उनकी देखभाल की जिम्मेदारी के अलावा उनकी समस्याओं के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र ने 14 दिसंबर 1990 को निर्णय लिया कि प्रतिवर्ष एक अक्टूबर का दिन दुनियाभर में ह्यअंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवसह्ल के रूप में मनाया जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की इस पहल के बाद एक अक्टूबर 1991 को पहली बार यह दिवस मनाया गया, जिसे ह्यअंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवसह्ल के नाम से भी जाना जाता है। बुजुर्गों के प्रति वैसे तो सभी के हृदय में हर पल, हर दिन सम्मान का भाव होना चाहिए लेकिन दिल में छिपे इस सम्मान को व्यक्त करने के लिए औपचारिक तौर पर यह दिन निश्चित किया गया। 1991 में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की शुरूआत के बाद वर्ष 1999 को पहली बार ह्यबुजुर्ग वर्षह्ल के रूप में भी मनाया गया था। इस वर्ष ह्यअंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवसह्ल ह्यस्थानीय और वैश्विक कार्रवाई को आगे बढ़ाने वाले वृद्धजन : हमारी आकांक्षाएं, हमारा कल्याण, हमारे अधिकारह्ल विषय के साथ मनाया जा रहा है। यह विषय लचीले और समतामूलक समाजों के निर्माण, अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को बढ़ावा देने तथा वृद्ध लोगों के अधिकारों और कल्याण को नीति और कार्रवाई का केंद्र बनाने में वृद्धों की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर देता है।

भारतीय समाज में सयुंक्त परिवार को हमेशा से अहमियत दी गई है लेकिन आज के बदलते परिवेश में छोटे और एकल परिवार की चाहत में संयुक्त परिवार की अवधारणा खत्म होती जा रही है। यही कारण है कि लोग अपने बुजुर्गों से दूर होते जा रहे हैं और नई पीढ़ी दादा-दादी, नाना-नानी के प्यार से वंचित होती जा रही है। एकल परिवार के बढ़ते चलन के कारण ही परिवारों में बुजुर्गों की उपेक्षा होने लगी है। न चाहते हुए भी बुजुर्ग अकेले रहने को मजबूर हैं। इसका एक गंभीर परिणाम यह देखने को मिला है कि बुजुर्गों के प्रति अपराध भी तेजी से बढ़े हैं। शहरों-महानगरों में आए दिन बुजुर्गों को निशाना बनाए जाने की खबरें दहला देती हैं। दूसरा गंभीर परिणाम यह कि बच्चों को बड़े-बुजुर्गों का सानिध्य नहीं मिलने के कारण उनके जीवन पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। एक सर्वे के अनुसार दादा-दादी या नाना-नानी के साथ रहने वाले बच्चों का विकास अकेले रहने वाले बच्चों की तुलना में कहीं ज्यादा अच्छा और मजबूत होता है और ऐसे बच्चों में आत्मविश्वास भी अधिक देखने को मिला है। आज पति-पत्नी दोनों ही कामकाजी हैं, ऐसे में बच्चे घर में अकेले रहते हैं और कम उम्र में ही उनमें अवसाद जैसी समस्याएं पनपने लगती हैं। वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने हालांकि वर्ष 1999 में एक राष्ट्रीय नीति बनाई थी तथा उससे पहले वर्ष 2007 में माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण विधेयक भी संसद में पारित किया गया था, जिसमें माता-पिता के भरण-पोषण, वृद्धाश्रमों की स्थापना, चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन और सम्पत्ति की सुरक्षा का प्रावधान था लेकिन इसके बावजूद देशभर में वृद्धाश्रमों में बढ़ती संख्या इस तथ्य को इंगित करती है कि भारतीय समाज में वृद्धों को उपेक्षित किया जा रहा है।

# बच्चों के भविष्य की नींव बचपन में ही रखी जा सकती है

**-किशन सनमुखदास भावनानी-**

वैश्विक स्तरपर हम मनीषी जीव के अनेक रूप देखते हैं, कोई सड़क पर भीख मांग रहा है तो कोई विश्व का सबसे अमीर है !कोई स्वास्थ्यता से डैमेज होकर दिव्यांग है तो कोई विश्व कासबसे स्वस्थ व्यक्ति !कोई बच्चा फुटपाथ पर जीवन जी रहा है तो कोई महलों में है। हालांकि इस स्थिति को किस्मत का खेल भी हम मानते हैं परंतु इस बात से हम इनकार नहीं कर सकते कि अगर एक माली या किसान जमीन में कोई बीज बोकर उसका सतर्कता से ध्यान रखना है, अंकुरित होकर पौधा होने तक उसका पूरा ध्यान रखना है तो अधिकतम संभावना उसके फलदार वृक्ष बनकर आजीवन स्वस्थ उत्पादकता बनी रहती है, जिसकी नीव उसे अंकुरित बीज की देखभाल करने से पड़ी! ठीक उसी तरह अगर हम अपने बच्चों के स्वास्थय, जीवन शैली, स्वस्थ्य विकास, गुणवत्ता सुधार पर उनके बचपन से ही गंभीरता व सतर्कता से ध्यान देंगे तो उनमें गुण ही अंकुरित होते जाएंगे उनके स्वास्थ्य व स्वस्थ्य विकास के फल उनके जीवन पर्यंत मिलेंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ बच्चों में स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्ता सुधार स्वस्थ्य विकास रूपी बीज बोकर उन्हें जीवन पर्यंत स्वस्थ व फलदार वृक्ष रूपी गुणवान बनाएं।

साथियों बात अगर हम३ हम बच्चों के स्वास्थ्य की करें तो, परिवार और उनकी मदद करने के लिए कड़ी मेहनत करने वालों के प्रति अपना समर्थन दिखाते हैं परिवार की आय बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक प्रमुख कारक है। उन्नीसवीं सदी के मध्य तक बच्चों के उपचार के लिए कोई समर्पित सुविधा नहीं थी। उनका इलाज घर पर ही किया जाता था और अगर परिवारों के लिए यह विकल्प नहीहोता था, उस समय बच्चों के स्वास्थ्य की समझ को परिभाषित नहीं किया गया था और अक्सर परित्यक्त और अनाथ बच्चों को शिशु आश्रय गृहों में छोड़ दिया जाता था। अब समय के विकास के साथ बच्चों के स्वास्थ्य और गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। साथियों बात अगर हम विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वैश्विक बाल स्वास्थ्य एजेंडे की करें तो, पिछले दशकों में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों का जीवित रहना वैश्विक बाल स्वास्थ्य एजेंडे का मुख्य केंद्र रहा है। परिणाम स्वरूप, 1990 और 2019 के बीच वैश्विक बाल मृत्यु दर में 60 प्रतिशत की कमी आई। 2020 में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में होने वाली 5.2 मिलियन मौतों में से कई मौतें कमजोर आबादी में केंद्रित थीं, विशेष रूप से उप सहारा अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में !इस बात के प्रमाण के आधार पर कि आजीवन स्वास्थ्य, उत्पादकता और कल्याण की नींव बचपन में ही रखी जाती है, स्वास्थ्य क्षेत्र की यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है कि बच्चे न केवल जीवित रहें, बल्कि फलते-फूलते रहें। सतत विकास लक्ष्यों में छोटे बच्चों के विकास को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट लक्ष्य शामिल हैं, जो मानव पूंजी उत्पन्न करता है जो हर बच्चे का अधिकार है, और न्यायसंगत और सतत प्रगति के लिए आवश्यक है। एक सुरक्षित, स्वस्थ और सुरक्षात्मक वातावरण यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि सभी बच्चे अपनी पूरी क्षमता तक बढ़ सकें और विकसित हो सकें। बता दें 12-14 नवंबर 2024 को मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य और पोषण के लिए रणनीतिक और तकनीकी सलाहकार समूह के विशेषज्ञों की 10 वीं बैठक का एजेंडा विश्व बैंक द्वारा तैयार कर लिया गया है। बचपन की बीमारियों का प्रबंधन गुणवत्तापूर्ण, बाल-केंद्रित प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के कार्यान्वयन का समर्थन करके, डब्लू एचओ देशों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में काम करने में मदद करता है। उसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी बच्चे अपना 10 वां जन्मदिन अच्छे स्वास्थ्य में मना सकें। स्वास्थ्य सुविधाओं में लाए गए बच्चे अक्सर एक समय में एक से अधिक स्थितियों से पीड़ित होते हैं, और पर्याप्त देखभाल प्रदान करना एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। कम संसाधन वाले देशों में प्रथम स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं में, रेडियोलॉजी और प्रयोगशाला सेवाओं जैसे नैदानिक समर्थन न्यूनतम या न के बराबर होते हैं, और दवाएँ और उपकरण अक्सर दुर्लभ होते हैं। इन सीमाओं के बावजूद उच्च-गुणवत्ता वाली देखभाल सुनिश्चित करने के लिए, डब्लूएचओ बचपन की बीमारी के एकीकृत प्रबंधन के निरंतर कार्यान्वयन को बढ़ावा देता है। निमोनिया, दस्त, मलेरिया खसरा और कुपोषण। इसके तीन घटक हैं: स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के केस प्रबंधन कौशल में सुधार, समग्र स्वास्थ्य प्रणालियों में सुधार, और परिवार और सामुदायिक प्रथाओं में सुधार। प्रसार वाले क्षेत्रों के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। इसे 10 वर्ष तक के बच्चों तक विस्तारित करने के लिए चर्चा चल रही है।

साथियों बात अगर हम बच्चों के पालन पोषण की करें तो जिस तरह से माता, पिता और अन्य देखभालकर्ता शुरूआती वर्षों में बच्चों का पालन-पोषण और समर्थन करते हैं, वह स्वस्थ विकास और वृद्धि के लिए सबसे निर्णायक कारकों में से एक है जिसमें स्वास्थ्य, उत्पादकता और सामाजिक सामंजस्य के लिए आजीवन और अंतर-पीढ़ीगत लाभ हैं। बेहतर तरीके से बढ़ने और विकसित होने के लिए, बच्चों को पोषण संबंधी देखभाल प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। इसका मतलब है कि वे पर्याप्त पोषण और अच्छेस्वास्थ्य का आनंद लें, सुरक्षित और संरक्षित महसूस करें, और जन्म से ही सीखने के अवसर प्राप्त करें। बीमारी के दौरान विशेष स्तनपान, टीकाकरण और समय पर देखभाल सभी बच्चे के स्वस्थ विकास और वृद्धि में योगदान करते हैं। स्वच्छ हवा, पानी और स्वच्छता, और खेलने और मनोरंजन के लिए सुरक्षित स्थान भी छोटे बच्चों के लिए तलाशने और सीखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। जब देखभाल करने वालों को उनके देखभाल के तरीकों, परिवार, समुदाय और स्वास्थ्य सेवाओं में समर्थन मिलता है, तो उन्हें लाभ होता है। दूसरों की देखभाल करने के लिए उन्हें खुद को अच्छा महसूस करने की आवश्यकता होती है और इसलिए, देखभाल करने वाले के मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करना उन सेवाओं का एक महत्वपूर्ण पहलू है जो बच्चों के स्वस्थ विकास और विकास का समर्थन करती हैं। साथियों बात अगर हम भारत मैं प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले राष्ट्रीय पोषण सप्ताह की करें तो बच्चों सहित युवाओं का शरीर स्वस्थ तभी होगा जब उसे जरूरी मात्रा में पौष्टिक तत्व मिलते रहेंगे, लेकिन आज के दौर में लगभग सभी उम्र के लोगों में अनहेल्दी फूड हैबिट्स काफी ज्यादा बढ़ गई है।

शरीर के लिए पोषण की जरूरत के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से भारत सरकार के महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा हर साल राष्ट्रीय पोषण सप्ताह मनाया जाता है। जिस तरह इंजन को चलने के लिए पेट्रोल की जरूरत होती है, वैसे ही हमारे शरीर को कार्य करने के लिए आहार की जरूरत होती है, लेकिन शरीर स्वस्थ व निरोगी रहे, हर आयु में उसका विकास सतत रहे तथा शरीर के सभी तंत्र व प्रणालियां सही तरह से कार्य करें, इसके लिए बहुत जरूरी है शरीर को जरूरी मात्रा में पोषण मिलता रहे। लेकिन अलग-अलग कारणों से बहुत बड़ी संख्या में लोग विशेषकर बच्चे जरूरी मात्रा में पोषण ग्रहण नहीं कर पाते हैं और कुपोषण का शिकार हो जाते हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बच्चों के भविष्य की नींव बचपन में ही रखी जा सकती है। आओ बच्चों में स्वास्थ्य देखभाल गुणवत्ता सुधार, स्वस्थ्य विकास रूपी बीज बोकर उन्हें जीवन पर्यंत फलदार वृक्ष रुपी स्वस्थ्य व गुणवान बनाएं। माता- पिता व परिवार द्वारा बच्चों को स्वस्थ जीवन शैली जीने में सतर्कता से ध्यान देने पर उनका पूरा जीवन सफलता से जीने की संभावना बढ़ती है।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान: समृद्धि और स्वाभिमान की राह

**-पवन शुक्ला-**

संकल्प अभियान केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन से जुड़ने और योजनाओं को धरातल तक पहुँचाने का सशक्त प्रयास है। संकल्प का अर्थ है दृढ़ निश्चय और जब यह राष्ट्र-आंदोलन का रूप लेता है तो इसका उद्देश्य केवल आँकड़ों या घोषणाओं तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जीवन में ठोस बदलाव लाना होता है। इस बार का आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती 25 सितंबर से शुरू होकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती 25 दिसंबर तक चलेगा। पहले चरण में अक्टूबर माह में प्रत्येक जिले में जागरूकता कार्यक्रम और संवाद आयोजित होंगे, जबकि दूसरे चरण में नवंबर-दिसंबर में मंडल स्तर तक गतिविधियाँ विस्तारित की जाएँगी। इन गतिविधियों में किसान-वैज्ञानिक गोष्ठियाँ, महिला उद्यमी सम्मेलन, युवाओं के लिए रोजगार मेले और प्रशिक्षण कार्यशालाएँ शामिल होंगी। भविष्य में इसे हर वर्ष ग्राम से महानगर तक सततकार्यक्रमों के रूप में चलाने का लक्ष्य है, ताकि यह एक स्थायी राष्ट्रीय परंपरा बने और देश की विकास-यात्रा को नया आयाम दे। उत्तर प्रदेश इस अभियान का प्रमुख केंद्र है, जहाँ हाल ही में विकसित कृषि संकल्प अभियान के माध्यम से किसानों तक सीधी पहुँच बनाई गई। आँकड़े बताते हैं कि प्रदेश के 15 लाख से अधिक किसानों को लाभ पहुँचाया गया। इनमें से 5 लाख किसानों को मिट्टी स्वास्थ्य कार्ड दिए गए, 3 लाख से अधिक को नए बीज और जैविक खाद के प्रशिक्षण से जोड़ा गया और लगभग 4 लाख किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किश्त अभियान के दौरान वितरित की गई। किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत भी 1 लाख से अधिक नए कार्ड बनाए गए। इसी दौरान एक ज़िले एक उत्पाद (डउ्डढ) योजना से जुड़े 3 हजार से अधिक उद्यमियों को बाजार से जोड़ा गया। यह पहल केवल कृषि तक सीमित नहीं रही, बल्कि स्थानीय स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्वावलंबन की राह पर अग्रसर करने का प्रयास भी बनी। महिलाओं के लिए संकल्प अभियानों की अपनी अलग पहचान रही है। उत्तर प्रदेश में ही इस वर्ष 27 लाख महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं। इनमें से 10 लाख महिलाएँ खाद्य प्रसंस्करण और डेयरी उत्पादन में सक्रिय हैं, जबकि 5 लाख से अधिक महिलाएँ वस्त्र और हस्तशिल्प क्षेत्र में काम कर रही हैं। केवल 6 महीनों में महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री 2 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो चुकी है। यह आँकड़े बताते हैं कि स्वदेशी उत्पादों और महिला श्रमशक्ति का संगम आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को गहराई और ताकत प्रदान कर रहा है। युवाओं के लिए यह अभियान विशेष महत्व रखता है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और कौशल विकास जैसे कार्यक्रम संकल्प अभियान की व्यापक सोच का ही हिस्सा हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने कौशल विकास मिशन के तहत 2025 की पहली छमाही में 70 हजार युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया। इसी दौरान राज्य में 5 हजार से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हुए, जिनमें से 2 हजार को प्रत्यक्ष आर्थिक सहयोग मिला। रोजगार मेलों के माध्यम से 45 हजार युवाओं को नौकरी का अवसर मिला। यह प्रयास युवाओं को केवल रोजगार दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें स्वावलंबन और उद्यमिता की राह पर अग्रसर करने का माध्यम भी है।

अभियान में कार्यशालाओं की अहम भूमिका है। देशभर में आयोजित होने वाली ये कार्यशालाएँ तीन स्तरों पर होंगी-ग्राम, ज़िला और मंडल। इनके उद्देश्यों में किसानों को नई तकनीक और योजनाओं से जोड़ना, युवाओं को उद्यमिता और डिजिटल कौशल में प्रशिक्षित करना तथा महिलाओं को समूह-आधारित व्यवसाय के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है। विशेषज्ञ, उद्योगपति, सरकारी अधिकारी और स्थानीय नेतृत्व इन कार्यशालाओं में संवाद करेंगे, ताकि योजना और जमीनी हकीकत के बीच की दूरी घटाई जा सके।

इसी सिलसिले में अभियान के तहत वोकल फॉर लोकल पहल को भी राष्ट्रीय स्वर दिया जा रहा है। नागरिकों को स्थानीय उत्पादों के उपयोग और प्रचार के लिए प्रेरित किया जा रहा है, चाहे वह हस्तशिल्प हो, परिधान हो या खाद्य सामग्री। साथ ही, लोगों को विदेशी पर्यटन स्थलों के बजाय भारत के ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों की यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे घरेलू पर्यटन को बल मिलेगा, स्थानीय समुदायों को रोजगार मिलेगा और स्वदेशी उत्पादों की खपत बढ़ेगी। यह प्रयास स्वदेशी भावना को केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहने देता, बल्कि उपभोग और जीवनशैली तक विस्तारित करता है।

कानपुर का उदाहरण इस प्रयास का प्रमाण है। एक इंजीनियरिंग स्नातक ने संकल्प अभियान की कार्यशालाओं से प्रेरणा लेकर स्टार्टअप शुरू किया। बैंक से 25 लाख रुपये का ऋण मिला और उसने एक कृषि-तकनीक उपकरण विकसित किया। यह उपकरण सिंचाई में 30% तक पानी बचाता है और आज 6 जिलों में उपयोग हो रहा है। इस नवाचार से 50 से अधिक युवाओं को रोजगार भी मिला।

अभियान की विशेषता यह है कि इसमें सभी हितधारकों को जोड़ा गया है। किसान खेत में वैज्ञानिक से संवाद करता है, युवा उद्योग जगत से प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं और महिलाएँ स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से बाजार से जुड़ती हैं। केंद्र और राज्य सरकारें, कृषि वैज्ञानिक, प्रशासनिक अधिकारी, उद्योगपति, शैक्षणिक संस्थान, पंचायतें और आम नागरिक-सभी इस साझा प्रयास के स्तंभ हैं। यही सामूहिकता इसे केवल सरकारी योजना न बनाकर एक साझा राष्ट्रीय यात्रा का रूप देती है। लखनऊ की एक महिला उद्यमी ने कहा कि पहले उनके उत्पाद गाँव से बाहर नहीं जाते थे, लेकिन अब प्रशिक्षण और विपणन सहयोग मिलने से दिल्ली और मुंबई तक पहुँच रहे हैं। वाराणसी के एक युवा ने साझा किया कि स्टार्टअप योजना से जुड़कर उसने अपने छोटे से मोबाइल एप को व्यवसाय में बदल दिया है। यह आवाजें बताती हैं कि संकल्प अभियान केवल कागजी घोषणाओं का नाम नहीं, बल्कि धरातल पर बदलाव की कहानी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा था कि संकल्प अभियान किसानों और युवाओं के लिए नयी राहें खोलेगा और उन्हें अपने सपनों को साकार करने का अवसर देगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने भी स्पष्ट शब्दों में कहा कि संकल्प अभियान आत्मनिर्भर भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा। संकल्प अभियान केवल योजनाओं का प्रचार नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग को जोड़ने वाला आंदोलन है जो स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को जीवन का हिस्सा बनाता है। इस अभियान का आत्मिक आधार प्राचीन भारतीय विचारधारा से भी मिलता है। ऋग्वेद का मंत्र कहता है-संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम- अर्थात हम सब साथ चलें, साथ बोलें और अपने मन को एक करें। यही मंत्र आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की आत्मा है, जहाँ एकजुट होकर स्वदेशी और स्वावलंबन के माध्यम से भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। और यहीं से भविष्य की राह खुलती है। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि स्वदेशी और स्वावलंबन की चेतना को हर क्षेत्र में प्रवाहित करने का आंदोलन है। जब गाँवों के कुटीर उद्योग स्थानीय से वैश्विक बाजार तक पहुँचेंगे, जब किसान तकनीक और परंपरा का संगम कर पाएगा, जब महिला अपने श्रम से घर-परिवार ही नहीं, समाज की रीढ़ बनेगी, जब युवा अपने नवाचार से नए अवसर गढ़ेगा, और जब नागरिक भारतीय पर्यटन स्थलों की यात्रा कर स्वदेशी उत्पादों को अपनाएगा।

# बिहार में चुनौतियो के पार है उम्मीद

**-कांतिलाल मांडोत-**

राजनैतिक बैरोमीटर बता रहा है कि बिहार में विपक्षी दल सतारूढ़ के खिलाफ मोचाबंदी कर रहे है। भाजपा और नितीश कुमार खेमे में विपक्ष के आरोपों का कोई मलाल नही है। कांग्रेस पूछती है, आखिर मोदी को उन नीतियों के लिए कैसे इतना बड़ा जनसमर्थन मिल गया जिसे विपक्ष के लोग भारतीय लोकतंत्र और सेक्युलर ढांचे के खिलाफ मानते है। जरा विचार कीजिये अपने कद से बडी इंदिरा गांधी को जब 1977 में लोकसभा में तत्कालीन जनता पार्टी आज भाजपा से सामना करना पड़ा औड़ उसके हाथ से भी सत्ता निकल गई है। तब वह न हताश हुई और न ही नाराज। इन्दिरा ने हार को अवसर माना औड़ फिर से अपनी पार्टी को खड़ा कर दिया। इंदिरा गांधी की पीएम के पद पर रहते ही उनकी हत्या कर दी गई। इंदिरा की हत्या के बाद देश के पीएम राजीव गांधी को बनाया गया। परिवारवाद के विरोधी लालू प्रसाद यादव भी रहे है, जबकिउनका परिवार गांधी परिवार की तरह ही पूरा का पूरा परिवार राजनीति में है। लालू ने अपनी पत्नी को सीएम बना दिया। दरअसल, लालू ने जेल में रहकर सरकार चलाई थी।

इंदिरा गांधी का नौजवान बेटा संजय गांधी, जिसने 1975 में इमरजेंसी लगवाने और जनता पर अनुशासन के नाम पर जुल्म ढाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। ज्यादा सच्चाई को समझता था। उन्होंने कांग्रेस की हार में अपनी भूमिका मानकर माफी मांग ली। लेकिन हमने ऐसी कोई बात राहुल गांधी से नही सुनी, जबकि सोनिया गांधी की गैरमौजूदगी में कांग्रेस पार्टी के प्रभारी थे। सोनिया गांधी के समाज शास्त्र की भूमिका में अभी प्रियंका वाड्रा चल रही है। कांग्रेस के नेताओ के बीच बात का विरोधाभास कही न कही पार्टी के जनाधार पर असर डाल रहा है। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के वर्ष 2014 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी.चिदम्बरम ने अपने आलेख में नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की थी। कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर ने भी कहा था कि कांग्रेस की अपनी नीतियों में बदलाव की आवश्यकता है। कांग्रेस के दिग्गज नेता अय्यर ने कहा था कि ये चायवाला कभी भी प्रधानमंत्री नही बन सकता। हम अपने सम्मेलन स्थल पर उसको चाय बेचने की कुछ जगह दे सकते है। ऐसा तंज मोदी के लिए कांग्रेस के नेताओ में ही नही, बल्कि लालू और ममता बनर्जी में भी है।

> **भारत मे मोदी की छाया में सेक्युलर लोकतंत्र पर कोई खतरा नही है। बिहार में बीस साल से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री है। बिहार में कांग्रेस और राजद दोनो भाजपा पर हमलावर है। कांग्रेस का साथ वोटनीति और वोटचोरी के कथित आरोप में राजद भी शामिल रही है।**

2014 के लोकसभा चुनाव के बाद एके एंटनी की अगुवाई में एक कमिटी बनाई, जिसका काम कांग्रेस की हार का पता लगाना था। अपनी रिपोर्ट तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया को सौंप दी गई थी। मजे की बात यह है कि कांग्रेस के किसी नेता ने उस रिपोर्ट को नही देखा। सामने आया कि कांग्रेस अल्पसंख्यको के पक्ष वाली पार्टी है।

भारत मे मोदी की छाया में सेक्युलर लोकतंत्र पर कोई खतरा नही है। बिहार में बीस साल से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री है। बिहार में कांग्रेस और राजद दोनो भाजपा पर हमलावर है। कांग्रेस का साथ वोटनीति और वोटचोरी के कथित आरोप में राजद भी शामिल रही है। लेकिन लोग जागृति और अन्याय का मुद्दा लेकर दोनों दलों ने मुहिम छेड़ी थी। दरअसल, कालांतर में राजद के अध्यक्ष तेजस्वी यादव और पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अपना हाथ को लंबे समय तक थामना अनुचित समझा। इसलिए उनके रास्ते अलग थलग रहे। कांग्रेस की जनाधार खिसकने के ऐसे कई कारण है, पर इन कारणों पर कांग्रेस ने कभी भी मंथन नही किया।

राजनीति अजीब विधा है। यह मित्रो को शत्रु और शत्रुओं को मित्र बना देती है। बार बार कांग्रेस की राज्यो में हार के बाद कांग्रेस को अब मान लेना चाहिए कि केंद्र में राज करने का उसका वक्त नही है। दुनिया भर में राष्ट्रवाद के उभार को देखते हुए और विकास की बुलंदियों को चुने वाली रास्ट्रीय स्वयं संघ के रथ पर बैठ सत्ता में आई भाजपा का है और नरेंद्र मोदी व अमित शाह उसके सारथी है। राष्ट्रवाद के इस दौर की उम्र भले ही वैश्विकवाद व उदारवाद से थोड़ी कम रहे पर 50 साल से कम तो नही है। कांग्रेस के पास अब करने के लिए दो काम है। एक, वह अपनी नई भूमिका को पहचाने और उसके लिए काम करे। और राज्यो में अपने बचे हुए अस्तित्व को प्रभावी बनाने के लिए ठोस फैसले ले। बिहार में कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी के लिए सोनिया अपने बेटे की कमजोरी जानती है। सामने खडी चुनौती के बावजूद राहुल गांधी बेफिक्र होकर भाजपा पर आरोपो की झड़ी लगा रहे है। वोट चोरी के बाद अब राहुलने भाजपा पर पेपरलिंक चोर का आरोप लगा दिया है। महिला शशक्तिकरण की अलख जगाकर बिहार में महिलाओ को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोदी ने 75 लाख महिलाओ को पिछले दिनों उनके खातों में दस दस हजार ट्रान्सफर किये। स्वदेशी अपनाओ की धारणा को गतिमान बनाने की अहम कड़ी है। बिहार में विकास हुआ है। स्वरोजगार योजना में महिलाओ के खातों में दस दस हजार की रकम ट्रांसफर करने के वक्त प्रियंका गांधी ने भी मौका का फायदा उठाकर एक सभा मे महिलाओ को अपील करते हुए कहा कि नीतीश कुमार को हराना है। लिहाजा, प्रियंका ने उपस्थित महिलाओ से आग्रह किया।

1940 के बाद कांग्रेस ने बिहार में सीवीसी की बैठक रखी। 2020 के चुनाव में 70 सीटों में कांग्रेस को 19 सीटे मिली थी। कांग्रेस ने 1947 से 1967 तक बिहार को चार मुख्यमंत्री दिये। 1990 से 2020 तक कांग्रेस बिहार में अपना मुख्यमंत्री नही बना सकी। बिहार का चुनाव अभी तक घोषित नही हुआ है। लेकिन बिहार में अभी से चुनावी तापमान बढ़ने लगा है। बिहार में ऐसे जनप्रतिनिधियों की आवश्यकता है, जोकि ईमानदार, पारदर्शी और जाति-धर्म से ऊपर उठकर लोगो का काम करे। बिहार में विकास पुरुष की ही जरूरत है। इसके लिए राज्य के समीकरण बनते बिगड़ते रहते है।

बिहार में दीपावली तक ऐसा ही माहौल बना रहेगा और दीपावली के बाद राजनीतिक मंच साझा होंगे। जनता को लुभावने वादे किए जाएंगे। लेकिन खासबात तो यह है कि रोजगार, नौकरियां और उधोग की विस्तारवादी नीतियों को उजागर करने वाले प्रत्याशियों की तलाश जनता कर चुकी है। कांग्रेस ने पिछले 50 सालों में जनाधार वाले अपने सभी संगठनों को मार दिया है। गांधी के जिस रचनात्मक कार्यों के माध्यम से वह दुरुस्त गांवो तक लोगो के मन मे समाई थी, सता सुख में डूब जाने के बाद वे सभी भुला दिए गए। गांवो में आज भी लोग निरक्षर जनता हाथ वाली सरकार के नाम से जानते है। लेकिन उसकी जगह अब मोदी ने ले ली है। राहुल अभी भी भाजपा पर आक्रामक दिखाई दे रहे है। राहुल की कमी यह है कि वे तथ्यात्मक बाते नही करते है। सदन में हिन्दुओ को हिंसक कहना और उदयपुर राजस्थान में हिंदुत्ववादी पर कटाक्ष करने जैसे मुद्दे हावी होते गए है। कांग्रेस के लिए बिहार आशा की यही सबसे बड़ी उम्मीद है।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

P-07:28 paga09_jhn.qxd 10/9/2025 8:19 PM Page 1



# वेंक्टेश्वरा में विश्व दृष्टि दिवस पर नेत्रदान जागरूकता अभियान एवं सेमिनार का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** विश्व दृष्टि दिवस-2025 के अवसर पर श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के अधीन वेंक्टेश्वरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (VIMS), मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में ÷नेत्रदान जागरूकता अभियान-2025÷ एवं ÷लव योर आइज÷ विषय पर एकदिवसीय सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया।सेमिनार का शुभारम्भ प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुरेश मेहता, नेत्र रोग विभागाध्यक्ष डॉ. किशोर गावेकर, कर्नल डॉ. सुमित सिंह एवं अन्य चिकित्सकों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर देश के एक दर्जन से अधिक नेत्र विशेषज्ञों ने भाग लिया और आँखों की देखभाल, नेत्र रोगों की रोकथाम तथा मरणोपरांत नेत्रदान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। विशेषज्ञों ने बताया कि ÷आँखें शरीर में ईश्वर का सबसे अनमोल उपहार हैं, मरणोपरांत नेत्रदान कर हम किसी नेत्रहीन के जीवन में रोशनी भर सकते हैं।÷ वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि ÷आँखें ईश्वर का दिया सबसे अनमोल उपहार हैं। मरणोपरांत नेत्रदान कर किसी अंधे व्यक्ति के जीवन की रोशनी बनने का पुनीत कार्य करना चाहिए। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि ÷नेत्रदान-महादान है। दृष्टिहीनता को दूर करने में शिक्षण संस्थान, सामाजिक संगठन और आमजन को मिलकर आगे आना होगा।÷ विख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. किशोर गावेकर ने कहा कि ÷देश में तेजी से बढ़ते 'आई बैंक' से नेत्रहीनों में नई आशा जगी है, लेकिन अंधत्व मिटाने के लिए 'ब्लड बैंक' की तर्ज पर हजारों 'नेत्र बैंक' स्थापित करने की जरूरत है। हमें सभी को नेत्रदान की शपथ लेनी चाहिए।

कार्यक्रम में संस्थान के मेडिकल छात्रों ने ÷नुक्कड़ नाटक÷ प्रस्तुत कर नेत्रदान के महत्व को रेखांकित किया। नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया कि ÷स्वैच्छिक नेत्रदान से विश्व के लगभग तीन करोड़ नेत्रहीनों के जीवन में उजाला किया जा सकता है।÷ सेमिनार के दौरान 34 लोगों ने स्वैच्छिक रूप से नेत्रदान पंजीकरण फॉर्म भरकर जीवन में नेत्रदान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर, कुलपति प्रो0 कृष्ण कान्त दवे, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ0 सुरेश मेहता, नेत्र रोग विभाग के एच0ओ0डी0 डॉ0 किशोर गावेकर, कर्नल डॉ0 सुमित सिंह, डॉ0 अभय भटनागर आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर डॉ0 सुमित सिंह, डॉ0 बी0एस0 त्यागी, डॉ0 अभय भटनागर, डॉ0 सुप्रीति भटनागर, डॉ0 अनुराग मिश्रा, डॉ0 शुभा मकसूद, डॉ0 विनीत सिंह, डॉ0 प्रदीप, डॉ0 संगम, डॉ0 अनुकृति, डॉ0 रूबी, डॉ0 तरन्नुम, डॉ0 आलोक, डॉ0 अदिति, मेरठ परिसर से डॉ0 प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंग सुन श्रद्धालु हुए भाव विभोर

**उत्तम भारत संवाददाता**

**हसनपुर।** क्षेत्र के गांव हथियाखेड़ा में चामुंडा मंदिर पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन बुधवार रात का शुभारंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने किया। वृंदावन से आए कथा व्यास श्याम प्रभु दास महाराज ने कहा कि भगवान ने ऐसी अनेक लीलाएं की जिसमें मर्यादाओं को तोड़कर दीनजनों को अपनाया और अपनी भगवत्ता को सिद्ध कर दिखाया। कंस की भेजी हुई पूतना बड़ा दिव्य सौंदर्य बनाकर गोकुलधाम में पहुंच गई। साधारण शिशु मानकर पूतना ने भगवान श्रीकृष्ण को गोद में उठा लिया। अपनी गोद में लेकर विषयुक्त दूध प्रभु को पिलाना प्रारंभ किया तो भगवान ने उसके प्राणों को पीना प्रारंभ कर दिया। पूतना भयंकर चीत्कार करती हुई मर गई। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, पवन राज जाटव, पूर्व ग्राम प्रधान ओमकार सिंह, डोरी सिंह, परसोत्तम सिंह, जयकरन सिंह, ऊदल सिंह, कमल सिंह, सुरेश सिंह, अजयपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, विजय सिंह, जगत सिंह, कलुआ सिंह, फूल सिंह, नन्हुआ सिंह, लाल सिंह, प्रकाश सिंह आदि रहे।

# ऑन लाईन सट्टेबाज़ी से ठगी करने वाले दो लोग चढ़े पुलिस के हत्थे



*** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने किया खुलासा**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने ऑनलाईन सट्टेबाज़ी करके ठगी करने वालों की गिरफ्तारी पर खुलासा किया है। संयुक्त टीम द्वारा लोन माफ कराने के नाम पर जनता से उनके बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड प्राप्त कर संबंधित खातों में फर्जी तरीके से मोबाइल नम्बर बदलवा कर गेमिंग साइट पर प्राप्त धनराशि डिस्ट्रीब्यूट करने वाले गैंग के 02 आरोपी गिरफ्तार किये। थाना साइबर क्राइम जनपद सम्भल प्रभारी निरीक्षक अमन सिंह मय हमराह की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस द्वारा मिली जानकारी अनुसार एक संगठित गिरोह द्वारा एक अवैध ऑनलाइन सट्टेबाज़ी प्लाट्फ़ोर्म चलाया जा रहा था। गिरोह के कर्ता धर्ताओं द्वारा फ्रेंचाईज़ी माई बॉबसेवनसेवनसेवन बनाया गया था जिसमें भारत के अलग अलग हिस्सों में फ्रेंचाईज़ी खोली गयी थी।

इसी प्रकार की एक फ़्रैंचायज़ वर्तमान समय में शालिमार बाग दिल्ली में संचालित थी। इस फ़्रैंचायज़ के मालिक जय कक्कड़ और आदित्य गुप्ता थे। इस फ़्रैंचायज़ का मैनेजर इंगित कोहली निवासी चन्दौसी हाल पता पंचकुला हरियाणा था जो कि अवैध ऑनलाइन सट्टेबाज़ी का संचालन कर जनता का फर्जी तरीके से खाते खुलवाकर पैसा प्राप्त करते थे व आपस में बाँटते थे तथा पूर्व में जेल में गये दीपक सिंह की मदद से आधार कार्ड में पता परिवर्तन करवा कर नया फर्जी आधार कार्ड बनवा कर फर्जी पते पर सिम आवंटित करवाते थे तथा उन सिम को फर्जी तरीके से प्राप्त खातों से लिन्क करवाते थे जिससे कि पुलिस इन अभि0गणों तक न पहुँच पाये। अतः सट्टेबाज़ी करने वाले यूज़र्ज़ से सट्टेबाज़ी करने के एवेज में इन सट्टेबाज़ी प्लाट्फ़ोर्म को प्राप्त करने होते थें। मुकेश कक्कड़ इस अवैध आनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म के खातों की सम्पूर्ण मॉनिटरिंग एक अवैध तरीके से प्राप्त सिम से किया करता था तथा अर्जित अवैध तरीके से भारी मात्रा में कैश का लेन-देन किया करता था। पूर्व में जेल में गये तान्या उर्फ तन्नू तलवार जो कि एनआईएनए नाम का गेमिंग पैनल, अजय जो कि किंग नाम का पैनल, सार्थक जो कि एडडेय बुक चलाते थे, ठीक तरह अंकित अपने एसीई बुक पैनल में अवैध खातों में अवैध नं0 से ग्रुप का संचालन कर अवैध ऑनलाइन गेमिंग एप के नाम धन प्राप्त करता था। गिरफ्तार आरोपीगण मुकेश कक्कड़ पुत्र दर्शनलाल कक्कड़ नि0 बी-293, इंदिरा विहार, मुखर्जी नगर थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली, 09 हाल नि0 बी-69 डेरावाल नगर, प्रथम फ्लोर, थाना मॉडल टाउन, दिल्ली। अंकित कुमार पुत्र शिव कुमार सिंह नि0 बी- 302, मजलिश पार्क, थाना- मॉडल टाउन, दिल्ली। बताये जाते हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक अमन सिंह थाना साइबर क्राइम जनपद सम्भल,उ0नि0 बसंत यादव, उ0नि0 विवेक दहिया, 4. आरक्षी जितेन्द्र चौधरी, आरक्षी शुभ नारायण, आरक्षी आकाश पंवार, आरक्षी सागर रघुवंशी, आरक्षी रितेश चौधरी, आरक्षी नवीन कुमार शामिल रहे।

# सपाइयों ने मनाई कांशीराम की पुण्यतिथि

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** सपा जिला कार्यालय पर गुरुवार को दलित नेता कांशीराम की पुण्यतिथि मनाई गई। सपाइयों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने उनके जीवन वृतांत की जानकारी दी। नौगावां सादात विधायक समरपाल सिंह ने कहा काशीराम ने हमेशा पिछड़े, अनुसूचित व अल्पसंख्यक वर्ग की दिशा एवं दशा को बदलने का प्रयास किया। इस दौरान चंद्रपाल सैनी, संतराम सिंह यादव, मुख्तार नकवी, मुमताज खां, अतीक अहमद, राधेलाल रघुवंशी, विपिन कुमार, विवेक यादव, रविपाल चिकारा, वीर सिंह, रिजवान हैदर, मयंक प्रताप, रणवीर सिंह, सचिन कुमार आर्य, महेश कुमार, रहमान, विवेक यादव, रविंद्र कुमार, तुषार रघुवंशी, रविपाल, संजय यादव, जुबैर अली, राजेंद्र सिंह गुर्जर, अशोक यादव, प्रदीप यादव, विवेक यादव, हेमंत कुमार, धर्मपाल सिंह यादव और सचिन कुमार एडवोकेट आदि रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने जब्त किए 3500 डिब्बे सोनपापड़ी, नमूने जांच के लिए भेजे



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** दिवाली त्योहार से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने जिले में मिलावटखोरों पर बड़ी कार्रवाई की है। गजरौला के मोहल्ला जलालनगर स्थित एक सोनपापड़ी फैक्ट्री पर छापेमारी कर विभाग ने बड़े मिलावट रैकेट का भंडाफोड़ किया है। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में पाया गया कि फैक्ट्री बिना लाइसेंस व पंजीकरण के संचालित हो रही थी। साथ ही खाद्य सुरक्षा मानकों का घोर उल्लंघन करते हुए सोनपापड़ी तैयार की जा रही थी। टीम को मौके से पता चला कि काजू और पिस्ता की जगह रंगीन मूंगफली का इस्तेमाल किया जा रहा था। पैकेट पर सोनपापड़ी को ÷खाद्य तेल से निर्मित÷ बताया गया था, जबकि वास्तव में रिफाइंड तेल का सही नाम घोषित नहीं किया गया था। टीम ने फैक्ट्री से करीब 3500 डिब्बे (400 ग्राम वाले) सोनपापड़ी के, कुल लगभग एक लाख पाँच हजार रुपये की मिठाई व कच्चा माल जब्त किया है। मौके से सोनपापड़ी, रिफाइंड तेल, मैदा समेत चार नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं।

# अक्तूबर माह में संचालित की जाएं क्षेत्र की चीनी मिल

**उत्तम भारत संवाददाता**

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट पदाधिकारियों की मासिक बैठक गुरुवार को मंडी समिति परिसर में हुई।

किसानों की समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। संगठन ब्लॉक अध्यक्ष काले सिंह ने कहा कि किसानों की धान की फसल तैयार है। लेकिन अभी तक सरकारी क्रय केंद्रों पर तोल चालू नहीं हुई है। जल्द ही क्रय केंद्रों पर तोल चालू की जाए। गन्ने की लागत को देखते हुए गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल घोषित किया जाए। चीनी मिलों को अक्तूबर माह में ही चलाया जाए। तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह ने कहा कि आगामी 13 अक्तूबर को संगठन नेता राकेश टिकैत गजरौला आ रहे हैं। किसानों से अपील की कि वह अधिक से अधिक संख्या में गजरौला पहुंचे। 17 अक्तूबर को कलक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन किए जाने व 25 अक्तूबर को तहसील स्तरीय मीटिंग चीनी मिल कालाखेड़ा में आयोजित किए जाने की जानकारी दी। रोहतास सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वृत पाल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, राजीव चौधरी, आनंदपाल सिंह, महेश ठाकुर, संजीव बालियान, शीशपाल सिंह, कुंवरपाल सिंह, रनवीर फौजी, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# करवाचौथ के उपलक्ष मे विश्व हिन्दू परिषद मातृशक्ति ने लगाया मेंहदी कैम्प



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति की जिला संयोजिका दीपा वार्ष्णेय द्वारा संभल में फ्री मेहंदी कैंप लगवाया गया। जिसमे महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कल करवा चौथ का पवित्र त्यौहार है प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी करवाचौथ पर दुर्गावाहिनी के द्वारा मेहंदी के शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें हमारी सनातनी माताओं बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। जिसमें मातृशक्ति की जिला संयोजिका दीपा वार्ष्णेय जी तथा अन्य दायित्वान माताएं बहनें भी उपस्थित रहीं । यह कैंप संभल के मुख्य बाजार में लगा।

# अमरोहा ट्रेड फेयर की तैयारियां तेज, जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** रामलीला मैदान, जे.एस. हिन्दू डिग्री कॉलेज के सामने 09 से 18 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले अमरोहा ट्रेड फेयर की तैयारियां जोरों पर हैं। इस संबंध में आज जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेले की सफल आयोजन व्यवस्था के लिए विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने कार्यो का समयबद्ध और प्रभावी ढंग से निर्वहन करने के निर्देश देते हुए कहा कि मेले में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए ताकि स्थानीय उत्पादों और स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा मिल सके। मेले की सम्पूर्ण व्यवस्था हेतु मुख्य विकास अधिकारी श्री अश्वनी कुमार मिश्र को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उनके सहयोग हेतु सह-प्रभारी के रूप में उपायुक्त उद्योग केन्द्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, उपनिदेशक कृषि, उपायुक्त जीएसटी और जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। मेले का विधिवत उद्घाटन 11 अक्टूबर को सायं 5 बजे जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। इसके पश्चात सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। फेयर प्रतिदिन दो सत्रों में आयोजित होगा- प्रथम सत्र- दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक, जिसमें विभिन्न विभाग अपनी योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी देंगे तथा लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रेरित करेंगे। द्वितीय सत्र- सायं 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। फेयर में पुलिस सहायता केन्द्र की जिम्मेदारी क्षेत्राधिकारी अमरोहा को दी गई है, जबकि निःशुल्क चिकित्सा डेस्क का संचालन मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा किया जाएगा। बैठक के बाद जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने अधिकारियों के साथ फेयर स्थल का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अश्वनी कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री शक्ति सिंह, जिला विकास अधिकारी श्रीमती सरिता द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा दत्त, उप निदेशक कृषि डॉ. रामप्रवेश, अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार, तथा उपायुक्त उद्योग श्री शैलेन्द्र सिंह सहित सभी प्रभारी और सह-प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# कल्कि महोत्सव विकासोत्सव मे 56 ट्राईसाईकिल 29 जोड़ी बैसाखी का वितरित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** बहजोई के बड़ा मैदान चल रहे सम्भल कल्कि महोत्सव/विकासोत्सव 2025 में आज चतुर्थ दिवस के प्रथम सत्र में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ जन सम्मेलन सोशल सेक्टर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि सदस्य विधानपरिषद उत्तर प्रदेश सतपाल सैनी रहे। उनका जनपद संभल की सम्मान की नई परंपरा पंचोपचार के द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। सतपाल सैनी एवं जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं अन्य अतिथि गणों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत डीडीआरएस योजना के अंतर्गत एस जे हाई स्कूल संस्था आवासीय विद्यालय रतनपुर खुर्द एवं परिषदीय विद्यालय की बालिकाओं एवं दिव्यांगजन छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गयी। भारतीय चरित्र निर्माण संस्थान नई दिल्ली से आए स्वामी कृष्णानंद झा ने कर्मयोगी विषय पर चर्चा की उन्होंने कहा कि कर्मयोगी बने। संभल एक धर्म की भूमि है यहाँ भगवान कल्कि का अवतार होना है। उन्होंने बताया कि मिशन कर्मयोगी एक ऐसी योजना है जो आपको आपके परिवार से राज्य तक राज्य से देश तक और देश से विश्व तक जोड़ती है। उन्होंने कहा कि कर्म योगी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है हमें निस्वार्थ भाव से कार्य करना चाहिए। हमें परमार्थ के लिए कार्य करना चाहिए तथा लोकहित कर्मयोगी का संकल्प होता है। उन्होंने जनपद संभल में मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत किए जा रहे कार्यो को लेकर भी चर्चा की । जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पाण्डेय द्वारा दिव्यांगजनों से संबंधित विभागीय योजनाओं के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी द्वारा दिव्यांगजन विभाग के लिए अलग से बैठक की जाती है ताकि बैठक के अंतर्गत दिव्यांग जनों से संबंधित समस्याओं एवं कार्यो की अच्छे से समीक्षा की जा सके। विभाग द्वारा पीपीटी के द्वारा भी दिव्यांगजनों के लिए किया जा रहे कार्यों के विषय में बताया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य अतिथि गणों द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सौजन्य से कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजनों को निशुल्क 56 ट्राईसाईकिल, 29 जोड़ी बैसाखी, 01 व्हीलर चेयर वितरित की गयीं। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा विभागों की योजनाओं से संबंधित लगायीं गयीं स्टालों का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष,तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पाण्डेय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार, एवं संबंधित कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत स्वाभिमान क्रांति रथ यात्रा का सम्भल मे किया गया भव्य स्वागत



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** भारत राष्ट्रीय सेवक संघ के तत्वावधान में आरंभ हुई भारत की मिट्टी, भारत का स्वाभिमान क्रांति रथ यात्रा संभल जनपद में पहुँचकर जनजागरण की नई ऊर्जा का संचार कर रही है। 3 अक्टूबर 2025 को भारत की राजधानी नई दिल्ली के जंतर मंतर से प्रारंभ हुई यह ऐतिहासिक यात्रा, देशभर में नागरिक चेतना का संदेश फैलाती हुई 15 अक्टूबर 2025 को भारतदृनेपाल सीमा, बहराइच में अपने गौरवशाली लक्ष्य पर पहुँचेगी।

यह रथ यात्रा केवल एक साधारण रैली नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का प्रखर अभियान है कृ एक ऐसी चेतना यात्रा, जो हर नागरिक के मन में स्वाभिमान, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रीय एकता की ज्योति प्रज्वलित कर रही है। इसके मूल उद्देश्यों में नागरिकों को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक एकता, भारतीय संस्कृति की पुनः प्रतिष्ठा तथा मातृभूमि के प्रति गहन संवेदनशीलता विकसित करना सम्मिलित है। यात्रा में युवा, महिलाएँ, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यार्थी एवं नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होकर इसे जनांदोलन का रूप दे रहे हैं। विभिन्न पड़ावों पर जनसभाएँ, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और संवाद गोष्ठियाँ आयोजित की जा रही हैं, जिनमें वक्ताओं ने नागरिक उत्तरदायित्व, स्वच्छता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा पर विशेष बल दिया। आज संभल शहर में इस रथ यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। नागरिकों ने फूल मालाओं, जयघोषों और नारों से स्वागत कर यात्रा को जनोत्सव में परिवर्तित कर दिया। जब यह यात्रा पहुँची, तो उत्साह का वातावरण चरम पर पहुँच गया - जनमानस में राष्ट्रीय गौरव और आत्मविश्वास की लहर स्पष्ट रूप से देखी गई। भारत राष्ट्रीय सेवक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. विनोद नागर के दूरदर्शी नेतृत्व में संचालित यह यात्रा आज राष्ट्र के हर हृदय में आत्मगौरव और जागरण का संदेश पहुँचा रही है। 15 अक्टूबर को यह रथ यात्रा जब भारत-नेपाल सीमा पर अपने ऐतिहासिक समापन पर पहुँचेगी, तब यह देश में राष्ट्र पुनर्जागरण और आत्मनिष्ठा के नए युग की नींव रख चुकी होगी। जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रथ यात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर अशोक कुमार अधाना, कुलदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, मिंकू चौधरी, सुभाष चाहल, शिवनारायण सैनी, अनमोल कुमार, सरदार गुरु वचन सिंह, धीरज सिंह सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रपति शासन लगाये जाने के लिए आज़ाद अधिकार सेना ने सौंपा ज्ञापन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** आजाद अधिकार सेना ने प्रदेश महासचिव खिजर के नेतृत्व में उप जिला अधिकारी कार्यालय सम्भल पर एकत्र होकर उत्तर प्रदेश में पूरी तरह चरमरा गई कानून व्यवस्था के मद्देनजर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने के संबंध में भारत के राष्ट्रपति के नाम प्रत्यावेदन सौंपा।

तहसीलदार को सौंपें गए प्रत्यावेदन में कहा गया कि भूमाफ़ियाओं, राजनेताओं, और कुछ अधिकारियों की सांठगांठ से आम नागरिकों की हत्याएं, पुलिस अभिरक्षा में मृत्यु, महिला उत्पीड़न, बलात्कार, और सरकारी-निजी भूमि पर अवैध कब्जे बढ़े हैं, जिससे संवैधानिक तंत्र विफ्ल हो चुका है. इनमें बरेली में मुस्लिम समुदाय पर 26 सितंबर 2025 को शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बाद पुलिस दमन, मस्जिदों पर छापेमारी, और बुलडोजर कार्यवाही से भय का माहौल, कानपुर में भू माफ़िया अखिलेश दुबे द्वारा सरकारी भूमि पर कब्जा, फर्जी केस, और रंगदारी, वरिष्ठ आईपीएस अमिताभ यश पर उनके संरक्षण के आरोप और फ्तेहपुर में छात्रों के दमन की घटनाएं शामिल हैं. इसी प्रकार नोएडा में किसानों पर अत्याचार, गोरखपुर, बहराइच आदि में आम नागरिकों की हत्याओं की बढ़ती घटनाएं व उनमें दोषियों पर कार्यवाही का स्पष्ट अभाव भी साफदिख रहा है। इसी तरह मेरठ में 1500 करोड़ की सरकारी भूमि और आनंदा डेयरी की 1000 करोड़ की जमीन पर बीजेपी नेताओं द्वारा पुलिस प्रशासनिक गठजोड़ से अवैध कब्जा का मामला भी सामने आया है। आजाद अधिकार सेना ने उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की ध्वस्तता, भ्रष्टाचार, और नागरिकों की सुरक्षा में विफ्लता के कारण तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू किए जाने की मांग की है. साथ ही बरेली, कानपुर, मेरठ के मामलों की सीबीआई जांच के अलावा फर्जी मुकदमों और बुलडोजर कार्यवाही पर रोक लगाए जाने की मांग भी की है। विरोध प्रदर्शन के दौरान उपस्थित रहे। मंडल अध्यक्ष मंडल उपाध्यक्ष फै जान खान, जिला प्रभारी डा0शाहनवाज मिशनपाल, अरमान खान, तहमूर, रहान खान, नासिर हुसैन ववेद, रउफजितवाई, कुख्यात मित्री, आदि लोग रहे।

# राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान का कल्किधाम मे स्वागत



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** श्री कल्कि धाम में आज उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान ने श्री कल्कि धाम का दर्शन, पूजन, अर्चन कर श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम महाराज से भेंट कर शुभाशीष प्राप्त किया। बबीता चौहान श्री कल्कि धाम पहुंची तो श्री कल्कि धाम सेवा समिति द्वारा उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात उन्होंने निर्माणाधीन श्री कल्कि धाम के गर्भगृह में श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम जी के सानिध्य में दर्शन एवं पूजन किया। इस अवसर पर बबीता चौहान ने कहा कि मैं निर्माणाधीन श्री कल्कि धाम के दर्शन कर मुझे दिव्य अनुभूति हो रही है, अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के पश्चात सम्भल में श्री कल्कि धाम का निर्माण त्रेता युग से कलियुग की यात्रा करने जैसा ही है, हमारा सौभाग्य है कि हम इस यात्रा के साक्षी हैं, मैं श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का आभार व्यक्त करती हूं जिन्होंने इस कार्य को करने के लिए अपना जीवन अर्पित कर दिया है।

## थाना कोतवाली का किया गया आकस्मिक निरीक्षण



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर एवं अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना कोतवाली का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, थाना परिसर में आवासों की स्थिति, साफ-सफाई, रख-रखाव, निर्माण/मरम्मत कार्य व थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चैक किया गया, साथ ही मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अन्तर्गत थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये ।

## खाद्य विभाग ने छापेमार कर लिये नमूने



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** त्योहारो के मद्देनजर खाद्य विभाग की टीम ने मिलक नौखरीद व बिजारखाता से तेल के नमूने लिये सुनील कुमार शर्मा सहायक खाद्य अयुक्त ने टीम के साथ मिलक नौखरीद मे छापा मार कार्रवाई कर वसीम आयल मील से सरसो के तेल का एक नमूना लिया गया वही खुला तेल बेचने पर लगभग 150 किलो ग्राम तेल को गुणवत्ता के संदेह के आधार सीज किया गया वही बिजारखाता मे एम टी ट्रेडर्स से एक लीटर खाद्य तेल की दस बोतले एक्सपायर्ड डेड मई 2025 बिक्री हेतु रखे तेल को सीज कर के सम्बन्धित खाद्य कारोबार कर्ता तालिब पुत्र नबी हुसैन बिजारखाता के विरुद्ध सुसंगत धाराओ मे वाद दायर करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

## शिक्षा के साथ समाज सेवा में अपनी भूमिका निभायें



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के आध्यात्मिक सत्र का संभाग सेवा संयोजक ब्रजगोपाल ,मुनीश चन्द्र शर्मा और प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने दीप जलाकर शुभारंभ किया।आचार्य विकास शर्मा ने अतिथियों का परिचय कराकर स्वागत किया।इस अवसर पर ब्रजगोपाल ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पढ़ाई के साथ साथ सेवा कार्य भी करना चाहिए।इससे हमें मानसिक शांति मिलती है और समाज के प्रति हमारा उत्तरदायित्व पूरा होता है।जो संस्कार छात्र जीवन में प्राप्त होते हैं वह जीवन भर हमारे आचरण में दिखाई देते हैं।विशिष्ट अतिथि जैन इण्टर कॉलेज के प्रवक्ता मुनीश चंद्र शर्मा ने कहा कि माता-पिता और गुरु इस धरती के भगवान हैं।इसलिए इनका सदैव आदर और सम्मान करना चाहिए।इनका आशीर्वाद सुरक्षा कवच का कार्य करता है।यह हमें बुराइयों से बचाकर जीवन में आनेवाली बाधाओं का नाश करता है।

## स्वर्गीय रामविलास पासवान की पुण्यतिथि मनाई



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** शाहबाद गेट स्थित लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिला कार्यालय पर दलितों, पिछड़ों और वंचितों की आवाज़ रहे स्वर्गीय रामविलास पासवान की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनशक्ति पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष कामरान आमिर ने की। उन्होंने स्व. पासवान के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे एक ऐसे नेता थे जिन्होंने गरीबों, मजदूरों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि रामविलास पासवान जी ने सामाजिक न्याय और समानता की जो मशाल जलायी थी, उसे आगे बढ़ाना हम सबका कर्तव्य है।

## छात्र-छात्राओं/शिक्षकों को किया गया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** साइबर जागरूकता अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम व थाना अजीमनगर रामपुर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से अल्पसंख्यक न्यू ग्रीन गार्डन इंटर कॉलेज सिंघन खेड़ा थाना अजीमनगर रामपुर में साइबर जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम, मुख्य आरक्षी नितिन कुमार, महिला निशा गोला एवं महिला आरक्षी मीता पटेल एवं थाना अजीम नगर से उ0नि0 उत्तम कुमार कुमार, उ0नि0 राम कुमार, मुख्य आरक्षी मुकुल कुमार, कंप्यूटर आपरेटर समित कुमार व महिला आरक्षी रश्मि द्वारा विद्यालय में छात्र -छात्राओं/शिक्षकों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी दी गई।

## नई 11 के0वी0 इंडस्ट्रियल लाइन का निर्माण कार्य शुरु



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** बिजली विभाग के अधिशासी अभियन्ता शैलेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 33/11 केवी0 विद्युत उपकेन्द्र दढ़ियाल के अंतर्गत बिजनेस प्लान 2024-25 पार्ट 02 में प्रस्तावित उपकेन्द्र से स्टोन क्रेशर तक लगभग 5.5 कि0मी0 नई 11 के0वी0 इंडस्ट्रियल लाइन का निर्माण कार्य होना है। जिसके लिए 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, दढ़ियाल से पोषित उक्त क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति का दिनाक 10.10.2025 से 15.10.2025 तक प्रातः 09.00 बजे से 12ः00 बजे एवं मध्याह्न 02ः00 बजे से सायं 05ः00 तक संबंधित क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि दिनांक 10.10.2025 से 15.10.2025 तक समय पूर्वाहन 09ः00 बजे से 12ः00 बजे एवं मध्याह्न 02ः00 बजे से सायें 05ः00 तक विद्युत से संबंधित अपने आवश्यक कार्य पूर्व में ही समय से निस्तारित कर लें।

## बाल विवाह को न - चैंपियंस का सम्मान



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती ईरा आर्या की अध्यक्षता मे मिशन शक्ति 5.0 की थीम बाल विवाह को न - 'चैंपियन का सम्मान पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय में बाल विवाह में शामिल बालिकाओं का सम्मान एवं उनके सामने आई चुनौतियाँ पर चर्चा परिचर्चा कर उन्हें मिशन शक्ति की स्मृति चिन्ह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की टी-शर्ट एवं कैप देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बालिकाओं और महिलाओं को जागरुक करते हुए बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, इसे हमें जड़ से खत्म करना चाहिए। उन्होंने सभी को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना एवं अन्य योजनाओं सहित हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी।

## दढ़ियाल उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में छह दिन रहेगा शटडाउन

**दढ़ियाल।** 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र दढ़ियाल के अंतर्गत बिजनेस प्लान 2024-25 (पार्ट-02) के तहत नई 11 केवी इंडस्ट्रियल लाइन का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। यह लाइन उपकेंद्र दढ़ियाल से स्टोन केशर तक लगभग 5.5 किलोमीटर लंबाई की बनाई जाएगी। निर्माण कार्य के दौरान विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इस कारण संबंधित क्षेत्र की बिजली आपूर्ति 10 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक प्रतिदिन निर्धारित समयानुसार पूर्वाह्न 9ः00 बजे से 12ः00 बजे तक तथा मध्याह्न 2ः00 बजे से सायं 5ः00 बजे तक शेड्यूल शटडाउन पर रहेगी। अधिशासी अभियंता शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि इस दौरान उपभोक्ताओं को असुविधा हो सकती है।

## हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का शुभारंभ किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी की उपस्थिति में जनमानस को तंबाकू संबंधी बीमारियों, इससे होने वाली हानियों तथा इसके बचाव के उपाय की जागरूकता के लिए प्रचार वाहन को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया और उन्होंने तम्बाकू मुक्त युवा हस्ताक्षर अभियान में भी प्रतिभाग किया।

## मंदिर में मूर्ति को खंडित करने पर रोष



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** शरारती तत्वों ने एक मंदिर में घुसकर मूर्ति को खंडित कर दिया।मंदिर की कमेटी ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।उधर,पुलिस मामले की जांच पड़ताल में लगी हुई है।मामला ईसानगर चौकी के गांव जाफराबाद का है।बृहस्पतिवार की तड़के कोतवाली पुलिस को कुछ व्यक्तियों द्वारा सूचना दी गई कि गांव स्थित माता मंदिर में एक मूर्ति को खंडित कर दिया है।साथ ही एक अन्य मूर्ति के साथ भी छेड़खानी की गई है।मूर्ति खंडित होने से ग्रामीणों में आक्रोश की भावना पनप रही है अधिक संख्या में ग्रामीण धार्मिक स्थल पर मौजूद है।सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंच गए।उन्होंने मंदिर परिसर का जायजा लिया और पुजारी महेश शर्मा से वार्ता कर आवश्यक जानकारी जुटाई।

## खिलाड़ियों को नैनीताल सांसद ने किया सम्मानित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** बीती सात अक्टूबर को रुद्रपुर के मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला ऊधम सिंह नगर सांसदीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न स्कूलों से 180 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।वहीं बिलासपुर के संकल्प कराटे अकादमी के खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया।रामपुर जिला कराटे प्रशिक्षक नीरज सिंह ने बताया की मुख्य अतिथि नैनीताल सांसद अजय भट्ट व रुद्रपुर महापौर विकास शर्मा और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी लक्ष्मण सिंह ने प्रतियोगिता का फीता काट कर सुभारंभ किया।वहीं बिलासपुर से पहुंचे खिलाड़ियों में बालिका वर्ग में काव्या सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया तथा बालक वर्ग में शिवांश सक्सेना मयंक कुमार,राजन,व यश कुमार ने पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया।

## कार्यशाला आयोजित कर जागरुक किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में दिनांक 09अक्टूबर 2025 को क्षेत्राधिकारी, स्वार द्वारा महिला सुरक्षा दल थाना स्वार के साथ थाना स्वार क्षेत्रान्तर्गत मनु इंटर कालेज, स्वार में छात्र-छात्राओं/शिक्षकों को पम्पलेट वितरित कर कार्यशाला आयोजित कर जागरुक किया । महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया ।

## आठ वा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** मदद एक आस फाउंडेशन समिति ने 8वें स्थापना दिवस पर अथर्व जो एक गायक भी है.उनकी गायन का कार्यक्रम करवाया या साथ ही साथ उसकी जुगाडूवैकपैकर की यात्रा की सराहना की...या सभी उनकी जुगाडू यात्रा को यूट्यूब या इंस्टाग्राम पर फॉलो करें या सब्सक्राइब करें के लिए खा गया. ग्रीन बर्ड पर्यावरण फाउंडेशन समिति के द्वार 8 अक्टूबर को एक प्रोग्राम रखा गया जिसका अध्यक्ष नीना साहनी और उनकी टीम द्वार अथर्व वर्मा जी को उनकी जुगाडू यात्रा के लिए सम्मानित किया गया......या सभी उनकी जुगाडू यात्रा को यूट्यूब या इंस्टाग्राम पर फॉलो या सब्सक्राइब करें .....जिसमें जिला अध्यक्ष शारदा नरूला जी, सरिता वैष्णोई जी, यामिनी गुप्ता, गीता अरोड़ा, शोभा सिन्हा, नीता सिंह, सोनू, मुदुला शर्मा, शिवानी वर्मा, लता भाटिया, प्रतिमा शर्मा, श्वेता वर्मा आदि मौजूद रहे...

## विभिन्न बिंदुओं पर वार्ता की



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कॉलोनी से व्यापार मंडल के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष व मंडी अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल और व्यापारी साथी इकट्ठा हुए और मंडी समिति पहुंचे मंडी समिति पहुंचकर सबसे पहले मंडी समिति सचिव मनोज सूरी जी से मुलाकात की इस अवसर पर व्यापार मंडल के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष व मंडी अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने विभिन्न बिंदुओं पर वार्ता की सबसे पहले कहा कि मंडी समिति में हेड पंप नहीं है इस पर मंडी समिति सचिव द्वारा यह बताया गया की 20 हेड पंप है जिसमें की 10 हेड पंप चालू है।

## बच्चों को मिला शिक्षा का अधिकार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेज- 05÷ के विशेष अभियान के दृष्टिगत महिला सुरक्षा दल, खजुरिया द्वारा ग्राम अहरो में चौपाल का आयोजन कर 06 बच्चों का कराया विद्यालय में प्रवेश । थाना खजुरिया क्षेत्र के ग्राम अहरो में महिला सुरक्षा दल द्वारा चौपाल का आयोजन किया गया । इस दौरान म0का0 498 अमृत भूषण पीएनो 212640461 ने विशेष रूप से उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को जाना । चौपाल के दौरान ग्रामीण महिलाओं द्वारा अवगत कराया गया कि गाँव के कुछ बच्चों का अब तक विद्यालय में नामांकन नहीं हो पाया है । इस पर महिला सुरक्षा दल, थाना खजुरिया द्वारा तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए कुल 06 बच्चों के आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराए गए ।

## निकाली भगवान वाल्मीकि शोभा यात्रा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) के तत्वावधान में नगर नरपतनगर में निकाली गई शोभायात्रा जिसका नेतृत्व भावाधस के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने किया शोभा यात्रा का शुभारंभ वाल्मीकि बस्ती से नगर पंचायत अध्यक्ष खालिद अली व भावाधस के राष्ट्रीय संचालक दीप लव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी के उपदेशो को वाल्मीकि समाज अपने जीवन में उतारे तथा अपने बच्चों को शिक्षित कर समाज में व्याप्त बुराईयों का त्याग करें तभी समाज का विकास सम्भव है।

## उपयुक्त संसाधनों की व्यवस्था करें किसान

**रामपुर।** जिला कृषि अधिकारी श्री कुलदीप सिंह राणा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से आच्छादित कृषकों को प्राकृतिक आपदा ओलावृष्टि, जलभराव, बेमौसम/चकवाती वर्षा, आकशीय बिजली से उत्पन्न आग व चक्रवात से फसलों में हुई क्षति की सूचना 72 घण्टे के अन्दर टोल फ्री नम्बर-14447 करना अनिवार्य है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि लगातार अपनी फसलों का निरीक्षण करते हुए जल भराव की रोकथाम हेतु उपयुक्त संसाधनों की व्यवस्था करें, ताकि फसलों में जल भराव न होने पाये। उन्होंने बताया कि जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए इफ्को टोक्यो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को नामित किया गया है। फसलों में हुई क्षति सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए श्री सुमित सक्सैना के दूरभाष 8077089323 अथवा जिला कृषि अधिकारी रामपुर विकास भवन कक्ष सख्या 58 में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## मरीज की जान के साथ किया स्टाफ ने खिलवाड़



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** में अवैध तरीके से चल रहे निजी हॉस्पिटल बेखौफ होकर अपनी मनमानी कर रहे हैं निजी हॉस्पिटलों में मरीज के साथ खिलवाड़ किया जाता है और मरीजों के साथ आए तीमारदार को लूटने का काम किया जाता है महंगी दवाइयां के साथ-साथ ऑपरेशन के नाम पर भी हजारों रुपए लूट लिए जाते हैं रामपुर में यह लूट जमकर चल रही है ना तो इन हॉस्पिटलों पर कोई उच्च कार्रवाई हो पाती ना ही अस्पताल संचालक या डॉक्टर के विरुद्ध कोई कड़ा एक्शन लिया जाता।

## वाल्मीकि धर्म समाज के पदाधिकारी ने उठाई मांग



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के कार्यकर्ताओं ओर पदाधिकारी ने प्रेस वार्ता कर रामपुर में हो रहे धर्म परिवर्तन को लेकर आवाज उठाई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान प्रेम नरेश बाल्मीकि प्रदेश महासचिव ने कहा कि रामपुर में ग्रामीण क्षेत्रों में वाल्मीकि समाज निवास कर रहे हैं जिन्हें धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया जाता है और धर्म परिवर्तन करने के लिए लालच दिया जाता है ऐसे में ग्रामीण ग्रामीण समाज में रह रहे लोग ना तो पढ़े लिखे हैं ना ही उन्हें कोई समझ है और वह बहकावे में आ जाते हैं और धर्म परिवर्तन कर लेते हैं इसी को लेकर आज बैठक में यह मुद्दा रखा गया है कि हम सरकार से मांग करते हैं और हम ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने की अपील करते हैं जो लोग वाल्मीकि समाज को धर्म प्रति परिवर्तन करने के लिए उत्साह रहे हैं उन पर उचित कार्रवाई की जाए जिससे कि देश में हो रहे धर्म परिवर्तन को रोका जा सके

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई।करीब दो घंटे बाद हुई मृतक की शिनाख्त के बाद परिवार में कोहराम मच गया और हादसे की सूचना सुनने के बाद उसके माता-पिता बेहोश हो गए।वहीं मृतक की शिनाख्त वार्ड नं 17 के डाम कॉलोनी के पीछे बसी बस्ती निवासी अच्छन खां के 22 वर्षीय पुत्र फिरोज खां के रूप में हुई।जानकारी के मुताबिक बुधवार की देर शाम हावड़ा अमृतसर एक्सप्रेस ट्रेन अपने गंतव्य की ओर जा रही थी।इसी दौरान कस्बा राजपुर व मुबारकपुर के बीच ट्रेन पटरियों पर युवक उससे टकरा गया।इस दौरान गंभीर रूप से घायल हुए युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया और राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद मृतक युवक की पहचान की।

## शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत



**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** महर्षि भगवान वाल्मीकि के प्रकटोत्सव पर नगर में निकाली विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया।इस दौरान शोभायात्रा में शामिल विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।नगर के मुहल्ला भट्ठी टोला स्थित वाल्मीकि मंदिर पर भारी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए।इसके पश्चात भारतीय धर्म समाज भावाधस भीम के तत्वाधान में बुधवार की शाम निकाली गई शोभायात्रा का कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल व ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर यात्रा को रवाना किया।

## बिजारखाता में तालाब पर अवैध अतिक्रमण

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के बिजारखाता में तालाब की भूमि में बने मकान की पैमाइश को लेकर अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है लेकिन अभी प्रशासन ने तालाब की भूमि में बने मकान को चिन्हित नहीं किया है। बिजारखाता में तालाब पर अतिक्रमण को लेकर कुछ दिनों पूर्व ग्रामीणों ने शिकायत की थी जिलाधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए स्वार तहसील प्रशासन से इस मामले में रिपोर्ट तलब की थी डीएम के निर्देश पर बुधवार और गुरुवार को कानून को सिपाही लाल हल्का लेखपाल अंकित कुमार चौहान ने पैमाइश की लेकिन दोनों राजस्व कर्मचारी नक्शे के मुताबिक तालाब की सीमा तय नहीं कर सके।

## माहेश्वरी एंटरप्राइजेज का हुआ शुभारंभ



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मिलक।** पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत तहसील मिलक में बिलासपुर रोड स्थित आरकेआई स्कूल के पास माहेश्वरी एंटरप्राइजेज (सोलर पैनल केंद्र) का शुभारंभ श्री रजनीश पटेल ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सोलर पैनल केंद्र होने से इलाके वासियों को बिजली की बचत होने के साथ ही बिल से भी मुक्ति मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत संचालित लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। डायरेक्टर प्रेम गंगवार ने बताया कि कस्बा समेत क्षेत्र में लोगों की सुविधा के लिए सोलर पैनल जैसी व्यवस्था नहीं थी लेकिन अब कस्बे में स्थापित सोलर पैनल केंद्र से क्षेत्रवासी लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि 2 किलोवाट के पैनल के लिए 1 लाख 30 हजार की धनराशि जमा करनी होगी तथा अनुदान के रूप में 90 हजार की धनराशि वापस हो सकेगी।

## अभिभावकों ने लगाया मनमानी का आरोप फीस पूरी पढ़ाई अधूरी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** शहर के चर्चित नारायण ई-टेक्नो स्कूल में इन दिनों शिक्षा से ज्यादा शिकायतों की गूंज सुनाई दे रही है। गुरुवार को स्कूल गेट पर अभिभावकों का जमकर हंगामा हुआ। गुस्साए पैरेंट्स का कहना था कि पिछले दो महीने से स्कूल में क्लासरूम की जगह ग्राउंड ही बच्चों की पढ़ाई का केंद्र बना हुआ है बच्चे यूनिफॉर्म में जाते ज़रूर हैं, लेकिन किताबों से ज़्यादा फुटबॉल और क्रिकेट से रूबरू होते हैं। अभिभावकों का आरोप है कि वे हर साल 50 से 60 हज़ार रुपये फीस जमा करते हैं, लेकिन इसके बदले स्कूल उन्हें छुट्टी और बंद दरवाज़े का तोहफ़ा दे रहा है। किसी दिन टीचर नहीं आते, किसी दिन प्रिंसिपल नदारद रहते हैं हालात ये हैं कि पैरेंट्स जब जवाब मांगने स्कूल पहुंचे तो वहां न तो प्रिंसिपल मिले, न कोई एडमिनिस्ट्रेशन स्टाफ मानो स्कूल खुद छुट्टी पर हो। एक अभिभावक ने व्यंग्य करते हुए कहा कि अगर स्कूल को ग्राउंड टेक्नो का नाम दे दिया जाए तो शायद नाम के हिसाब से काम सही बैठेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अधिकारों के संबंध में जागरुक किया



**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत पी एम श्री राजकीय इंटर कालेज, धमौरा में अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा छात्र-छात्राओं/शिक्षकों को मिशन शक्ति कार्यशाला आयोजित कर उनके अधिकारों के संबंध में जागरुक किया । मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में आज दिनांक 09 अक्टूबर 2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा प्रभारी निरी0 महिला, थाना एवं प्रभारी मिशन शक्ति केन्द्र महिला थाना एवं थाना प्रभारी शहजादनगर के साथ थाना शहजादनगर क्षेत्रान्तर्गत पी एम श्री राजकीय इंटर कालेज, धमौरा में कार्यशाला आयोजित कर छात्र-छात्राओं/शिक्षकों को जागरुक किया तथा मिशन शक्ति अभियान 5.0 से संबंधित पम्पलेट वितरित किये ।

### रामपुर को 18 करोड़ की सौगात



**रामपुर।** यूपी सरकार के नगर विकास मंत्री रामपुर के रोशन बाग इंडस्ट्रियल एरिया पार्क पहुंचे नगर विधायक पूर्व सांसद डीएम एसपी समेत अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया है नगर विकास मंत्री ए.के सिंह ने दस दिवसीय यूपी ट्रेड शौ स्वदेशी मेला 2025 का फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया साथ ही मेले में नारियल फोड़कर 18 करोड़ की 42 परियोजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास किया है मेले में एके सिंह बोले पहले रामपुर का चाकू किसी और काम में आता था लेकिन अब उसका काम बदल गया है।

### रामपुर विकास प्राधिकरण को मिले 100 करोड़ रूपये

**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिन्दर सिंह ने बताया कि आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग द्वारा मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नये शहर प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत नये शहरों के समग्र एवं समुचित विकास हेतु 100 करोड़ रुपये की धनराशि रामपुर विकास प्राधिकरण को आवंटित की गई है। उन्होंने बताया कि इस द्वितीय आवासीय योजना के अन्तर्गत ग्राम भमरौआ एवं पहाड़ी शामिल होंगी। इस योजना का प्रस्तावित क्षेत्रफल 106.9429 हेक्टेयर (264.26 एकड़) है। योजना के तहत शीघ्र ही बैनामे की कार्यवाही प्रारंभ की जायेगी।

### किसानों ने प्रशासन पर लगाया आरोप

**मसवासी।** मसवासी क्षेत्र में धान खरीद के लिए कोई भी क्रय केंद्र चालू न किए जाने से किसानो की परेशानियां बढ़ गई है मजबूरन किसानों को ओने पौने दामों पर बिचौलियों को बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है किसानों ने प्रशासन पर ध्यान खरीद में उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। मसवासी क्षेत्र में धान खरीद के लिए कोई भी क्रिया केंद्र स्थापित नहीं किया गया है जिससे किसानों को मजबूरन काशीपुर और बाजपुर की अनाज मंडियों को अपना धान ले जाने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

### वार्ड सभासद की गिरफ्तारी नहीं

मसवासी। महिला सफाई कर्मी को अपमानजनक शब्दों के साथ अभद्र व्यवहार करने को लेकर वार्ड सभासद की गिरफ्तारी न होने पर सफाई कर्मचारियों में आक्रोश बना हुआ है। जिसे शुल्क होकर महिला सफाई कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र भेज कर कार्रवाई की गुहार लगाई एस पी के आदेश पर पुलिस ने वार्ड सभासद मोहम्मद ओवैस के खिलाफ जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने और देख लेने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। सफाई कर्मचारी का कहना है कि मामले को एक सप्ताह बीतने को है लेकिन वार्ड सभासद के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे नगर के सफाई कर्मचारियों में आक्रोश की भावना बनी हुई है सफाई कर्मचारियों ने शीघ्र ही वार्ड सभासद की गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

### भावभीनी श्रद्धांजली दी



**रामपुर।** भारतीय जाटव महासभा के के तत्वाधान में कार्यालय ग्रीन मार्केट सिविल लाइंस रामपुर में दिनांक 9 अक्टूबर 20250 समय--4 बजे क्रांति के अग्रदूत बहुजन समाज के नायक मान्यवर साहब कांशीराम जी के 19 वे महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजली दी।

### खेती करते समय किसान पर गीदड़ ने किया हमला

**शाहबाद।** खेतों पर काम कर रहा एक किसान गीदड़ के हमले से घायल हो गया। गुरुवार की सुबह लगभग 11 बजे की है जब खेतों पर काम कर रहे, तहसील क्षेत्र के ग्राम महेवा निवासी 40 वर्षीय एक किसान छेदेलाल पुत्र रामस्वरूप पर अचानक एक गीदड़ ने हमला बोल दिया। छेदे लाल ने तुरंत शोर मचाया और गीदड़ का मुकाबला भी किया।

### मसाज सेंटर का फीता काटकर किया उद्घाटन



**शाहबाद।** नगर शाहबाद में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता ने बजरंग चौक पर शाकिर बॉडी मसाज सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया ओर नगर शाहबाद में पहले बॉडी मसाज सेंटर खोलने पर मसाज सेंटर के मालिक को बधाई दी। इस दौरान मुख्य अतिथियों में जी के पाठक, सुशील अग्रवाल, बुन्दु फौजी, शाजवान आर्यन, असलम टेलर समेत शाहबाद के अनेकों गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

### रामपुर यूनिट ने की प्रेस वार्ता



**रामपुर।** ज़कात सेंटर ऑफ इंडिया, रामपुर यूनिट की ओर से एक परिचय एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों, वकीलों, शिक्षकों, व्यापारियों और समाजसेवियों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। कार्यक्रम की निज़ामत हस्सान नदवी साहब ने बहुत ही खूबसूरती और सलीके से अंजाम दी। तआरुफ़ी कलामात (परिचयात्मक वक्तव्य) यूनिट के कोषाध्यक्ष तनज़ील शम्सी साहब ने पेश किए और ज़कात सेंटर के उद्देश्यों एवं गतिविधियों पर रोशनी डाली।

### नौकरी दिलाने के नाम पर की धोखाधड़ी

**पटवाई।** गुरुवार को पटवाई थाना क्षेत्र के परतापुर हरदासपुर के रहने वाले विकास ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया है की प्रमे ग्राम हरनगला पोस्ट पैगंबरपुर थाना स्वार के रहने वाले रोहित व जावेद पुत्र बच्चन थाना गंज से मुलाकात हुई इन लोगो ने प्रार्थी को अलजीरिया में नौकरी का वीजा लगवाने के नाम पर आरोपितो ने प्रार्थी को भरोसा दिलाकर पांच लाख तीन सौ रूपये प्रार्थी ने आरोपितो के खाते में ट्रांसफर कर दिए पीड़ित युवक जब अपना वीजा लेकर इंदिरा गांधी एयरपोर्ट नई दिल्ली गया तब जांच के दौरान एयरपोर्ट की कर्मचारियों ने प्रार्थी को फर्जी वीजा बात कर रोक लिया और वहां से पीड़ित को वापस कर दिया।

### वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**रामपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में शासन के आदेश अनुसार एवं प्राचार्य, डॉ सुनीता के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत ÷ वर्तमान समय मे मिशन शक्ति की आवश्यकता ÷ पर वाद विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया जिसमें खुशी गौतम (बी एस सी तृतीय सेमेस्टर)ने प्रथम स्थान, सहर (बी ए छटे सेम) ने द्वितीय स्थान ,अशिका (बी ए तृतीय सेमेस्टर )तृतीय स्थान, प्राप्त किया । इस कार्यक्रम में डॉ यामिनी, संयोजक प्रोफेसर सबीहा परवीन तथा थे डॉ0 इफ्तेखार अहमद कादरी आदि की मुख्यभूमिका रही।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान विकसित भारत की आधारशिला हैं :सर्वप्रिय त्यागी

● आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान से बड़े स्तर पर रोजगार का सृजन होगा–भाजपा जिलाध्यक्ष



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** भाजपा गुरुग्राम जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी के नेतृत्व में हरियाणा में चलाए जा रहें आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के विषय में अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक नीति नहीं है यह भारत को आत्मनिर्भर और विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था में बदलने का एक दृष्टिकोण है। संक्षेप में अगर कहूं तो ये आर्थिक स्तंभ स्थानीय उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करके विदेशों से आयात कम करना और निर्यात बढ़ाकर भारत को और अधिक आत्मनिर्भर बनाने के लिए देश व्यापी अभियान हैं जिसकी शुरूआत मई 2020 में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाजारों में भारतीय वस्तुओं को बढ़ावा देने और देश को आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में मदद करने के लिए की थी जोकि आज घरेलू उत्पादन के रूप में जनांदोलन का रूप ले चुका हैं। इस मिशन की घोषणा कोविड महामारी के दौरान की गई थी जब सरकार ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में मदद के लिए प्रोत्साहन पैकेज के रूप में 20 लाख करोड़ रुपये (268.74 बिलियन अमेरिकी डॉलर) आवंटित किए थे, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 10% है। इसमें 'लोकल फॉर ग्लोबल', 'मेड फॉर वर्ल्ड' और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे विषय शामिल हैं।आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' का मुख्य उद्देश्यभारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला केन्द्र के रूप में विकसित करना, निजी क्षेत्र की क्षमताओं और संभावनाओं में सरकार का विश्वास कायम करना हैं, हमारे देश में निर्मित वस्त्र परिधान और आभूषण कृषि उत्पाद, दवाइयां, स्वास्थ्य सेवाएं एवं रक्षा उत्पादों की वैश्विक बाजारों में मांग दिन प्रतिदिन बढ़ रही हैं जिसकीआपूर्ति के लिए देश में नई इंडस्ट्रीज स्थापित की जा रही है जोकि देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में पहले पायदान पर पंहुचाने में सहायक होगा।स्वदेशी तकनीक और घरेलू उत्पादन पर बल देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्वदेशी तकनीक की ताकत का अंदाजा आप हाल ही में हुए भारत पाकिस्तान युद्ध परिणाम से ही लगा सकते हैं, जब देश मे निर्मित स्वदेशी हथियारों से सिर्फ चार दिनों में ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया और उसे युद्ध रोकने के लिए गिड़गिड़ाना पड़ा। हम सभी भारतीयों को देश को मजबूती देने के लिए स्वदेशी वस्तुओं के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल पर ध्यान रखना चाहिए जिससे न सिर्फ देश की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी वरन रोजगार के भी नए अवसर प्राप्त होंगे।

# हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने जाटौली मंडी पहुंचकर किसानों के साथ किया संवाद

● मंडियों में पहुंची बाजरा फसल को सरकार खरीदने के लिए नहीं हैं तैयार : राव नरेंद्र सिंह

● बाजरे की सरकारी खरीद नहीं होने से किसान हैं परेशान : वर्धन यादव



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह गुरुवार को पटौदी विधानसभा की जाटौली मंडी पहुंचे और किसानों के साथ सीधा संवाद करते हुए बाजरा फसल खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को कहा कि किसने की फसलों का सही दाम दिया जाए। इस मौके पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष वर्धन यादव, शहरी जिलाध्यक्ष पंकज डावर व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने किसानों की समस्याओं को भी सुना और आश्वस्त किया कि कांग्रेस हर वक्त किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। उन्होंने भाजपा सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने बाजरे का एमएसपी 2775 निर्धारित किया हुआ है, इसके विपरीत मूल्य पर 1700 से 1900 के बीच में मंडियों में बाजरे की खरीदारी हो रही है। भावांतर योजना के तहत 575 रुपए फसल का भाव देना चाह रही है। लेकिन इसके बाद भी किसानों को 300 से 400 प्रति क्विंटल नुकसान हो रहा है, उसकी भरपाई कौन करेगा। सरकार भावांतर भरपाई योजना का सहारा लेकर स्वयं खरीद से पीछे हट रही है। किसान मजबूरन अपनी फसल कम दामों पर निजी व्यापारियों को बेच रहा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगे कि सरकार ने भावांतर योजना में भी कटौती कर किसानों की कमर तोड़ दी है। एमएसपी में भी कटौती कर उसे भी काम कर दिया गया है। सरकार की यह नीति किसने को राहत देने के बजाय उन्हें कर्ज और घाटे की ओर धकेल रही है। किसान अपनी जरूरतों, कर्ज और खर्चों के भुगतान के लिए फसल बेचने को मजबूर हैं लेकिन सरकार खरीद बंद कर उसे व्यापारियों के भरोसे छोड़ रही है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार से जो उम्मीद किसान वर्ग लगाए बैठा था, भाजपा सरकार ने उन उम्मीदों पर पानी फेरने का काम किया है। सरकार किसानों की उम्मीदों पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने प्रदेश में डीएपी की भारी कमी, खाद-बीज पर जीएसटी और अन्य किसान संबंधित मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार पर हमला किया। प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकार ने ट्रैक्टरों, खाद, बीज सहित तमाम कृषि उपकरणों और वस्तुओं पर भारी-भरकम टैक्स लगाए, लेकिन किसान कभी इन टैक्सों से नहीं घबराया। ग्रामीण जिलाध्यक्ष वर्धन यादव ने कहा कि बाजरे की सरकारी खरीद नहीं होने से किसान परेशान हैं। उनको मजबूरी में कम दाम पर खुले बाजार में बाजरा बेचना पड़ रहा है। प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरा खरीद शुरू न होने को लेकर प्रदेश के किसानों में भारी रोष है। बाजरा खरीद को लेकर सरकार व प्रशासन की मंशा ठीक नजर नहीं आ रही है। उनकी फंसलें उचित एमएसपी पर ली जा रही थी, आज भाजपा सरकार उन किसानों के साथ धोखा कर रही है। इस अवसर पर प्रदेश युवा अध्यक्ष निशित कटारिया, पटौदी से पूर्व प्रत्याशी सुधीर चौधरी, परमेश रंजन, मुकेश पवन चौधरी, पार्षद मनोज कुमार, सूबे सिंह, नीरज यादव, पंकज भारद्वाज, दिलीप पहलवान, सतबीर पहलवान, प्रवीण सरपंच, रमेश खंडेवला, राजकुमार मुदगिल, सुभाष सरपंच जुड़ौला, गंजेंद्र चौहान, मुकेश सैनी फर्रूखनगर, हरकेश वाल्मीकि, दीपेश कौशिक, भीम सोनी आदि मौजूद रहे।

# सेवा का संकल्प, विकास का उदाहरण, आरती राव का एक वर्ष, सुशीला कटारिया ने दी बधाई



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** भारतीय जनता पार्टी की जिला प्रवक्ता सुशीला कटारिया ने केंद्रीय मंत्री आरती राव जी के एक वर्ष के सफल और जनसेवी कार्यकाल पर हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह वर्ष सेवा, समर्पण और सुशासन का प्रतीक रहा है, जिसमें आरती राव जी ने हरियाणा को नई दिशा, नया दृष्टिकोण और विकास का नया अध्याय दिया है।सुशीला कटारिया ने कहा कि आरती राव जी ने अपने कार्यों से साबित किया है कि राजनीति केवल पद की नहीं, बल्कि जनता की सेवा की साधना है। पिछले एक वर्ष में उन्होंने हरियाणा, विशेष रूप से गुरुग्राम जिले के विकास को नई गति दी है। चाहे बात स्वास्थ्य सेवाओं की हो, महिला सशक्तिकरण की या पर्यावरण संरक्षण की — हर क्षेत्र में उनका कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। गुरुग्राम के अस्पतालों में आधुनिक सुविधाओं का विस्तार, ग्रामीण क्षेत्रों में ई-संजीवनी केंद्रों की स्थापना, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सशक्त करना और आयुष्मान भारत योजना का व्यापक लाभ पहुँचाना ये सभी उनके संवेदनशील नेतृत्व की पहचान हैं। उन्होंने हर गरीब और जरूरतमंद तक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने का संकल्प निभाया है। इसके साथ ही, जल और पर्यावरण संरक्षण में भी आरती राव की भूमिका प्रेरणादायक रही है। भावुक होते हुए सुशीला कटारिया ने कहा आरती बहन मेरे लिए केवल एक मंत्री नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक शक्ति हैं। उन्होंने सिखाया कि जनता का विश्वास ही राजनीति की सबसे बड़ी पूँजी है। सुशीला कटारिया ने कहा कि आरती राव जी का यह एक वर्ष जनता के विश्वास, विकास और समर्पण की मिसाल है। उनके नेतृत्व में हरियाणा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है और गुरुग्राम आज पूरे प्रदेश के लिए विकास का मॉडल बन चुका है।

# करवाचौथ से पहले वुमानी ने किया प्री-करवा चौथ बैश 2025 का आयोजन

● महिलाओं ने जमकर मचाया धमाल, आत्मविश्वास का दिया परिचय



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** पति की दीघार्यु के लिए सुहागिन महिलाओं द्वारा आज शुक्रवार को करवाचौथ का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके लिए जमकर तैयारियां की जा रही हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत वुमानी ने करवाचौथ पर्व को स्पेशल बनाने के लिए प्री-करवा चौथ बैश 2025 का शानदार आयोजन किया, जिसमें 25 से 80 वर्ष तक की आयु की 100 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। आयोजन में महिलाओं के अंदर आत्मविश्वास झलकता दिखाई दिया। सभी ने फैशन शो, तंबोला, डांस और कई मनोरंजक खेलों में उनकी चमकती प्रतिभा और उत्साह ने पूरे माहौल को जीवंत कर दिया। निर्णायक की भूमिका मेकअप एक्सपर्ट हिमानी छाबड़ा व सोशल एक्टिविस्ट किरण लुथरा ने निभाई। करवा चौथ क्वीन का खिताब रजनी ने जीता, जबकि अनीता पहली रनर-अप और महुआ दूसरी रनर-अप बनीं। विजेओं को पुरुस्कृत भी किया गया। ओ गार्डनर, पैसले, अटोमी, ब्लिंग बैंक्वेट हॉल, सूर्य एथनिक, ओम स्वीट्स, ग्रीन डीलाईट वाई अजय और किचन कलेक्शन ने आयोजन को स्पोसंर्स किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में इंदू नागपाल, आशा चावला और आशु चावला, नीरु ग्रोवर शामिल रही। इवेंट प्रमोटर एवं एनजीओ प्रकोष्ठ भाजपा की प्रदेश सह संयोजिका अनीता लुथरा अग्रवाल ने सभी को करवाचौथ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक शो नही है, अपितु महिलाओं के जीवन का प्रमुख पर्व है। इस आयोजन को बेहतर बनाने के लिए पूरे आत्मविश्वास के साथ काम किया गया है। हमें गर्व है कि यह आयोजन महिलाओं की उम्मीदों और उत्साह पर पूरी तरह खरा उतरा। यह साबित कर दिया कि जब महिलाओं को सही मंच और माहौल मिलता है, तो वे अपनी ऊर्जा और आत्मविश्वास से हर माहौल को उत्सव में बदल देती हैं। वुमानी की फाउंडर कंचन गुप्ता का कहना है कि वुमानी का उद्देश्य सिर्फ एक डिजिटल प्लेटफॉर्म तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को ऐसा मजबूत मंच देना है जहाँ वे अपनी प्रतिभा दिखा सकें, खुलकर मस्ती कर सकें और आपस में जुडकर अविस्मरणीय पल बना सकें। वाईएस इवेंट्स कीज्योति गुप्ता का कहना है कि यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, अपितु यह महिलाओं को प्रेरित करने और उन्हें आत्मविश्वास से आगे बढ़ाने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

# गलत सूचनाओं निपटने के लिए तकनीक एवं नैतिकता का संतुलन रखें पत्रकार: के.जी. सुरेश

● गुरुग्राम विवि में मीडिया विशेषज्ञों ने दो दिवसीय चौथा राष्ट्रीय मीडिया संवाद कार्यक्रम



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** गुरुग्राम विवि के मीडिया अध्ययन विभाग द्वारा एआई के युग में गलत सूचना और दुष्प्रचार की चुनौतियां विषय पर विचार मंथन करने के लिए दो दिवसीय चौथा राष्ट्रीय मीडिया संवाद-2025 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए पत्रकारिता, शिक्षा और समाज सेवा क्षेत्र के विशिष्ट जनों ने भाग लेकर विषय पर गहन चर्चा की। युवाओं का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में नई दिल्ली आईएचसी के निदेशक प्रो. के.जी. सुरेश, कुलपति डॉ. संजय कौशिक, वरिष्ठ पत्रकार अमन चोपड़ा, सामाजिक विचारक राजेश कुमार, राज किशोर, गुरुग्राम विवि के कुलसचिव डॉ. संजय अरोड़ा ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर प्रो. के.जी. सुरेश ने कहा कि मीडिया आज एआई के साथ एक नए युग में प्रवेश कर चुका है। यह समय मीडिया जगत के लिए अवसरों से भरा है। इसके साथ-साथ जिम्मेदारियों और चुनौतियों का विस्तार भी हुआ है। गलत सूचना और दुष्प्रचार से निपटने के लिए पत्रकारों को तकनीक और नैतिकता का संतुलन साधना होगा। सामाजिक विचारक राजेश कुमार ने समाज में फैल रही फेक न्यूज और दुष्प्रचार के खतरों की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि फर्जी खबरें केवल भ्रम ही नहीं फैलातीं बल्कि सामाजिक एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों को भी कमजोर करती हैं। ऐसी स्थिति में मीडिया संवाद और नागरिक जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कुलपति डॉ. संजय कौशिक ने कहा कि राष्ट्रीय मीडिया संवाद जैसे आयोजन विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विमर्शों से जोड़ते हैं। ये संवाद विद्यार्थियों को नई दृष्टि, शोध की प्रेरणा और समाजोपयोगी दिशा प्रदान करते हैं। गुरुग्राम यूनिवर्सिटी ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को जिम्मेदार नागरिक और सक्षम प्रोफेशनल बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। अमन चोपड़ा ने कहा कि पत्रकारिता का उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं है, बल्कि सत्य और तथ्य को संरक्षित करना भी है। पत्रकार को सदैव निडर, निष्पक्ष और संवेदनशील होना चाहिए। राज किशोर ने एआई के उपयोग, डिजिटल मीडिया की चुनौतियां, फेक न्यूज की रोकथाम व मीडिया की सामाजिक जिम्मेदारियों पर अपनी बात रखी।

## समाचार

# गुरुग्राम नगर निगम ने सार्वजनिक स्थलों से हटाए गए अवैध ढाबे, खोखे व रेहड़ियां

**-अतिक्रमण मुक्त गुरुग्राम अभियान के तहत नगर निगम की सख्त कार्रवाई जारी**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** अतिक्रमण मुक्त गुरुग्राम अभियान के अंतर्गत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम की टीमें शहर की सडकों, फुटपाथों, ग्रीन बेल्ट व सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए दिन-प्रतिदिन अभियान चला रही हैं। इस कार्रवाई के दौरान जहां-जहां रेहड़ी-पटरी, खोखे, ढाबे, टपरीनुमा और शेडनुमा संरचनाएं बनी हुई थीं, उन्हें हटाया गया। नगर निगम की स्ट्रीट वेंडिंग मैनेजमेंट टीम ने वीरवार को बस स्टैंड के आसपास, महरौली रोड, मदनपुरी रोड, सेक्टर-61, राजीव चौक और सेक्टर-31 क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। टीम ने मौके पर मौजूद अवैध ढांचों को हटाया और अतिक्रमण करने वालों का सामान जब्त किया। जहां अस्थायी संरचनाएं बनी हुई थीं, वहां निगम ने जेसीबी मशीन लगाकर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान टीम ने स्थानीय दुकानदारों और वेंडरों को स्पष्ट हिदायत दी कि वे दुबारा सडकों या सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करें। यदि भविष्य में फिर से ऐसा पाया गया तो उनके खिलाफ और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और यातायात के लिए सुगम बनाए रखने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अतिक्रमण न केवल शहर की सुंदरता को बिगाड़ता है, बल्कि आम लोगों की आवाजाही में भी बाधा उत्पन्न करता है। इसलिए निगम की टीमें प्रतिदिन अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रही हैं। नगर निगम गुरुग्राम का यह अभियान शहर को बेहतर, सुरक्षित और अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। निगम प्रशासन ने हिदायत दी है कि सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण न करें और शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सहयोग दें।

# लाइट ऑफ ड्रीम पार्क पर बकाया टैक्स को लेकर किया सील

**-प्रॉपर्टी टैक्स न चुकाने पर नगर निगम गुरुग्राम की कार्रवाई**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स डिफॉल्टरों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में निगम ने जोन-4 क्षेत्र के कादरपुर स्थित लाइट ऑफ ड्रीम पार्क प्रॉपर्टी को सील कर दिया है। इस प्रॉपर्टी पर कुल 44,96,606 रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है, जो कि बार-बार नोटिस और चेतावनी दिए जाने के बावजूद भी जमा नहीं कराया गया।यह कार्रवाई संयुक्त आयुक्त रविन्द्र मलिक के निर्देश पर जेडटीओ बी.एस. छोक्कर की टीम द्वारा की गई। निगम टीम ने मौके पर पहुंचकर प्रॉपर्टी को सील किया और प्रॉपर्टी मालिक को टैक्स बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर निगम गुरुग्राम ने स्पष्ट किया है कि जिन प्रॉपर्टी मालिकों ने अब तक अपना टैक्स जमा नहीं कराया है, उनके खिलाफ भी ऐसी ही सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपने प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान करें ताकि किसी भी प्रकार की सीलिंग या कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके। नगर निगम का टैक्स वसूली और सीलिंग अभियान शहर के सभी जोनों में लगातार चल रहा है। निगम का लक्ष्य शहर में टैक्स वसूली को 100 प्रतिशत तक पहुंचाना और राजस्व बढ़ाकर नागरिक सुविधाओं को और बेहतर बनाना है।

# कैंटर लूट और अपहरण के मामले में मुंडकटी थाना पुलिस ने पांच साल से फरार आरोपी को धर दबोचा

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** मुंडकटी थाना पुलिस ने रोबरी गैंग के सदस्य को लूटपाट और अपहरण मामले में गिरफतार किया है। आरोपी पिछले पांच साल से फरार चल रहा था।मुंडकटी थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने बताया कि आरोपी ने अपने गिरोह के सदस्यों के साथ 2020 में एक कैंटर चालक को रोककर उसे अगवा कर लिया था। चालाक से मोबाइल और नगदी सहित कैंटर को लूट कर ले गए थे। चालक को मेवात के जंगलों में छोड़कर फरार हो गए थे। मामले में मध्य प्रदेश मुरैना निवासी गिर्राज ने शिकायत दर्ज कराई थी।मामले की जानकारी देते हुए जांच अधिकारी मलखान सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश मुरैना निवासी गिर्राज ने अपने शिकायत पर बताया कि वह 14 जुलाई 2020 को अपने कैंटर पर क्लीनर भगवती के साथ दिल्ली से आगरा जा रहा था। हम तुमसरा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही पहुंचें थे कि एक बिना नम्बर की कार ने हमारी गाड़ी को ओवरटेक करते हुए गाडी के आगे आकर गाड़ी को रोकने का इशारा किया। गाड़ी रोकने पर गाड़ी में सवार तीन चार युवकों ने कैंटर से चालक और क्लीनर को उतार लिया और अपनी कार में बंधक बनाकर बैठा लिया और कैंटर अपने साथी को सौंप दिया। अगले दिन सुबह चार बजे नूंह मेवात के गांव बदरपुर के जंगलों में छोड़कर फरार हो गए।उन्होंने बताया कि लुटेरे उनके दो मोबाइल फोन छः हजार रुपए और कैंटर अपने साथ ले गए। मुंडकटी थाना पुलिस ने चालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कैंटर को पुलिस ने जलालपुर गांव के जंगलों से लावारिस हालत में बरामद किया ।इस वारदात मामले में पुलिस ने रिजवान उर्फ रिज्जु , रहीश और साहिल को पहले ही गिरफतार कर लिया गया था।

# मानेसर नगर निगम के गांव हयातपुर में ध्वस्त किए अवैध निर्माण

● डीटीपी के नेतृत्व में हुई कार्रवाई



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** नगर निगम मानेसर की इंफोर्समेंट विंग ने गुरुवार को अवैध निर्माण पर कार्रवाई करते हुए निमार्णाधीन साइटों पर पंजा चलाया। गांव हयातपुर में सालिग की ढ़ाणी के पास चार बड़े स्ट्रक्चरों को तोड़ा।डीटीपी राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में अवैध निमार्णों पर यह कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान सेक्टर-10 थाना पुलिस की मदद ली गई।डीटीपी ने बताया कि निगमायुक्त आयुक्त आयुष सिन्हा के आदेशानुसार निगम क्षेत्र में अवैध निमार्णों पर लगातार कार्रवाई की जाएगी। निगम की ओर से अवैध निर्माण और सरकारी भूमि पर कब्जे को लेकर सर्वे करवाया जा रहा है। अवैध निमार्णों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। निगम क्षेत्र में निर्माण से पहले नगर निगम से नक्शा पास करवाना अनिवार्य है। रेगुलर कॉलोनियों में भी निर्माण से पहले निगम की अनुमति और राजस्व जमा करवाना होगा। उन्होंने निगम क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि निर्माण से पहले निगम से अनुमति लें। बिना अनुमति लिए निर्माण करने वालों पर निगम कार्रवाई करेगा और तोड़ने का खर्च भी भू-मालिकों से वहन किया जाएगा। इस दौरा उनके साथ एसडीओ इंफोर्समेंट विपिन बूरा, जेई गौरव यादव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# खेल मंत्री गौरव गौतम के नाम सोहना खेल स्टेडियम को खेल विभाग में सम्मिलित कराने के लिए डीसी गुरुग्राम को ज्ञापन सौपा



**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** आज करप्शन फ्री इंडिया संगठन जिला गुरूगाम टीम व अखिल भारतीय हिंदू महासभा,आखिल भारतीय गुर्जर महासभा, व अन्य संगठनों के कार्यकर्ता सोहना ताऊ देवीलाल खेल स्टेडियम को खेल में सम्मिलित व खेल से संबंधित सुविधाओं उपलब्ध करवाने के बारे में गुरुग्राम डीसी को ज्ञापन सौंपा।जहां ज्ञापन सौंपने गए क्रप्शन इंडिया फ्री संगठन के जिला अध्यक्ष बिरजू अधाना ने बताया कि सरकार सोहना के खेल स्टेडियम को आज तक खेल विभाग में नहीं मर्ज कर पाई। जिसके चलते सोहना के खिलाड़ियों को वो सुविधा नहीं मिल पा रही जो गुरुग्राम सहित अन्य राज्यों के खिलाड़ियों को मिल रही है। जिसको लेकर आज गुरुग्राम उपायुक्त को खेल मंत्री गौरव गौतम के नाम एक लिखित ज्ञान सौंपा गया है जिसमें सोहना के खेल स्टेडियम को खेल विभाग में। मर्ज करने की मांग की है और उसमें खिलाड़ियों के लिए वो सभी सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए भी मांग की है। खेल स्टेडियम में उचित लाइट की व्यवस्था नहीं, जिसके चलते शाम होते ही अंधेरा छा जाता है।खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम तक नहीं । सीढ़ियों पर छाया के लिए शेड नहीं लगा अगर लगा है तो अधूरा है।इस अवसर परकरप्शन फ्री इंडिया संगठन जिला गुरुग्राम अध्यक्ष बिरजू अधाना , आखिल भारतीय हिंदू महासभा अध्यक्ष गोविंद खटाना ,आखिल भारतीय गुर्जर महासभा अध्यक्ष बिजेंद्र कंसाना, डाक्टर भूपेन्द्र सिंह, एडवोकेट विक्रम सिंह, गुरुग्राम प्रेसिडेंट संदीप फौगाट,, विभाग प्रमुख एडवोकेट तारूण सिंह,समाजसेवी राजेश राघव, समाजसेवी दीवान सैनी, महासे श्यामवीर खटाना, समाजसेवी सुरेंद्र भामला, समाजसेवी खेमराज दायमा, समाजसेवी ज्ञानसिंह, करमबीर खटाना, व क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सेक्टर 37 उद्योगिक क्षेत्र से कूड़ा ना उठाये जाने की समस्या को लेकर कमिश्नर के पास पहुंची : टीम आईडीए

● मेयर राजरानी मल्होत्रा की उपस्थिति में दिया शिकायत पत्र



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** कूड़ा ना उठने से उधमी परेशान, जल्द से जल्द प्रशासन ठोस कदम या कोई अधिकृत एजेंसी की नियुक्ति हो : के के गाँधी सेक्टर 37 अप्रूव्ड इंडस्ट्री क्षेत्र के अंतर्गत पेस सिटी 1,पेस सिटी 2, एचएसआईआईडीसी फेस 6 से कूड़ा ना उठाये जाने की समस्या को लेकर नगर निगम कमिश्नर श्री प्रदीप दहिया जी से गुरुग्राम मेयर श्रीमती राज रानी मल्होत्रा जी की उपस्थिति में मुलाकात की ओर उद्योगिक क्षेत्र में कूड़ा ना उठाये जाने की समस्या से अवगत करवाया। कमिश्नर साहब ने समस्या की गंभीरता को समझते हुए एडिशनल कमीशनर श्री रविन्द्र यादव जी को इस समस्या के निदान की जिम्मेदारी लगाई है ओर हमें आश्वासन दिया है की जल्द ही इस समस्या का निदान किया जायेगा। इस महत्वपूर्ण चर्चा में आई डी ए के उपाध्यक्ष श्री उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष श्री राजेश यादव जी, कार्यकारिणी सदस्य अश्वनी नरूला जी उपस्थित रहे।

# सी एन जी पिकअप में लगी आग बाल बचा चालक

**फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पहुंचकर आग पर पाया काबू,घाटी में लगा था जाम,पुलिस मामले की जांच में जुटी**

**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** वीरवार की दोपहर करीब 3 बजे के आसपास सोहना तावडू घाटी में उस वक़्त हड़कम्प मच गया जब एक पिकअप गाड़ी में अचानक आग लग गई ! वहां मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी ! फायर ब्रिगेड कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुच कर आग पर काबू पाया ! पिकअप गाड़ी चालक राजमल पुत्र कलीला ने बताया कि फ्ख 40 ॠअ 5606 वह राजस्थान के गांव ग्वालदा का रहने वाला है। वह दिल्ली सामान छोड़ कर वापस भिवाड़ी के पास अपने गांव जा रहा था गाड़ी उसके रिस्तेदार ताहिर की है ! पिकअप गाड़ी खाली थी और वह उसमें अकेला सवार था सोहना तावडू घाटी में जाम होने के कारण पिकअप गाड़ी को धीरे धीरे चला रहा था।अचानक वायरिंग शॉर्ट से उसमे आग लग गई । पिकअप गाड़ी सीएनजी की थी। गाड़ी में अचानक धुंआ निकला और आग लग गई तुरंत गाड़ी की खिड़की खोल बाहर आ गया ! पिकअप चालक ने यह भी बताया त्यौहार की भीड़ और घाटी में जाम के कारण फायर ब्रिगेड की गाड़ी को पहुचने में करीब आधा घण्टा लग गया !

P-10:28 paga09_jhn.qxd 10/9/2025 7:51 PM Page 1



# रामायण बोध कराती है हमारी संस्कृति का



**उत्तम भारत संवाददाता, बल्लभगढ़, सुमित गोयल।** श्री गोपाल मंदिर ट्रस्ट जगदीश कलोनी में चल रहे 47 वे वार्षिक उत्सव संगीतमय राम कथा में व्यास कार्णि स्वामी सुमेधानन्द जी महाराज ने आज के कलियुग के प्रभाव के बारे में बताया। हमारी संस्कृति समाप्त होती जा रही है। सम्बन्ध में खटास आ गयी है। राम राज्य में सभी मिल कर रहते थे। रामायण हमे बोध कराती है। हमारा कर्तव्य क्या है। पिता को पुत्र के साथ। पुत्र का पिता के प्रति क्या कर्तव्य है। भाई का भाई के साथ कैसा व्यवहार होना चाहिए प्रात काल उठ कर माता पिता के चरण स्पर्श हमे रामायण सिखाती है। (प्रात काल उठी के रघुनाथा। मातु पिता गुरु नावहि माथा) रामायण श्री राम का घर जिसमे श्री राम का स्वरूप है प्रधान जनकराज शर्मा, मदन लाल अरोड़ा द्वारा व्यास जी का माल्या अर्पण कर स्वागत किया मंच का संचालन सुरेश अनेजा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध शिक्षाविद दीपक यादव ने महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया.पंडित चेतराम भारद्वाज जी द्वारा आरती के बाद ट्रस्ट के द्वारा सभी भक्तजनो के लिए प्रशाद की सुन्दर व्यवस्था की गई।

# वैश्य अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल समाज महिला मंडल द्वारा किया दो दिवसीय करवा चौथ महोत्सव



**उत्तम भारत संवाददाता, बल्लभगढ़।** श्री वैश्य अग्रवाल समाज एवं अग्रवाल समाज महिला मंडल, अग्रवाल धर्मशाला चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ की महिलाओं द्वारा करवा चौथ महोत्सव के अवसर पर अग्रवाल अग्रवाल धर्मशाला में 8 और 9 अक्टूबर को "करवा चौथ मेहंदी और श्रृंगार बाजार" का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार सामान के 13 स्टॉल ( नेल आर्ट, विभिन्न प्रकार के आचार, मुरब्बे, मोदी केयर के प्रोडक्ट, हैंड मेड मोमबत्तियां, सुन्दर सुन्दर सूट, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, स्वादिष्ट लड्डू, घर के बने हुए बिस्किट एवं केक) और भी कई अलग अलग स्टॉल लगाए गए हैं एवं सुबह 11.00 बजे से रात 11.00 बजे तक मेहंदी लगाई गई। जो की मन की उड़ान के सहयोग से आयोजन किया गया। अध्यक्ष श्री भगवान दास गोयल जी एवं महासचिव लोकेश अग्रवाल जी ने बताया कि महोत्सव में लगभग 300 महिलाओं ने विभिन्न विभिन्न डिजाइनो की मेहंदी लगवाई और साथ में स्टॉल विजिट किए और सामान भी खरीदा जो कि मार्केट रेट से काफी सस्ता था। समारोह के प्रथम दिन अग्रवाल परिवार की बुजुर्ग महिलाओं द्वारा दीप प्रज्वलन करा कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया सभी बुजुर्गों को पटका पहना कर सम्मानित किया गया और सभी को मेहंदी भी लगवाई गई। दूसरे दिन श्रीमती अंशु सिंगल जिला शिक्षा अधिकारी एवं सुश्री शारदा राठौर, पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव हरियाणा सरकार ने दीप जलाकर करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया वह स्टॉल का दौरा किया ' अग्रवाल समाज महिला मंडल की महिलाओं ने आई हुई महिलाओं के साथ मिलकर अलग अलग गेम खेले सबने खूब डांस किया जिससे माहौल में एक अलग ही रंग भर गया। बेटियों द्वारा बनाई गई रंगोली ने तो सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर सभी को गिफ्ट भी दिए गए। इस कार्यक्रम को करने का एक ही मकसद कि बच्चों को एक प्लेटफार्म मिले और हमारी महिलाएँ सड़को पर मेहंदी लगवाने की बजाय एक छत के नीचे मेहंदी लगवाये साथ में मस्ती से भरे माहौल का आनंद भी ले सके। इसके साथ ही लोगों ने फूड स्टॉल बने विभिन्न विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लिया।

# फरीदाबाद में कोल्ड ड्रिफ सिरप बैन, बिक्री और वितरण पर रोक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**फरीदाबाद।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में कोल्डड्रिफ सिरप पीने से कई बच्चों की मौत के बाद हरियाणा सरकार भी अलर्ट मोड पर आ गई है। दोनों राज्यों में जिस दवा कंपनी के सिरप से बच्चों की मौत हुई, उसे लेकर अब हरियाणा में भी सख्ती बरती जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने उस कंपनी के कोल्डड्रिफ सिरप की बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया है, ताकि प्रदेश में किसी तरह की अप्रिय घटना न हो सके।

फरीदाबाद के सिविल सर्जन डॉ. जयंत आहूजा ने बताया कि फिलहाल हरियाणा के किसी जिले में वह सिरप उपलब्ध नहीं है, लेकिन फिर भी एहतियात के तौर पर सरकार ने उसकी बिक्री पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि सरकार और स्वास्थ्य विभाग जनता की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर हैं और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**बिना डॉक्टर के परामर्श के दवाई ना लें: सिविल सर्जन**

डॉ. आहूजा ने कहा कि लोग बिना डॉक्टर की सलाह के किसी भी मेडिकल स्टोर से दवा न खरीदें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कई बार लोग छोटे.मोटे रोगों के लिए सीधे दवा खरीद लेते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो सकता है।

इसलिए हर व्यक्ति को चाहिए कि बीमारी की स्थिति में पहले सरकारी डॉक्टर से परामर्श लें और उसके बाद ही दवा का सेवन करें।

सिविल सर्जन ने बताया कि फरीदाबाद के सभी सरकारी अस्पतालों में क्वालिफाइड डॉक्टरों और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई है। इसके अलावा जो दवाइयां सरकार की ओर से दी जाती हैं, वे पूरी तरह सर्टिफाइड और सुरक्षित होती हैं। उन्होंने कहा कि आम लोगों को इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि किसी भी अनजान या अन-सर्टिफाइड कंपनी की दवा का सेवन न करें।

# अवैध नशा तस्करी के मामले में 20 के सजायाफ्ता को अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने उतर प्रदेश से किया गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराधियों को पकड़ने के साथ साथ उनको सजा दिलाने के लिए माननीय अदालत में लगातार ठोस पैरवी की जा रही है। जिसके फलस्वरूप थाना आदर्श नगर के वर्ष 2023 के एक अवैध नशा तस्करी के मामले में पकडे गये आरोपी विनोद को माननीय अदालत ने 20 साल व 2 लाख रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा वर्ष 2023 में थाना आदर्श नगर में 20 किलो 400 ग्राम गांजा की तस्करी के मामले में एक अभियोग दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपी विनोद माननीय अदालत से जमानत पर था और अदालत में उपस्थित नही हो रहा था, जिसको अगस्त 2025 में माननीय अदालत ने बेल जम्पर घोषित किया तथा मामले में सुनवाई पूर्ण होने उपरांत 29 सितम्बर 2025 को आरोपी को 20 साल की कैद व 2 लाख जुमार्ना की सजा सुनाई थी। उन्होंने आगे बताया कि माननीय अदालत ने आरोपी को सजा सुना दी थी और वह फरार चल रहा था, जिसको तलाश कर जेल भेजना पुलिस के लिए एक चुनौती थी। आरोपी को तलाश करने के लिए अपराध शाखा बॉर्डर को जिम्मेवारी सौंपी गई। जिसको अपराध शाखा बॉर्डर की टीम ने बखूबी निभाया तथा तकनीकी सहायता व खुफिया तंत्र की सूचना के आधार पर जिला मथुरा के गांव कोयल से आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायलय में पेश किया, जहां से उसको जेल भेजा गया है।

# विश्व निवेशक सप्ताह के अवसर पर फरीदाबाद पुलिस द्वारा निवेश जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार विश्व निवेशक सप्ताह के अवसर पर निवेश संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन पुलिस लाइन फरीदाबाद में किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत एसीपी मोनिका द्वारा की गई, जिन्होंने निवेश के महत्व इसके लाभों और सावधानियों के बारे में जानकारी दी। तत्पश्चात भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड से आए विशेषज्ञ वक्ता ने उपस्थित पुलिसकर्मियों को निवेश के विभिन्न विकल्पों, उनके फायदे और जोखिमों के बारे में विस्तार से बताया।

इस कार्यक्रम में फरीदाबाद के तीनों जोनों से लगभग 90 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। सामुदायिक पुलिसिंग सेल और उनकी टीम ने भी हिस्सा लिया तथा निवेश संबंधी जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने निवेश के क्षेत्र में जागरूकता बढ़ाने और ठगी जैसे वित्तीय अपराधों से बचने के उपायों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों में वित्तीय साक्षरता और सुरक्षित निवेश की समझ विकसित करना था, ताकि वे अपने आर्थिक भविष्य को मजबूत बना सकें।

# पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने पुलिस अधिकारियों के साथ की गोष्ठी



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, नवीन शाह।** आगामी कुछ दिनों में करवा-चौथ, धनतेरस, दीपावली आदि त्यौहार आने वाले हैं, इस दौरान बाजारों में व्यापक स्तर पर खरीदारी की जाती हैए जिससे बाजारों में भीड़ बढ़ती है और यातायात व्यवस्था अनियंत्रित रहती है। जिसके मद्देनजर 9 अक्टूबर को पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने सभी पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, ट्रैफिक निरीक्षक व सभी जोनल अधिकारी के साथ गोष्ठी का आयोजन किया।

गोष्ठी के दौरान पुलिस आयुक्त फरीदाबाद ने कहा कि आगामी त्यौहारों के मद्देनजर बाजारों में भीड़ रहेगी, जिससे यातायात व्यवस्था अनियंत्रित रहती है तथा चोरी व छीना-झपटी की वारदातों की संभावना इंकार नहीं किया जा सकता है, जिस कारण आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ता है, इसलिए बाजारों में संबंधित थाना द्वारा उचित संख्या में पुलिस बल लगाया जाये तथा अपराध शाखाओं की टीम द्वारा गस्त की जाये।

उन्होंने आगे कहा कि बाजारों में अतिक्रमण को हटवाया जाये, पार्किंग की व्यवस्था स्थापित कराई जाये तथा यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाये। इसके साथ ही नगर निगम फरीदाबाद की टीम की सहायता से अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिये बड़े-छोटे चौराहों पर सवारी उतारने व बैठाने के लिए उचित स्थान निर्धारित करवायें जाये। ऐसे स्थान, जहां पर लाल बत्ती लगाने की आवश्यकता हो या फिर गलियों, सडक पर स्ट्रीट लाइट लगाने की आवश्यकता हो या फिर सडकों पर गड्ढे हैं, उनको चिन्हित कर सूची तैयार की जाकर नगर निगम फरीदाबाद या संबंधित विभाग को पत्राचार किया जाये। जिन स्थान पर जाम की स्थिति अधिक रहती है, वहां पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल लगाया जाये।

फरीदाबाद के ऑटो यूनियन के प्रधानों के साथ मीटिंग का आयोजन किया जाये और उनको बताया जाये कि ऑटो चालकों को वाहन चलाते समय क्या करना है और क्या नहीं करना।

ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मचारियों का व्यवहार आमजन से अच्छा होना चाहिए। पुलिस कर्मचारियों के व्यवहार को और कुशल बनाने के लिए उनको प्रशिक्षित करवाया जाये।

# नगर निगम ने कई ढांचे ध्वस्त किए

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, राजेन्द्र सिंह।** जिला नगर योजनाकार एन्फोर्समेंट की टीम ने ओखला एन्क्लेव पार्ट दो दुर्गा बिल्डर में अवैध निमार्णों पर कार्रवाई की। टीम के साथ पुलिस बल भी मौजूद था। डीटीपीई यजन चौधरी ने बताया कि सेक्टर-91 में काफी जमीन पर कब्जे हो रहे थे।

यहां 22 अस्थाई निर्माण हो गए थे। इनमें मीट मार्केट, बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर सहित अन्य प्रकार की दुकानें लगती थी। टीम ने इन सभी को हटा दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि दोबारा दुकानें न लगाई जाएं। दिल्ली-मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग के साइड और सर्विस लेन पर जलभराव और गंदगी के मामले में लेकर जिला उपायुक्त विक्रम सिंह एवं नगर निगम के आयुक्त धीरेंद्र खडगटा ने संयुक्त रूप से समीक्षा बैठक की। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे डिस्पोजल और नालियों से संबंधित मुद्दों पर संबधित अधिकारियों से बात की।

जिला उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्वच्छता एवं जल निकासी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वह स्वयं संभावित जलभराव वाले क्षेत्रों और पानी निकासी के लिए बनाए गए डिस्पोजल प्वाइंट का निरीक्षण करें।

उन्होंने कहा कि नालियों और जल निकासी मार्गों की सफाई व रखरखाव नियमित रूप से किया जाए ताकि पानी का बहाव सुचारू रूप से बना रहे। उन्होंने एनएचएआइ और एफएमडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग के फ्लाईओवर के नीचे किसी भी प्रकार की गंदगी या कचरा जमा न होने दिया जाए। आसपास नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए तथा ऐसे स्थानों की नियमित निगरानी की जाए जहां गंदगी या अपशिष्ट बार-बार एकत्रित होता है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं ग्रीन बेल्ट क्षेत्र में लगी ग्रिल टूटी या क्षतिग्रस्त है, तो उसे शीघ्रता से दुरुस्त कराया जाए, ताकि हरित क्षेत्र की सुरक्षा और सुंदरता बनी रहे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय राजमार्ग और पुलों के नीचे रेहडिड्डा लगाने या किसी भी प्रकार का अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पीएनबी कर्मचारी दो दिवसीय हड़ताल पर,6 दिन कार्य नीति का विरोध

**उत्तम भारत संवाददाता**

**फरीदाबाद।** ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर फेडरेशन के आह्वान पर कर्मचारी दो दिवसीय हड़ताल पर हैं। यह हड़ताल 9 अक्टूबर से शुरू होकर 10 अक्टूबर तक एनआईटी स्थित पंजाब नेशनल बैंक कॉरपोरेशन बिल्डिंग के बाहर जारी रहेगी। हड़ताल की मुख्य वजह बैंक कर्मचारियों से सप्ताह में लगातार 6 दिन काम करवाने की नीति को बताया गया है।

फेडरेशन की प्रधान निम्मी यादव ने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक में कर्मचारियों और अधिकारियों से लगातार 6 दिन तक 10 से 12 घंटे तक काम कराया जाता है। इस वजह से कर्मचारियों पर मानसिक दबाव और तनाव बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तनाव के चलते कई बार कर्मचारी अवसाद में चले जाते हैं और कुछ तो आत्महत्या जैसे कदम उठाने को भी मजबूर हो जाते हैं।

**5 दिन का कार्य सप्ताह लागू करने की मांग**

निम्मी यादव ने बताया कि देश के अन्य बैंकों, चाहे वे सेंट्रल गवर्नमेंट बैंक हों या स्टेट गवर्नमेंट बैंक सभी में सप्ताह में 5 दिन वर्किंग रहती है, जबकि पंजाब नेशनल बैंक में केवल रविवार को ही छुट्टी दी जाती है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मानसिक स्थिति और उनके पारिवारिक जीवन को देखते हुए पीएनबी में भी अन्य बैंकों की तरह पांच दिन का कार्य सप्ताह लागू किया जाना चाहिए।

उन्होंने सरकार और बैंक प्रबंधन से अपील की कि इस मुद्दे पर जल्द निर्णय लिया जाए ताकि कर्मचारियों को राहत मिल सके। फेडरेशन की ओर से स्पष्ट कहा गया कि यदि हड़ताल के दौरान ग्राहकों को किसी प्रकार की परेशानी होती है, तो उसकी जिम्मेदारी बैंक के उच्च अधिकारियों की होगी, न की कर्मचारियों की। निम्मी यादव ने कहा कि हम ग्राहक हित के खिलाफ नहीं हैं। हमें खेद है कि दो दिन की इस हड़ताल से बैंकिंग सेवाएं प्रभावित होंगी, लेकिन यह कदम कर्मचारियों की भलाई और मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर उठाया गया है।

# एनसीआर क्षेत्र में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध : जिलाधीश विक्रम सिंह

**उत्तम भारत संवाददाता**

**फरीदाबाद।** सुप्रीम कोर्ट के आदेशों तथा हरियाणा सरकार के दिशा-निदेर्शों की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिलों में पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन प्लेटफार्मों के माध्यम से बिक्री सहित) एवं फोड़ने पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में जिलाधीश विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह निर्णय जनस्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक सुरक्षा की दृष्टि से लिया गया है।

जिलाधीश विक्रम सिंह ने बताया कि यह आदेश पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 5 के अंतर्गत जारी किया गया है, जिसका उद्देश्य वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को नियंत्रित करना तथा आमजन, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन या हृदय संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

उन्होंने बताया कि जिला फरीदाबाद में भी इस आदेश के अनुपालन में आतिशबाजी संबंधी सभी लाइसेंसों की वैधता समाप्त कर दी गई है तथा किसी भी प्रकार की नई अनुमति आगामी आदेश तक जारी नहीं की जाएगी।

संबंधित कार्यालयों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि राज्य सरकार के निदेर्शों का पालन सख्ती से किया जाए। साथ ही हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उक्त आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 15 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच 13 अक्टूबर को पंचकूला में करेगा प्रदर्शनए मुख्यमंत्री को सौंपा जाएगा मांगपत्र

**उत्तम भारत संवाददाता**

**फरीदाबाद।** हरियाणा में कर्मचारियों की लम्बित मांगों को लेकर अब संयुक्त रूप से आंदोलन की तैयारी तेज हो गई है। इसी क्रम में हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन, हरियाणा कौशल रोजगार निगम कर्मचारी मंच और हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच ने संयुक्त रूप से घोषणा की है कि आगामी 13 अक्टूबर 2025 को एचएसवीपी मुख्यालय सेक्टर.6ए पंचकूला में दोपहर 12 बजे से धरना.प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रदर्शन के उपरांत कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन मुख्य प्रशासक एचएसवीपी पंचकूला को सौंपेगा। प्रदेश अध्यक्ष आर के नागर ने बताया कि यह आंदोलन कर्मचारियों के अधिकारों और लंबित मांगों को लेकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 14 अक्टूबर की सुबह 8 बजे कर्मचारी प्रतिनिधि दल मुख्यमंत्री के सेक्टर-3ए चंडीगढ़ स्थित निवास पर जाकर व्यक्तिगत रूप से ज्ञापन सौंपेगा और समस्याओं के समाधान की मांग करेगा।

कर्मचारी संगठनों की प्रमुख मांगे हैं, दिवाली से पहले सभी कच्चे.पक्के कर्मचारियों व अधिकारियों को परफॉर्मेंस अवार्ड (बोनस) दिया जाए। कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों की एचएसवीपी, कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज करनाल सहित अन्य विभागों में समाप्त हुई अप्रूवल को तत्काल नवीनीकृत किया जाए। ठेके पर कार्यरत सभी कच्चे कर्मचारियों को कौशल रोजगार निगम में समायोजित किया जाए। निगम के तहत कार्यरत कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा 58 वर्ष तक सुनिश्चित करते हुए उन्हें पक्का किया जाए। पहले दिए गए मांगपत्रों पर सरकार और मुख्य प्रशासक एचएसवीपी द्वारा तुरंत वार्ता का समय तय किया जाए। आर के नागर ने चेतावनी दी कि यदि 13 अक्टूबर तक सरकार द्वारा कोई ठोस सुनवाई नहीं की जाती तो दिवाली तक एचएसवीपी मुख्यालय सेक्टर.6 पंचकूला पर धरना.प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा और दिवाली के बाद आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने राज्यभर के सभी जिला, सर्कल और राज्य स्तरीय पदाधिकारियों व कर्मचारियों से अपील की है कि वे अपनी मांगों को गंभीरता से लेते हुए 13 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे तक पंचकूला अवश्य पहुंचें, ताकि सरकार को कर्मचारियों की एकजुटता का संदेश दिया जा सके और उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई हो सके।श्री नागर ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह कर्मचारियों की जायज मांगों को समझे और बिना देरी किए समाधान करेए ताकि राज्य में कामकाज सुचारु रूप से चलता रहे।

## समाचार

### ऊर्जा बचाने के लिए जब उपयोग में न हों तो अपने बिजली के उपकरणों को अनप्लग करें: पंजाबी समाज प्रधान आहुजा

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** ऊर्जा संरक्षण का अर्थ है ऊर्जा की खपत को कम करना। यह ऊर्जा के उपयोग को अधिक कुशल बनाने और ऊर्जा के स्रोतों को बचाने के लिए किया जा सकता है। ऊर्जा संरक्षण का तात्पर्य ऊर्जा की खपत को कम करने के लिए किए गए प्रयासों से है। पृथ्वी पर ऊर्जा असीमित मात्रा में उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा, ऊर्जा को पुनः उत्पन्न होने में बहुत समय लग सकता है। यह शब्द समाजसेवी एवं पंजाबी समाज प्रधान प्रमोद आहुजा ने रखे। यह निश्चित रूप से ऊर्जा संरक्षण को आवश्यक बनाता है। हमें अपने सभी पुराने उपकरणों को बदलना चाहिए क्योंकि वे बहुत ज्यादा बिजली की खपत करते हैं। दूसरे शब्दों में हमें अपने घरों को ऊर्जा कुशल बनाने का प्रयास करना चाहिए। इसके अलावा हमेशा याद रखें कि जब उपयोग में न हों तो अपने बिजली के उपकरणों को अनप्लग करें। ये उपकरण निष्क्रिय होने पर भी कम से कम दस प्रतिशत बिजली की खपत करते हैं।

### तावडू में मौसम में आए बदलाव के चलते लोग बीमारियों की चपेट में, सावधानी ही बचाव

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** अक्टूबर माह के दस दिन बीत बीतने को है और इसके साथ ही सुबह के समय हल्की सर्दी की दस्तक से बच्चे व बुजुर्ग ठंड महसूस करने लगे हैं। हालांकि दिन के मौसम में बदलाव व तापमान में उतार चढ़ाव स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो रही हैं। जैसे-जैसे सर्दी का आगमन हो रहा है वैसे-वैसे बच्चों में जहां निमोनिया की शिकायत के मामले सामने आ रहे हैं वहीं बड़े व बुजुर्ग जुकाम, खांसी और बुखार की जकड़न में आ रहे हैं। जिसके चलते शहर व क्षेत्र में सरकारी अस्पताल सहित निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। पिछले कुछ दिनों से सुबह व शाम के समय मौसम में बदलाव आ रहा है। सुबह व शाम के समय हल्की ठंड महसूस की जा रही है। सुबह व शाम के समय तापमान में गिरावट के साथ हल्की ठंड पडने लगी है। फिलहाल शुरू हुई हल्की ठंड ने बच्चों व बड़ों के साथ बुजुर्गों को भी लपेटे में लेना शुरू कर दिया है। चिकित्सक डाक्टर आरए चौधरी के अनुसार मौसम में लगातार बदलाव आ रहा है। इस बदलाव के चलते बच्चे व बुजुर्ग बीमार होने लगे हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों में बुखार, निमोनिया को भी रात को पंखे बंद करने पड़ रहे की शिकायत ज्यादा आ रही है। बचावः- उन्होंने बताया कि बच्चों को पूरी बाजू के कपड़े पहनाएं। बच्चों को नंगे पैर न घूमने दे, जुकाम होने पर रूमाल का प्रयोग की चपेट में आने शुरू हो गए हैं। खांसी करते समय मुंह के आगे कपड़ा या मास्क का प्रयोग करे। बुजुर्गों को सुबह-शाम गर्म कपडने पहनने चाहिए। पंखे-कूलर का प्रयोग न करे। बीमार पड़ने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें।

### तावडू में घरेलू गैस की हो रही कालाबाजारी, प्रशासन मौन

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर व क्षेत्र में घरेलू गैस की कालाबाजारी के गौरख धंधों ने पैर पसार लिए हैं। प्रशासन जानकर भी अनजान बना है। क्षेत्र में भारी संख्या में घरेलू गैस की कालाबाजारी से लोगों में रोष व्याप्त है, वहीं लोगों का मानना है कि प्रशासन बडी दुर्घटना के इंतजार में है और बडी घटना पर थोडी बहुत औपचारिकता निभाकर इतिश्री कर दिया जाता है। हरिओम, भगवान सिंह, हरीश कुमार, राजाराम, सुरेश कुमार, प्रमोद कुमार, मोहनलाल, रामलाल, कृष्ण कुमार, रामलाल, परमानंद, निसार, फजरू आदि ने बताया कि क्षेत्र में घरेलू गैस की कालाबाजारी के गौरख धंधे ने पैर पसार लिए हैं। इस बारे प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया। लेकिन प्रशासन जानकर अनजान बना है और घरेलू गैस की कालाबाजारी करने वाले चांदी काट रहे हैं।

### तावडू में नहीं है कोई वाहन पार्किंग की व्यवस्था, आद दिन लगता है जाम, क्षेत्रवासी परेशान

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू( मैहंदीरत्ता )।** शहर में वाहन चालकों के लिए वाहन पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण क्षेत्र वासियों के लिए यह समस्या सिरदर्द बनी हुई है। वहीं जिस कारण वाहन चालक व ऑटो वाहन चालक शहर में इधर-उधर वाहन खड़ा कर शहर को अवैध पार्किंग का रूप दे देते हैं। जिससे शहर की सुंदरता को तार-तार हो रही है। शहर में इस तरह की समस्या को लेकर प्रशासन तनिक भी गंभीर नहीं है। नगर पालिका प्रशासन आए दिन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर गरीब रेहड़ी व फुटपाथ वालों का चालान कर औपचारिकता निभा देता है। लेकिन पार्किंग व्यवस्था के बारे में किसी भी विभाग ने इस समस्या पर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया।



कल्लू, मुकीम, मुकेश, रवि, राजकुमार, हरीश, राजा सिंह, गणेश, दीपक, विपिन, राजू व अनिल आदि शहरवासियों ने कहा कि प्रशासन ने शहर में पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं की हुई है। जिससे दूर दराज से आने वाले वाहन चालकों को अपने वाहन इधर-उधर सडकों पर खड़ा करने पड़ते हैं। जिससे शहर की सुंदरता को तो बट्टा लग ही रहा है, वहीं आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। शहरवासियों ने कहा कि आए दिन लगने वाले जाम से वाहन चालकों को सहित उन्हें भारी परेशानी झेलनी पड रही है। शहर के मुख्य मार्गों पर स्थित दुकानदार अपनी दुकानों के आगे दस-दस, बारह-बारह फुट तक सामान जमा लेते हैं, ताकि उनकी दुकानों के आगे वाहन खड़े हो सकें। इन दुकानों के आगे रेहड़ी वालो के साथ-साथ वाहन चालक भी रेहड़ी से आगे अवैध पार्किंग बना देते हैं। वहीं क्षेत्र वासियों ने शासन प्रशासन से इस समस्या के समाधान के लिए गुहार लगाई है।

P-11:28 paga09_jhn.qxd 10/9/2025 9:30 PM Page 1



# फादरसन पब्लिक स्कूलमें दोहा वाचन प्रतियोगिता का आयोजन



उत्तम भारत संवाददाता

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल, में कक्षा सातवीं, आठवीं एवं नौवीं के छात्र-छात्राओं द्वारा *दोहा वाचन प्रतियोगिता* का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कबीरदास, तुलसीदास, सूरदास एवं रहीम जैसे महान कवियों के दोहों का वाचन अत्यंत भावपूर्ण और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों को दो समूहों–समूह 'अ' और समूह 'ब'–में विभाजित किया गया था। दोनों समूहों के बीच प्रस्तुतियों ने विद्यालय परिसर को भक्ति एवं ज्ञान की भावना से भर दिया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी सादर आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की। निर्णायक मंडल में हिंदी विषय की अध्यापिकाएँ राखी एवं अंजना उपस्थित रहीं। उनके निर्णय के अनुसार *समूह 'अ'* ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि *समूह 'ब'* द्वितीय स्थान पर रहा। उत्कृष्ट वाचन और प्रस्तुतिकरण के लिए विजेता समूहों को विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि, ÷दोहा वाचन जैसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, नैतिक मूल्यों की समझ और साहित्य के प्रति रुचि को बढ़ाती हैं। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी भारतीय संत कवियों के आदर्शों को इतनी सुंदरता से प्रस्तुत कर रहे हैं।÷

सभी उपस्थितों ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

# महिला सशक्तिकरण विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया



उत्तम भारत संवाददाता

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में 9 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद आरिफ और डॉ0 उदिता राजपूत के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सशक्तिकरण विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने निबंध पोस्टर और स्लोगन तैयार किये, जिनमें मुख्य रूप से फरहीन जहां, अर्शी परवीन, अर्जुन ने पोस्टर तैयार किये जबकि अन्य छात्र-छात्राओं ने स्लोगन तैयार कर महिलाओं को सशक्त बनाने का संदेश दिया । कुछ छात्र-छात्राओं ने निबंध भी लिखकर प्रस्तुत किये। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं और बधाई दी।कार्यक्रम मे उपस्थित सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया और कार्यक्रम को सफल बनाने सराहनीय योगदान प्रदान किया।

# योगासन प्रतियोगिता में बालिकाओं एवं बालकों ने जीते पदक






उत्तम भारत संवाददाता

**चांदपुर।** प्रदेश स्तरीय विद्यालयी योगासन प्रतियोगिता में हिंदू इंटर कॉलेज के छात्र ऋतिक कुमार ने संपूर्ण प्रदेश में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय, जनपद एवं मुरादाबाद मंडल का नाम रोशन किया है। मंगलवार को अयोध्या के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित योगासन प्रतियोगिता के अंडर -19 वर्ग में कक्षा 12 के छात्र ऋतिक कुमार ने कांस्य पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। गुरुवार को विद्यालय पहुंचने पर ऋतिक कुमार को प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी ने इस प्रतिभावान छात्र को मेडल पहनाकर मंच पर सम्मानित किया। इससे पूर्व छात्र ऋतिक कुमार ने मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। रितिक कुमार को योगासन विधा में डॉ. एम एस त्यागी द्वारा प्रशिक्षित किया गया है।

अंडर-17 वर्ग में नांगल जट इंटर कॉलेज, नांगल जट के छात्र शिवा ने भी इसी प्रतियोगिता में प्रदेश स्तर पर कांस्य पदक जीता।

मुरादाबाद मंडल की ओर से खेलते हुए श्रीराम मेमोरियल उत्तर माध्यमिक विद्यालय रुस्तमपुर ताकीपुर, जनपद बिजनौर की छात्राओं पलक एवं गुंजन ने अंडर- 17 वर्ग की योगासन प्रतियोगिता में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

विद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि मंडलीय टीम का नेतृत्व टीम कोच सर्वजीत सिंह त्यागी, टीम मैनेजर प्रत्यूष कुमार एवं महिला कोच गरिमा रानी द्वारा किया गया।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली दोनों व्यायाम खिलाड़ी राष्ट्र स्तर की प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# द हेज़लमून स्कूल में मनाया गया वर्ल्ड पोस्ट डे



उत्तम भारत संवाददाता

**बिजनौर।** द हेज़लमून स्कूल में वर्ल्ड पोस्ट डे बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस दिवस पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें एमेरल्ड हाउस के छात्र-छात्राओं ने डाक सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

केजी विंग की प्रार्थना सभा में भी एक छात्र ने डाकिए की वेशभूषा में आकर सभी छात्रों को डाकिए तथा डाक सेवाओं के विषय में अवगत कराया। इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा तीन से कक्षा पाँच तक के विद्यार्थियों के लिए लेटर राइटिंग एक्टिविटी आयोजित की गई, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने अपने मित्रों, परिवारजनों या विशेष व्यक्तियों को पत्र लिखकर अपनी भावनाओं को शब्दों के माध्यम से व्यक्त किया और उन्हें पत्र पेटिका में डाला। कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए पोस्टल स्टैम्प डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने 'माय ड्रीम इंडिया' और 'द हेज़लमून स्कूल एंबलम' विषयों पर अपनी कल्पनाशक्ति का सुंदर प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधिका शक्ति अनिरुद्ध मित्तल ने कहा कि पत्र लेखन हमारी भावनाओं को व्यक्त करने का एक सुंदर माध्यम है, जो आज भी हमारे संबंधों को जीवांत बनाता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या गरिमा सिंह ने वर्ल्ड पोस्ट डे पर विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा उनके द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

# मामूली कहां सुनी को लेकर दो पक्ष में हुआ विवाद, एक की मौत एक घायल



उत्तम भारत संवाददाता

**बिजनौर।** थाना हल्दौर क्षेत्र में मामूली कहा सुनी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया विवाद में लाठी डंडे चल गए एक पक्ष के युवक के सिर में चोट लगने से हुई मौत एक हुआ घायल गुस्सा खाए परिजनों ने कार्रवाई की मांग को लेकर बिजनौर मुरादाबाद हाईवे रोड किया जाम पुलिस ने परिजनों को समझा बूझकर जाम खुलवाया पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी।

दरअसल आपको बता दें जनपद बिजनौर के थाना हल्दौर क्षेत्र के पटियाला ढाबे पर मामूली कहां सुनी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया विवाद में दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चल गए विवाद में एक पक्ष के दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया था जिसमें एक युवक की रास्ते में मौत हो गई गुस्सा खाए मृतक के परिजनों ने शव को बाल किशनपुर चौराहे पर रखकर हाईवे रोड जाम कर दिया पुलिस ने परिजनों को समझा बूझकर जाम खुलवाया और मृत्यु के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भिजवा दिया है तो वहीं दूसरे घायल का अस्पताल में उपचार चल रहा है बताया जा रहा है कि विवाद में दूसरे पक्ष के युवक भी घायल हुए हैं फिलहाल पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है

# जे,पी भारत गैस मंडावर की टीम के द्वारा ग्राम शहवाजपुर में एक मीटिंग का आयोजन किया




उत्तम भारत संवाददाता

**मंडावर।** थाना मंडावर क्षेत्र के गांव शाहबाजपुर में जे,पी भारत गैस मंडावर की टीम के द्वारा गांव शाहबाजपुर में एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं को गैस सिलेंडर को कैसे प्रयोग करना है किस प्रकार इस्तेमाल करें प्रयोग करने के बाद कैसे गैस बंद करनी चाहिए । अचानक से सिलेंडर में आग लग जाती है तो उसको किस प्रकार से बुझाना चाहिए। महिलाओं को काफी तरीके बताऐ गए ।और आगामी त्यौहारों को लेकर दीपावली पर 1 अक्टूबर से दीपावली तक सिलेंडर भरवाने पर सिलेंडर के पैसे आपके खाते में पहुंच जाएंगे टीम के द्वारा महिलाओं को कॉफी बातों को समझाया गया।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत किया गया छात्राओं को जागरूक




**चांदपुर।** मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अंतर्गत 9 अक्टूबर 2025 को उप निरीक्षक जसवीर सिंह, महिला आरक्षी 87 प्रीति तोमर द्वारा , आरक्षी 88 रजनीश व 711 विपिन कुमार द्वारा विवेकानंद इण्टर कॉलेज ग्राम दरबाड़ा थाना चांदपुर जनपद बिजनौर में छात्राओं को जागरूक किया गया तथा

*1. महिला हेल्प लाइन नंबर 181*
*2. वूमेन पावर लाइन नंबर 1090*
*3. आपातकालीन नंबर 112*
*4. स्वास्थ्य सेवा नंबर 102*
*5. एंबुलेंस नंबर 108*
*6. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098* 7. *साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना
* के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने , सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने , अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया , महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया एवं महिलाओं को जागरूक किया गया।

# किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं के साथ अपना समर्थन दिया



उत्तम भारत संवाददाता

**चांदपुर।** शिवसेना जिला प्रमुख चौधरी वीर सिंह के गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर से निकाले जाने के पक्ष में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष कल्याण सिंह ने किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं के साथ अपना समर्थन दिया। इस दौरान वीर सिंह ने कहा कि प्रयागराज से लेकर हरिद्वार तक निकाले जाने वाला गंगा एक्सप्रेसवे जो की बिजनौर से होकर जाना था जिसे बाहरी जनप्रतिनिधियों द्वारा चोरी कर लिया गया जिसे अब अन्य जनपदों से निकला जा रहा। जबकि मां गंगा जनपद बिजनौर में ही हमें लगभग 100 किलोमीटर तक अपना आशीर्वाद देती है जिससे बिजनौर वासियों को वंचित किया जा रहा है।

और उत्तर प्रदेश में प्रथम प्रवेश द्वार हमारा जनपद बिजनौर ही है प्रदेश के मुखिया माननीय योगी आदित्यनाथ जी द्वारा सदन में भी बिजनौर से गंगा एक्सप्रेसवे निकाले जाने के मुद्दे को प्राथमिकता से उठाया गया।

लेकिन बाहरी जनप्रतिनिधियों ने अपने निजी स्वार्थ हित में गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर से ना निकाल कर। बिजनौर वासियों की भावनाओं को आहत कर दिया जिसे शिवसेना कतई बर्दाश्त नहीं करेगी चौधरी वीर सिंह ने बताया कि वह शीघ्र ही सभी संगठन राजनीतिक दलों को साथ लेकर गंगा एक्सप्रेसवे से की मांग को लेकर जनपद बिजनौर में एक बड़ा आंदोलन करेंगे।

# स्वदेशी संकल्प महारैली की सफलता हेतु बैठक




उत्तम भारत संवाददाता

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद नगर मे देशवासी विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करते हुए और देश को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से स्वदेशी वस्तुओं को अपनायें की जन जाग्रति के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण मंच की बैठक आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर शनिवार को रामपुर से चलकर आने वाली स्वदेशी संकल्प रैली को मुरादाबाद महानगर में सफल बनाने हेतु बैठक हुई। बैठक में संगठन के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया और रैली को सफल बनाने हेतु विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया। प्रत्येक कार्यकर्ता को उनके दायित्व सौंपे गए ताकि आयोजन सुव्यवस्थित और प्रभावी रूप से सम्पन्न हो सके।

बैठक में प्रमुख रूप से डॉ. राजीव कुमार, कपिल नारंग, डॉ. ए. के. अग्रवाल, रमेश सिंह आर्य एडवोकेट, प्रशांत शर्मा, अनित ठाकुर, नीरज सोलंकी पूनम चौहान और अंजू त्रिपाठी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकाली गई महाऋषि बाल्मीकि जन्मोत्सव शोभा यात्रा



उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** हर वर्ष की भांति, इस वर्ष भी बाल्मीकि समाज द्वारा ÷संस्कृत महाकाव्य महर्षि बाल्मीकि रामायण के रचियता ÷ऋषि वाल्मीकि÷ का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर बाल्मीकि समाज द्वारा नगर में रामायण के महान रचयिता महर्षि बाल्मीकि को समर्पित एक शोभायात्रा निकाली गई। जिसका उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता नक्षत्र पंवार ने फीता काटकर किया। बाल्मीकि समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में सुन्दर-सुन्दर झांकियाँ सजाई गई थी। शोभायात्रा मौहल्ला गंगाराम से शुरू होकर मैन बाजार, मौहल्ला कास्थान और मौहल्ला इकराम से होते हुए वापस मौहल्ला गंगाराम में जाकर संपन्न हुई।हर वर्ष यह जन्मोत्सव हिंदू कैलेंडर के अनुसार आश्विन मास की पूर्णिमा को आता है। यह दिन रामायण के महान रचयिता महर्षि बाल्मीकि जी को समर्पित है और इस अवसर पर बाल्मीकि समाज भंडारे, कार्यक्रम और शोभा यात्राएँ निकाल कर महाऋषि जन्मोत्सव मनाते है।

# पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज वादों में पीड़िताओं को उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एंव बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत पूर्ण मानक एवं पारदर्शिता के साथ लाभ पहुंचाना करें सुनिश्चित-जिलाधिकारी जसजीत कौर




उत्तम भारत संवाददाता

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने 9 अक्टूबर 2025 को अपराह्न 03ः30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजनान्तर्गत जिला स्टेयरिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज वादों में पीड़िताओं को उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एंव बाल सम्मान कोष योजना के अंतर्गत पूर्ण मानक एवं पारदर्शिता के साथ लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि दहेज मृत्यु की दशा में क्षतिपूर्ति के रूप में पीड़िता के बच्चों को दी जाने वाली धनराशि उसके बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए उपयोग किए जाने के दृष्टिगत बच्चों का बैंक खाता खुलवाएं और उस खाते में ही धनराशि जमा कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि बच्चों के व्यस्क होने पर उनके द्वारा धनराशि का सदुउपयोग किया जा सके। जिलाधिकारी श्री कौर ने बताया कि शासन द्वारा यौन अपराध पीड़ित महिलाओं को उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना के तहत प्रदत्त सुविधाओं के अंतर्गत आर्थिक क्षतिपूर्ति का प्रावधान रखा गया है। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिए कि उक्त योजना के अन्तर्गत पूर्ण जांच के बाद पात्रता के आधार पर पीड़िताओं को निर्धारित नियमों के अनुरूप यथाशीघ्र लाभ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉटर कौशलेंद्र सिंह, सीएमएस महिला अस्पताल डॉ0 प्रभा रानी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# मिशन शक्ति के5.0 अंतर्गत जीजीआईसी की छात्राओं ने किया कोतवाली का भ्रमण




उत्तम भारत संवाददाता

**शाहबाद।** मिशन शक्ति के तहत थाना भ्रमण कार्यक्रम के तहत गुरुवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहाबाद की सैकड़ों छात्राओं ने कोतवाली का भ्रमण किया। यहां छात्राओं ने कोतवाली के कामकाज और एफआईआर कैसे दर्ज कराई जाती हैं की जानकारी ली। थाने में महिला हेल्प डेस्क और साइबर हेल्प डेस्क कैसे काम करती है आदि के बारे में जाना। छात्राओं के सवालों के जवाब महिला उपनिरीक्षक ने दिए। थाना प्रभारी ने पुलिस की कार्यप्रणाली के बारे में बताते हुए कहा कि पुलिस महिला विरुद्ध अपराध की सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाई करती है। आप सभी को असामाजिक गतिविधियों को अनदेखा नहीं करना है। आजकल साइबर धोखाधड़ी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। युवाओं को नौकरी या पैसा कमाने का झांसा देकर ठगा जा रहा है। ऐसी कॉल या फिर लिंक को अनदेखा कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को साइबर ठगी के मामले में खुद के साथ समाज में जागरूकता लानी चाहिए। वहीं थाना प्रभारी ने छात्राओं को आपातकालीन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 का उपयोग कब और कैसे किया जाता है और सिपाही, दरोगा व इंस्पेक्टर का क्या काम होता है के बारे में बताया।

# एक दिन के लिए हिमांशी बनी एसडीएम तो दीपांशी बनी तहसीलदार



उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से गोचर कृषि इंटर कॉलेज की बारहवीं कक्षा की दो छात्राएं हिमांशी को एक दिन का उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और दीपांशी को एक दिन का तहसीलदार बनने का अवसर मिला। दोनों छात्राओं ने अपने पदभार ग्रहण कर प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर कामकाज समझा और जनसमस्याएं सुनीं और उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अभियान से उन्हें प्रशासनिक सेवा में जाने की प्रेरणा मिली है। इस अभियान से युवा पीढ़ी के मनोबल को बढ़ावा मिल रहा है।इस अनुभव ने दोनों छात्राओं को प्रेरित किया कि वह भविष्य में प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती हैं।इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को प्रशासनिक जिम्मेदारियों से अवगत कराना और उन्हें भविष्य के लिए एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रोत्साहित करना है। मिशन शक्ति अभियान 05 इस तरह के कार्यक्रम विशेष रूप से बालिकाओं के मनोबल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं।

# त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का वृहद् पुनरीक्षण कराए जाने हेतु समय सारणी जारी



उत्तम भारत संवाददाता

**रामपुर।** राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना द्वारा जारी की गई त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का वृहद् पुनरीक्षण कराए जाने हेतु समय सारणी की घोषणा कर दी गई है। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डा0 नितिन मदान ने बताया कि 18 जुलाई, 2025 से 18 अगस्त 2025 तक किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में समाहित होने के स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिन्ट करने की कार्यवाही बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटन उन्हें तत्सम्बन्धी जानकारी देना, प्रशिक्षण तथा स्टेशनरी आदि का वितरण दोनों कार्यवाही पृथक-पृथक् तथा समानान्तर चलेगी। उन्होंने बताया कि 19 अगस्त, 2025 से 29 सितम्बर, 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना, सर्वेक्षण और हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार करने की अवधि (01.01.2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किये जायेगें)। ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि 19 अगस्त 2025 से 22 सितम्बर 2025 तक, ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर-घर जाकर जाँच करने की अवधि 23 सितम्बर 2025 से 29 सितम्बर 2025 तक, निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पाण्डुलिपि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अवधि 30 सितम्बर 2025 से 13 अक्टूबर 2025 तक, ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार करना (निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटीकरण की कार्यवाही) 14 अक्टूबर 2025 से 24 नवम्बर 2025 तक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटोकॉपी कराना आदि 25 नवम्बर 2025 से 04 दिसम्बर 2025 तक, अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख्य का प्रकाशन 05 दिसम्बर 2025, आलेख्य के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण 06 दिसम्बर, 2025 से 12 दिसम्बर, 2025 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करना।

# कांग्रेस का वोट चोरी के विरुद्ध हस्ताक्षर व सदस्यता अभियान की शुरु

उत्तम भारत संवाददाता

**सहारनपुर।** आज बाजार खलासी लाइन में कांग्रेस का वोट चोरी के विरुद्ध हस्ताक्षर व कांग्रेस सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई । इसका उद्घाटन महानगर कांग्रेस की कोऑर्डिनेटर श्रीमती सपना सोम, पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, पूर्व जिला अध्यक्ष मुजफ्फर अली गुर्जर, पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, सेवालाल अध्यक्ष इमरान कुरेशी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । इस अभियान की शुरुआत लोकतंत्र की रक्षा व सदस्यता अभियान के अंतर्गत कांग्रेस को मजबूत करना है । उद्घाटन के समय श्रीमती सपना सोम व पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने संबोधित किया और कहां की ऐसे समय जब भारत में बेरोजगारी चरम पर है, आपसी प्यार मोहब्बत पर आज हमें कांग्रेस को मजबूत करना पड़ेगा और अपने नेता राहुल गांधी की विचारधारा जिसमें आपसी भाईचारा व प्यार मोहब्बत को आगे बढ़ना पड़ेगा । कैंप में क्षेत्र की जनता ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया । इस मौके जिला उपाध्यक्ष अमरदीप जैन, जिला उपाध्यक्ष (संगठन प्रभारी) हरिओम मिश्रा, पीसीसी धर्मपाल जोशी, पीसीसी धर्मवीर जैन, वार्ड अध्यक्ष व पूर्व सभासद इंद्रपाल सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रभारी श्याम बिहारी शर्मा, मयंक शर्मा, अमित राठौर, वक्की कुमार, जमाल अहमद, युसूफ अंसारी आदि सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## प्रत्येक विकास खण्ड में महिला स्वास्थ्य, साइबर क्राइम, लैगिंक दुर्व्यवहार एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरुकत

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जिला युवा कल्याण अधिकारी भगवान दास ने बताया कि मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत कस्तूरबा गांधी




आवासीय विद्यालय बिलारी, विकास खण्ड परिसर भगतपुर, विकास खण्ड परिसर ठाकुरद्वारा एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय विकास खण्ड मुरादाबाद में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गये। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विकास खण्ड में महिला स्वास्थ्य, साइबर क्राइम, लैगिंक दुर्व्यवहार एवं सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरुकता, महिला हेल्पलाइन 1090 एवं सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं जैसे- कन्या सुमंगला योजना, मातृत्व लाभ योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, बाल विकास पुष्टाहार योजना, टीकाकरण आदि का प्रचार-प्रसार किया गया।

# दिनदहाड़े अवैध खनन और मारपीट का मामला, क्षेत्र में खनन माफिया का आतंक

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के सूरजननगर में खनन माफिया ने बृहस्पतिवार दिनदहाड़े अवैध खनन करते हुए एक कार सवार नागरिक को जबरन उतारकर उसकी जमकर पिटाई की और उसकी कार तोड़ डाली। यह पूर घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। जनपद बिजनौर के थाा अफजलगढ़ के गांव रामनगर निवासी जोंगेंद्र उर्फ जौनी बीते दिन कार से सुरजननगर की दिशा में जा रहा था। तभी सुरजननगर में अवैध खनन करने वालों ने कार को रोककर गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जिसमें मुख्य आरोपी के तौर पर मारपीट करने वाला रामपुर घोघर निवासी को देखा जा सकता है। यह घटना तब की है जबकि मुरादाबाद के जिला अधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी,



कोतवाली प्रभारी और चौकी प्रभारी को अवैध खनन रोकने के विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कोतवाली ठाकुरद्वारा अंतर्गत सुरजननगर चौकी से महज कुछ कदम की दूरी पर फीका नदी से बालू का अवैध खनन जोरों पर चल रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह खनन माफिया ने एक कार सवार नागरिक को उसकी गाड़ी से जबरदस्ती उतारा और उसे पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान अन्य आरोपियों ने उस व्यक्ति की कार की काफी तोड़-फोड़ भी की। घटना के मुख्य आरोपी और उसके साथियों पर नागरिक को जानलेवा हमला करने और उसकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप है,स्थानीय लोगों का आरोप है कि अवैध खनन करने वालों के पास मिट्टी उठाने की कोई वैध अनुमति नहीं है, लेकिन स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से यह धंधा बिना रुके चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन की ओर से कभी-कभार मशीनरी जब्त कर ली जाती है, लेकिन अवैध खनन का काम बदस्तूर जारी रहता है।

वायरल वीडियो के बाद अब स्थानीय प्रशासन और पुलिस की ओर से किस तरह की कार्रवाई की जाती है, यह देखना अहम होगा। सवाल यह है कि क्या जिला अधिकारी के निर्देशों के बावजूद चौकी क्षेत्र में इतना बड़ा अवैध खनन बिना किसी सहभागिता के संभव है? पीड़ित नागरिक ने अभी तक थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है, लेकिन वायरल वीडियो के आधार पर स्वतरू संज्ञान लेते हुए पुलिस को मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

## मान्यवर कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस समाजवादी पार्टी के ओर से जिला पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** मान्यवर कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के ओर से जिला पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव मान्यवर कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये कहा कि पीडीए के लोग आर्थिक आधार पर आरक्षण कभी स्वीकार नहीं करेंगे। जब देश में अपमान छुआछूत जाति के आधार पर तो आरक्षण आर्थिक आधार पर क्यों। उन्होंने पीडीए के लोगों से भाजपा के खिलाफ एक होने की अपील की। उन्होंने ने कहा कि कांशीराम




ने बहुजनों के शोषण और अत्याचार के खिलाफ डी एस-4 की स्थापना की, जिसका उद्देश्य दलित पिछड़े वंचित वर्ग को सामाजिक न्याय और राजनीतिक हिस्सेदारी दिलाना था। आज उसी राह पर सपा चल रही है। जिला महासचिव फुरकान अली ने दलितों और पिछड़ों के उत्थान के लिए कांशीराम की ओर से किए गए संघर्षो के बारे में बताया। इस दौरान जिलाध्यक्ष जयवीर यादव, महासचिव फुरकान अली, लाखन सिंह सैनी,वेद प्रकाश सैनी,आसकार पाशा, वसीम कुरैशी, विजयवीर सिंह यादव,संजीव चौधरी, मो तकी,आदित्य चौधरी,लुकमान खान,सुनीता सिंह, राजेश्वरी यादव, नागभारती,योगेंद्र यादव, प्रेमबाबू बाल्मीकि, तहजीब आलम,नन्हें सिंह,अमरजीत सिंह,जिगरी मलिक, मनीष जाटव, जयकुमार प्रजापति, तुषार रस्तोगी,दीव्यांशु सागर, प्रवीन सैनी, जुनैद अशरफी, तालिब अंसारी, एम. पी. सिंह,सतेंद्र सिंह,जोगेंद्र सिंह, हिमांशु सैनी, कायमुद्दीन सैफी, राजीव यादव,मुकेश यादव, जाकिर अली, मो इल्यास,मनोज चौधरी, करीम खान, मो महमूद, नईम अंसारी,वसीम अंसारी, ऋषिपाल सिंह आदि प्रमुख थे।

## आतिशबाजी की बिक्री के लिए अस्थायी दुकानों की नीलामी 14 अक्टूबर को

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** प्रभारी अधिकारी आयुध विनय पांडेय ने बताया कि महानगर मुरादाबाद में दीपावली के पर्व पर आतिशबाजी की बिक्री हेतु अस्थाई दुकानें कुल 06 स्थलों (पारकर इंटर कालेज का मैदान, राजकीय पॉलिटेक्निक कम्पाउण्ड कांठ रोड, मण्डी समिति आरएफसी गोदाम के सामने रिक्त मैदान, बुद्धि विहार में सर्किट हाउस के पीछे रिक्त मैदान उत्तरी, सर्किट हाउस के पीछे रिक्त मैदान दक्षिणी एवं ट्रांसपोर्ट नगर ग्राउंड निकट आरटीओ आफिस) पर दिनांक 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2025 तक के लिए प्रतिदिन अस्थायी रुप से लगाये जाने हेतु ठेके की नीलामी की कार्यवाही कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मीटिंग हॉल में दिनांक 14 अक्टूबर को अपरान्ह 1:30 बजे की जाएगी। नीलामी की शर्ते किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समयावधि में कलेक्ट्रेट स्थित आयुध कार्यालय में देखी जा सकती है।

## महर्षि बाल्मीकि जयंती पर निकाली शोभायात्रा

**उत्तम भारत संवाददाता/अगवानपुर।** नगर के मौहल्ला सराय फारूक निवासी बाल्मिकी समाज ने महर्षि जयंती पर निकाली झांकियां जो कि मौहल्ला सैफियान से टैम्पो स्टेंड से विभिन्न मांगों से होता हुआ वापस मोहल्ला सराय फारूक



बाल्मिकी समाज में ही आकर समाप्त हुआ इतना ही नहीं बाल्मिकी समाज ने रातभर कीर्तन किया। जिसमें चौकी इंचार्ज सुनिल कुमार राठी व चौधरी अरविंद गुरू जी व कमेटी अध्यक्ष जय कुमार बाल्मिकी व हिरदेश कुमार, कपिल कुमार, अंकित कुमार व दीपक कुमार व अनिल कुमार दीपक कुमार व सुनिल कुमार ,अंशुल गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## दो गुटों में मारपीट, महिला सहित चार घायल

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव राजूपुर कला में पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। शुरूआत में गाली-गलौज हुई, लेकिन देखते ही देखते दोनों पक्षों ने पत्थरबाजी और लाठी-डंडे से एक-दूसरे पर हमला करना शुरू कर दिया। इस दौरान महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों में सतीश कुमार (पुत्र राम सरन), हरि राज (पुत्र सतीश), नीमा देवी और लक्ष्मी देवी शामिल हैं। सभी को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बताया गया कि राम सरन और अर्जुन सिंह के बीच लंबे समय से पुरानी रंजिश चल रही थी, जो रास्ते पर आमने-सामने आने के बाद भड़क गई। घटना के बाद दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज में करवा चौथ की पूर्व संध्या पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** दयानंद आर्य कन्या डिग्री कॉलेज के शैक्षिक समिति के तत्वावधान में करवा चौथ की पूर्व संध्या पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सीमा रानी द्वारा पुष्प अर्पित करके किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य जी ने करवा चौथ व्रत की प्राचीनता पर प्रकाश डालते हुए इसकी महत्ता पर विस्तृत व्याख्यान दिया। तत्पश्चात मेहंदी प्रतियोगिता का



आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में प्रोफेसर सुजाता कुमारी और कु विदुषी यादव एवं डां कंचन सिंह रहीं। सर्वप्रथम प्रतियोगिता के नियमों से बच्चों को परिचित कराया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर के भाग लिया। जिसमें क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर व रही। इसके साथ ही सभी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं के भीतर छिपी हुई प्रतिभाग को उजागर करना तथा स्वरोजगार की भावना को जागृत करना हैं। कार्यक्रम में शैक्षिक समिति की समस्त सदस्य प्रो. कंचन सिंह, प्रो.सन्तोष सिंह, श्रीमती अनिता फरसवान, डां अंजलि उपाध्याय,डां निषा यादव,डां नेमिका, श्रीमती स्नेहा कुमारी ,का सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम मे महाविद्यालय की सभी प्रवक्ताएं उपस्थिति रहीं।

## मूंढापांण्डे गोकशी के आरोपी के पैर में लगी पुलिस की गोली पुलिस ने मुठभेड़ होने की दी जानकारी

**उत्तम भारत संवाददाता/मूंढापांडे।** जनपद मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव सक्टूनंला की ईदगाह पर थाने की पुलिस ने गोकशी के आरोपियों से मुठभेड़ होने का दावा किया है। जिसमें एक आरोपी मुस्तकीम निवासी सिरसखेड़ा के पैर में गोली लगी और घायल अवस्था में वह गिरफ्तार हो गया जबकि दो अन्य साथी पुलिस को चकमा देकर भागने में कामयाब हो गए। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि बुधवार की शाम करीब 7. 00 बजे मुंडा पांडे थाना प्रभारी मोहित चौधरी अपनीं टीम के साथ तलाशी अभियान चला रहे थे तभी इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि, सक्टूनंला में तीन लोग पशु लेकर जाते दिखाई दिए हैं पुलिस टीम ने उन्हें पकड़ने के लिए घेराबंदी शुरू कर दी आरोपियों ने पुलिस टीम को देखकर गोलियां चला दीं। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। और आरोपी के पैर में गोली मारदी जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गया। पुलिस ने आरोपी को पकड़ कर जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां से उसको जेल भेज दिया जाएगा। एसपी सिटी ने बताया के आरोपी पर पहले से ही गोकशी के कई केस चल रहे हैं।आरोपी ने फरार होने वाले आरोपियों में से एक का नाम सहीम निवासी सक्टूनंगला बताया जिसको पकड़ने के लिएं पुलिस टीमें लगा दी गई हैं।और जल्दी ही फरार दोनों आरोपियों को भी जेल भेजा जाएगा।

## भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस पर गाजे बाजे के साथ नगर में निकाली विशाल शोभायात्रा

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** वाल्मीकि प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में वाल्मीकि समाज ने विभिन्न झांकियो के साथ भव्य शोभायात्रा गाजे बाजें के साथ नगर के मुख्य मार्गो से भारी पुलिस सुरक्षा के बीच धूमधाम से निकाली गई।

गुरुवार को नगर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस सुबह 4.00 बजे नगर के मुख्य मार्गो से भगवान वाल्मीकि की पालकी शोभा यात्रा की प्रभात फेरी हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। इसके बाद दोहपर करीब 4.00 बजे वाल्मीकि प्रकट दिवस के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का वाल्मीकि समाज के लोगों ने वाल्मीकि धर्मशाला वार्ड 1,2 में भगवान वाल्मीकि की पूजा अर्चना की। इसके बाद शोभायात्रा का भाजपा नेता अजय प्रताप सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। शोभायात्रा में महर्षि वाल्मीकि, लव कुश माता सीता के साथ, अघोरी और भगवान शिव पार्वती के नृत्य की झांकी, राधा कृष्ण, भगत सिंह, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, महात्मा



रावण सहित अन्य झांकियां आकर्षक का केन्द्र बना थीं। शोभायात्रा नगर की वाल्मीकि धर्मशाला से शुरू होकर अम्बेडकर पार्क से होते हुए छिराहा, बड़ाबाजार, कोतवाली, तहसील बस स्टैड, बुध बाजार, शगुन तिराहा मुख्य बाजार, बाजार गंज होते हुए अपने निर्धारित स्थान पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा में गाजे बाजे के साथ निकाली गई। यात्रा का नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वही व्यापार मंडल सचिव ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया साथ ही वाल्मीकि चित्र भेंट किया। इस दौरान यात्रा में भाजपा नेता गौरव चौहान, प्रकट दिवस कमेटी अध्यक्ष राजेश मसीह, अशोक कुमार ,इंद्र कुमार, राकेश हमराही, राजकुमारओमकार भारती, अक्षय वाल्मीकि, आकाश वाल्मीकि, शिवा रत्नाकर, वीर सुभाष चौधरी ,वीर, रत्नाकर ,सागर ,चौधरी डाल चन्द्र , देव सिंह, राजू भारती दीपक, मुकेश विकट, रिन्कू पहलवान, अशोल सम्राट, राकेश चौहान, आशु वाल्मीकि, नागेन्द्र शिव कुमार, राजकुमार आदिवासी मुकेश चौधरी, ओमकार भारती, आदित्य चौधरी,देवेन्द्र नागपाल, अकेश गुड्डू अमन, आदि मौजूद रहे।

## ग्रैंड फार्म भीकनपुर में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत विशाल सम्मेलन का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** गुरुवार को नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आज ग्रैंड फार्म, भीकनपुर विधानसभा कांठ में एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयोजक एवं पूर्व विधायक राजेश कुमार उर्फ चुन्नू ने की। कार्यक्रम में हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशीह्व के उद्घोष के साथ भारतीय जनता पार्टी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया। मुख्य अतिथि डॉ. शेफाली सिंह (जिला पंचायत अध्यक्ष, मुरादाबाद) ने अपने संबोधन में कहा कि देश की आर्थिक प्रगति के लिए हमें स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना और खरीदना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने से न केवल देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि स्थानीय कारीगरों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। मुख्य वक्ता सीए आशीष शर्मा ने कहा कि




ह्लभारत की उन्नति तभी संभव है जब हम विदेशी वस्तुओं के स्थान पर स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल ने सभी नागरिकों से खादी और अन्य स्वदेशी वस्त्रों एवं उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह करते हुए कहा कि हर भारतीय को देश की उन्नति में अपना संपूर्ण योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर विक्रांत सिंह, हुकम सिंह, सौरव अग्रवाल, राजकुमार ठाकुर, मुकेश माहेश्वरी, प्रमोद कुमार, कैलाश आदि उपस्थित रहे।

## बसपा कार्यकताओं ने कांशीराम महापरिनिर्वाण दिवस पर चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगर में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकताओं ने काशीपुर रोड स्थित अंबेडकर पार्क में एकत्र होकर बहुजन समाज चार्ज, बामसेफ व डी.एस.-4 के संस्थापक तथा बहुजन आंदोलन के महानायक कांशीराम जी के 19वें महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

नगर के बसपा कार्यकताओं ने डॉ. रामपाल सिंह गौतम के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान कांशीराम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम जी ने अपने संघर्षों से वंचित, शोषित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज को एकजुट कर राजनीतिक शक्ति में



परिवर्तित किया। उन्होंने कहा कि कांशीराम जी की विचारधारा और आंदोलन के बल पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन मायावती जी चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनीं वक्ताओं ने कहा कि उनका नारा कृ हम सोई कौम जगाई कृ आज भी बहुजन समाज को नई चेतना और दिशा प्रदान करता है। कार्यक्रम में डॉ. रामपाल सिंह गौतम, अचल कुमार, राकेश सागर, रोहित सागर, ईश्वर सागर, अजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, गौतम सिंह, गिरवर सिंह, डॉ. विश्वंभर सिंह, ओमप्रकाश, धारा सिंह सहित अनेक बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समाचार

## आज से 25 अक्टूबर 2025 के मध्य खाद्यान्न का वितरण

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जिला पूर्ति अधिकारी अजय प्रताप सिंह ने बताया कि खाद्यान्न का वितरण दिनांक 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर 2025 के मध्य कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेंहू एवं 21 किलोग्राम फोर्टिफाइट चावल (कुल 35 किलोग्राम) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को प्रति यूनिट 02 किलोग्राम गेंहू एवं 03 किलोग्राम फोर्टिफाइड चावल (कुल 05 किलोग्राम प्रति यूनिट) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा, जिसमें पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकते हैं। योजना के अन्तर्गत गेंहू व चावल के निःशुल्क वितरण की अन्तिम तिथि 25 अक्टूबर 2025 है, आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न करने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से किया जायेगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत उचित दर विक्रेताओं द्वारा ई-पॉस मशीन के माध्यम से लाभार्थियों को आधार प्रमाणीकरण उपरान्त वितरण पर्ची उपलब्ध कराते हुए आवश्यक वस्तुओं के निःशुल्क वितरण का कार्य 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक किया जायेगा। जिलाधिकारी द्वारा न्याय पंचायत स्तर पर नामित नोडल अधिकारी द्वारा भ्रमणशील रहते हुए एवं प्रत्येक उचित दर दुकान स्तर पर नामित पर्यवेक्षणीय अधिकारीध्कर्मचारी द्वारा अपनी उपस्थिति में निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण कराया जायेगा।

## पेंशनर जीवन प्रमाण पत्र बायोमेट्रिक इम्प्रेशन के माध्यम से करें सबमिट

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध ने कोषागार मुरादाबाद से पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को सूचित किया है कि माह नवम्बर एवं दिसम्बर में अपना जीवित प्रमाण पत्र कोषागार मुरादाबाद में जमा करना है। ऐसे समस्त पेंशनर्स अपना जीवित प्रमाण पत्र ऑनलाइन बेवसाइट पर लॉगिन करके अथवा अपने एंड्रायड मोबाइल नम्बर प्ले स्टोर में श्रममअंद चतंउंद और आधार थ्ंबम त्व ।चच को इंस्टाल करके तथा उसमें अपना आधार नम्बर मोबाइल नं., ई-मेल आईडी को सबमिट कर ओटीपी के माध्यम से अपनी पेंशन सम्बन्धी समस्त जानकारी को फीड कर अपना जीवित प्रमाण पत्र ऑनलाइन सबमिट कर सकते है। इसके अतिरिक्त पेंशनर्स अपने नजदीकी पोस्ट आफिस/जनसेवा केन्द्र में अपने आधार की डिटेल देकर तथा बायोमैट्रिक इम्प्रेशन के माध्यम से भी अपना जीवन प्रमाण पत्र सबमिट कर सकते है। इस प्रकार से पेंशनर्स को कोषागार में व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होने की कोई आवश्यकता नहीं होगी तथा इस अवधि में कोषागार में अत्यधिक भीड होने के कारण होने वाली समस्याओं से भी बचा जा सकेगा।

## करवा चौथ को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़, महिलाओं ने की जमकर खरीदारी

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** करवा चौथ पर्व को लेकर भोजपुर थाना क्षेत्र नगर व आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। महिलाओं ने गुरुवार को दिनभर बाजारों में जाकर सौंदर्य प्रसाधन, ज्वेलरी, कपड़े, चूड़ियां, बिछुए, बिंदी, कंगन और मिठाइयों की जमकर खरीदारी की। बाजारों में दिनभर रौनक बनी रही। करवा चौथ पूजन से संबंधित करवा, पूजा थाल, कैलेंडर और साज-सज्जा की सामग्री की दुकानों पर भी खरीदारों की भीड़ देखी गई। दुकानदारों के चेहरे पर बिक्री बढ़ने से खुशी झलक रही थी। महिलाओं ने बताया कि वे करवा चौथ का व्रत अपने पति की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए रखती हैं। भोजपुर के बस स्टैंड से लेकर सब्जी मंडी तक के बाजार में में देर शाम तक खरीदारी का सिलसिला जारी रहा, जिससे बाजारों में त्योहार जैसा माहौल देखने को मिला।

## श्रीराम कथा में श्रद्धालु भावविभोर, जय श्रीराम के जयघोष से गूंजा गांव

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम गोपीवाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीराम की कथा सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के चौथे दिन पंडित नरेश चन्द्र शास्त्री ने भगवान श्रीराम के जीवन की पुण्य गाथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कथा स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। कथावाचक ने मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म, अयोध्या नरेश दशरथ की संतान प्राप्ति हेतु किए गए यज्ञ, राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के जन्म सहित कई प्रसंगों का वर्णन किया। श्रद्धालुओं ने सीता स्वयंवर, राम वनवास, सीता हरण और लंका दहन जैसे प्रसंगों का रसास्वादन किया। पंडित शास्त्री ने श्रीराम के आदर्श जीवन, त्याग, मयार्दा और धर्म के पालन की प्रेरणादायक शिक्षाएँ भी दीं। श्रद्धालु कथा श्रवण के दौरान कई बार भावुक हो उठे। संगीतमय प्रस्तुति और श्लोकों की मधुर ध्वनि ने पूरे स्थान को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया।कार्यक्रम में अनिल शर्मा, अनुज चौहान, शोभित शर्मा, हरकेश सिंह, धर्मेंद्र चौहान, दीपु शर्मा, शशि देवी, निशा देवी, आशा रानी, मनोज वाला, ममता देवी, बबीता रानी, प्रेमलता, पुष्पा देवी, मीनू देवी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** पोते की दवाई लेकर लौट रहे दंपति की बाइक सड़क पर असंतुलित होकर गिर गई, जिसमें पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हैं। थाना डिलारी क्षेत्र के गांव अदलपुर सलारपुर,निवासी नन्हे सिंह अपनी पत्नी जयमाला को साथ लेकर अपने 4 वर्षीय पोते की दवाई दिलाने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे ठाकुरद्वाराद्दडिलारी मार्ग पर अब्दुल्लापुर लेदा के पास पहुँचे, बाइक अचानक असंतुलित हो गई और सड़क पर गिर गई। इस दुर्घटना में पीछे बैठी जयमाला सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मदद की और घटना की सूचना पीआरबी पुलिस को दी। पुलिस ने पहुँच कर महिला को गंभीर स्थिति में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।घायल महिला का इलाज जारी है और डॉक्टरों का कहना है कि उसकी हालत में सुदार है। दुर्घटना के कारण वाहन को मामूली नुकसान पहुंचा है।

